# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण रिश्ते को रक्षा, उर्जा, व्यापार, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर सेमीकंडक्टर जैसे अहम सेक्टरों में मजबूती से विस्तार देने की घोषणा की


• बोकारो, सोमवार 9 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 263 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित







# देवघर में खुलेगा हवाई जहाज का मेंटेनेंस और वीजा सेंटर

## युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग और मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** सी-डैक एवं एसटीपीआई देवघर द्वारा रविवार को हुल उन्नयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के अध्यक्ष डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कई घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देवघर में हवाई जहाज की संख्या काफी बढ़ेगी। यहां लोग आने के लिए हेलीकॉप्टर का प्रयोग करेंगे। इन हवाई जहाज व हेलीकॉप्टर के मेंटेनेंस की सुविधा के साथ ही प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ इसी वर्ष के अंत तक देवघर में शुरु होगा। युवा यहां इनके रखरखाव की तकनीक का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे। यहां ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं पायलट प्रशिक्षण की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही देवघर में वीजा सेंटर भी शुरु होगा। आज लोगों को वीजा के लिए दूसरे देश में जाने के लिए मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जाना पड़ता है। यह सुविधा देवघर में ही इसी वर्ष शुरु हो जाएगी। यहां इस केन्द्र को जल्द ही शुरु किया जाएगा। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड के 1.35 लाख बच्चों को सी-डैक के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। वे यहां से प्रमाण पत्र हासिल कर कहीं भी काम करने के लिए सक्षम हो जाएंगे। वहीं, ये छात्र मास्टर ट्रेनर के तौर पर काम करने लगेंगे। इस इलाके में साइबर क्राइम बड़ी समस्या है। ये युवा साइबर जागरूकता को लेकर अहम कड़ी साबित होंगे। इससे साइबर अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। अभी देश में सी-डैक के 12 सेंटर है। प्रयास किया जाएगा कि देवघर में जल्द ही सी-डैक का 13 वां सेंटर चालू किया जाए। वहीं, सी-डैक आदिवासी बच्चों में सिकल सेल एनिमिया के इलाज व इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने में अहम भूमिका अदा करेगी। इस दिशा में डी-डैक देवघर एम्स के साथ मिलकर काम कर रही है। तकनीक का प्रयोग कर इस बीमारी के कारण, लोगों के भोजन, जीवन शैली में बदलाव लाकर इस बीमारी को जड़ मसे समाप्त करने की दिशा में काम करेगी। सी-डैक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका अदा कर रहा है। नए-नए तकनीक को काफी कम खर्च में बनाने की दिशा में संस्थान काम कर रही है। अंतरिक्ष यान के प्रशिक्षण में भी सी-डैक व सी- डाट की भी भूमिका रहती है।




## बेकाबू ट्रक ने सांसद के चचेरे भाई को कुचला, मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिला प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद चतरा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बेकाबू रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों की चपेट में आने से रोज लोगों की मौत हो रही हैं। इसी क्रम में रविवार को फिर एक सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चतरा के धमनियां मोड़ के पास रविवार को तेज रफ्तार गैस लदा वाहन की चपेट में आने से प्रह्लाद सिंह नामक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृत बुजुर्ग सदर थाना क्षेत्र के आरा गांव निवासी थे और चतरा सांसद कालीचरण सिंह के चचेरे भाई थे। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद कालीचरण सिंह और स्थानीय पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुजुर्ग पैदल सड़क किनारे चल रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर सदर थाना ले आई है। मामले में पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाते हैं लोस अध्यक्ष : सुबोधकांत सहाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने लोकसभा के मौजूदा बजट सत्र के दौरान हंगामे के लिए स्पीकर ओम बिरला को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष किसी पार्टी विशेष का नहीं होता, वह पूरे सदन का होता है और निष्पक्ष होता है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि मौजूदा लोकसभा अध्यक्ष डे वन से ही पार्टी बन जाते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं बोलने का स्पीकर को तकलीफ होता है जबकि उनको किसी ने लोकसभा में बोलने से नहीं रोका था। वह खुद लोकसभा से उठकर चले गए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष और सभी विपक्षी दलों के नेताओं को सदन में बोलने से रोका जाता है, यह लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य है कि ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष के कार्यकाल में 150 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर इतिहास भी बनाया गया है। स्थिति यह है कि आज के दिन में विपक्ष



जनहित का कोई मुद्दा सदन में नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संसद पक्षपातपूर्ण तरीके से चल रहा है, इसलिए वहां से गलत और जनविरोधी कानून पास हो रहे हैं। बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बोफोर्स पर कसे तंज का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि इनसे पहले के कई प्रधानमंत्रियों ने भी बोफोर्स का मुद्दा उठाया था लेकिन एक उंगली भी वे लोग राजीव गांधी के ऊपर नहीं उठा पाए। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि इनके पास कुछ कहने को नहीं बचा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के एक भाजपा सांसद को राजनीति का कोढ़ बताया।

### संक्षिप्त समाचार

## मेडिकल छात्र ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर (नबिटा ब्यूरो)।** सरायकेला जिले के कांड्रा थाना अंतर्गत लहाकोठी गांव में शनिवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। 27 वर्षीय मेडिकल छात्र ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान डॉ. गंगाधर महतो के इकलौते पुत्र प्रकाश महतो के रूप में हुई है। घटना से पूरे गांव और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की निर्मम हत्या

**साहिबगंज (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के जोंका गांव में शनिवार देर संध्या 62 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक निर्भय कुमार राय उर्फ बावुल राय की धारदार हथियार से अज्ञात अपराधियों ने निर्मम हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की लेकिन अब तक हत्या की गुत्थी सुलझ नहीं सकी है।

## खेत में पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जोड़ा पीपल के पास रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक खेत में पेड़ से दुपट्टे के सहारे एक विवाहित महिला का शव लटका हुआ मिला।

# पलामू में 200 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** नवंबर 2025 से फरवरी 2026 के पहले सप्ताह तक पलामू के इलाके में 200 एकड़ से भी अधिक जमीन पर लगाई गई अफीम की फसल नष्ट की गई है। अफीम की खेती के मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। पलामू में अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2024-25 में पलामू में 674 एकड़ से भी अधिक में लगाई गई अफीम की फसल नष्ट की गई थी। 2025 के अंतिम महीनों में पलामू पुलिस ने कई इलाकों का सर्वे किया था और यह पता किया था कि जिस जमीन पर अफीम की फसल नष्ट की गई थी, उस जमीन पर कहीं फिर से तो अफीम की खेती नहीं हो रही है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पिछले वर्ष 650 एकड़ के करीब अफीम की खेती नष्ट की गई थी। पुलिस ने अभियान चलाकर अफीम की खेती वाली जमीन का सत्यापन किया था। हालांकि इस वर्ष भी कई इलाकों में अफीम की खेती हुई है और पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। लगातार अफीम की खेती नष्ट की जा रही है। अब तक 160 एकड़ से भी अधिक जमीन में लगाई गई अफीम की खेती नष्ट की गई है। पुलिस और वन विभाग की टीम मामले में एफआईआर दर्ज कर रही है और आगे की जांच भी कर रही है। पुलिस अफीम की खेती वाली जमीन का जीआर स्थानीय अंचल के साथ शेयर कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि किसकी जमीन पर अफीम की खेती हुई है।

# अपहरण के बाद रिकवरी एजेंट की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** लोन रिकवरी एजेंट अमित कुमार अग्रवाल की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार को सदर थाना क्षेत्र के सूर्य हाइलैंड सोसाइटी स्थित विकास खंडेलवाल के आवास से अमित कुमार अग्रवाल का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इससे पहले परिजनों ने पहले ही अमित कुमार अग्रवाल के लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि अमित कुमार के मोबाइल फोन पर 15 लाख रुपये की फिरौती की मांग की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर जांच तेज की। वहीं डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के अनुसार मोबाइल लोकेशन के आधार पर विकास खंडेलवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर अमित अग्रवाल का शव बरामद किया गया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी और मृतक के बीच करीब एक करोड़ रुपये के लोन सेटलमेंट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करने के साथ ही मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# रामगढ़ में 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के सिद्धू कानू मैदान में रविवार को 101 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 'सांसद महोत्सव-26' के तहत किया गया था। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और गायक सांसद मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सामूहिक विवाह को लेकर सुबह से ही सिद्धू कानू मैदान में उत्सव का माहौल बना रहा। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और हजारों की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। समारोह के लिए मैदान में 101 अलग-अलग मंडप बनाए गए थे। विवाह की शुरुआत में सभी 101 दूल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद सभी जोड़े अपने-अपने मंडपों में बैठ गए, जहां पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। एक साथ 101 शादियों की रस्में चलते देख माहौल बेहद भावुक और भव्य नजर आया। परिजनों के साथ-साथ मौजूद लोगों ने तालियों और जयघोष के साथ नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में व्यवस्थाओं के साथ-साथ खाने का भी व्यापक इंतजाम किया गया था। लगभग 20 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। विवाह संपन्न होने के बाद प्रत्येक दूल्हे को उपहार स्वरूप एक ई-रिक्शा, फ्रिज, टीवी और अन्य घरेलू उपयोग का सामान दिया गया। आयोजकों का कहना था कि सामूहिक विवाह का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देना और सामाजिक जिम्मेदारी निभाना है। उपहार पाकर नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। समारोह से पहले 101 दूल्हों के लिए 101 वाहन रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड से बारात लेकर निकले। सांसद मनीष जायसवाल की अगुवाई में बारात सिद्धू कानू मैदान पहुंची। राज्यपाल संतोष गंगवार के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं सांसद मनोज तिवारी ने करीब दो घंटे तक रंगारंग कार्यक्रम के दौरान अपने गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उनके गाने सुनने के लिए मैदान में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राज्यपाल की मौजूदगी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे।




## एक नजर

### महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिले के ग्राम तुंगी बेलदारी स्थित महादेव स्थान (नजदीक बाल्मीकि स्थान) पर आगामी 15 फरवरी 2026 को भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए पूजा-अर्चना के साथ भक्ति गीत-संगीत एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 6 बजे से होगी, जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार, यह कार्यक्रम पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत तुंगी बेलदारी के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। समिति के सदस्यों मौसमी रानी लक्ष्मी पंडित काजल भारती ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवभक्तों की उपस्थिति पूजा में अनिवार्य मानी जाती है, इसलिए सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। आयोजन को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### लखीसराय ने तीन रन से जीता मुकाबला



**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** जुल्फकार अली भुट्टो राइस प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को खेले गए दूसरे मैच में लखीसराय की टीम ने नवादा के गंगटी को रोमांचक मुकाबले में तीन रन से हराकर अगले राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया और अंतिम ओवर तक मुकाबला रोमांचक बना रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखीसराय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम का पहला विकेट 16 रन पर गिर गया। इसके बाद भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। 15 ओवर में पूरी टीम 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गंगटी की ओर से सचिन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि सूरज ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। 85 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगटी की टीम की शुरुआत भी साधारण रही। हालांकि जितेंद्र ने 25 और शशि ने 28 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिलने से टीम लक्ष्य से 3 रन पीछे रह गई और मैच लखीसराय के नाम रहा। लखीसराय की ओर से विराट ने 4 ओवर में एक मेडन रखते हुए 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि अमन ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में मात्र 2 रन देकर 3 विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन के लिए अमन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# सड़क हादसा में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** शनिवार की रात को नवादा- जमुई पथ पर धमौल थाना क्षेत्र के जमहड़िया के पास सड़क हादसे में गुलनी पंचायत के अटारी गांव के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में विनोद यादव का 20 वर्षीय पुत्र रवि कुमार और धनेश्वर यादव का 25 वर्षीय पुत्र सतीश यादव शामिल हैं। धमौल थाना के अपर थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी ने बताया कि पुलिस को सवा आठ बजे के आस पास घटना की जानकारी मिली। घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई। दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि रवि रात के 8 बजे के आस पास गांव से अपनी फुआ के यहां अलीगंज जा रहा था। बाइक पर उसके साथ सतीश भी था। जाने




के दौरान जमहड़िया के पास बाइक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल के पास से लोगों ने अटारी गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचें। इस बीच घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर धमौल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतक सतीश यादव तीन भाइयों में से सबसे छोटा था। लगभग डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसे एक माह का बेटा भी है। वहीं, रवि कुमार तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। अपने घर का सबसे बड़ा पुत्र होने के कारण परिवार का भरण-पोषण वही करता था। उसकी शादी भी दो साल पहले हुई थी और उसका भी एक बेटा है। रवि किसान का काम करके अपने परिवार का गुजारा चलाता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नेता पीड़ितों के घर पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, गुलनी पंचायत के मुखिया मनोज चौरसिया, धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव, बेलखुंडा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज यादव, बुधौली पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, यदुवंशी एकता जागृति मंच के अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव, प्रकाश यादव, सुरेन्द्र यादव सहित अन्य ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार से पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने की बात की। नेताओं ने प्रशासन से मुआवजा की भी मांग की है। गौरतलब है कि पकरीबरावां प्रखण्ड में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सबसे ज्यादा सड़क हादसा कचना मोड़ एवं उसके आस पास होता है। लोगों ने इस स्थान को डेंजर जोन घोषित करने की मांग भी की है।

# शिविर लगाकर 152 रोगियों का किया निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी बिहारशरीफ द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर 152 रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया।इस शिविर का उद्देश्य निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है शिविर में जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा। इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम बिहारी द्वारा 25 लोगो को, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव कुमार सिंह द्वारा 50 लोगों को, डॉ वीरेंद्र कुमार ,डॉ उमेश कुमार सिंह, डॉ अखिलेश कुमार एवं डॉ रश्मि कुमारी फिजिशियन के द्वारा 60, डॉ अमरदीप नारायण 10, डॉ रवि कुमार 10, डॉ मोहम्मद शहजाद आलम के द्वारा 20, होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ गौतम कुमार एवं डॉक्टर रितेश कुमार के द्वारा 21 लोगों का इलाज किया गया। शिविर में 50 लोगो का मधुमेह की जांच की गई। इन डॉक्टरों ने विभिन्न रोगियों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया और उनके स्वास्थ्य किस्से संबंधित समस्याओं का समाधान किया शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य एवं आजीवन सदस्यों भी पूरी सक्रियता के साथ उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज कुमार, जीवन सदस्यों में प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, विरश कुमार, राकेश कुमार पंकज, अरविंद पंडित, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, साधु शरण प्रसाद, शंभू कुमार कश्यप, एएनएम मुस्कान कुमारी, डॉ एसएम मुजफ्फर जमाल, आकाश रोशन, रागिनी कुमारी अरुण कुमार संजय कुमार ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ थाना क्षेत्र राजगीर रोड फोर लाईन भुलन बीघा के आसपास रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक किसी कार्य से जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी बाइक एक अन्य वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया, जहां उसकी हालत




चिंताजनक बनी हुई है। मृतक की पहचान हिसुआ पांचू गढ़ वार्ड संख्या छह निवासी मोहम्मद बबलू के पुत्र कामरान के रूप में की गई है, जबकि घायल युवक की पहचान मोहम्मद फुरकान के रूप में हुई है।

सूचना मिलते ही हिसुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# राजगीर बस स्टैंड और कुण्ड क्षेत्र पर लग रहा जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन नगरी राजगीर में पर्यटकों का आगमन के साथ राजगीर परिभ्रमण पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा यहां पहुंच रहे हैं। ठंड कमनें और मौसम सुहावना होने से विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है । विदेशों से भी पर्यटकों के आने का सिलसिला बढ़ चुका है।

पर्यटकों के भीड़ का असर राजगीर के कुंड क्षेत्र और बस स्टैंड में देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में पर्यटक और स्कूली भ्रमण पर आए स्कूली छात्र निजी वाहन से राजगीर पहुंच रहे हैं जिसके कारण यहां के सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। उपर से प्रशासनिक उदासीनता और कुव्यवस्था के कारण बस स्टैंड चौराहा और कुण्ड क्षेत्र में रोजाना जाम लग रहा है। इस कारण लोगों का घंटों समय बर्बाद हो रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी हो रही है। भयंकर जाम के कारण वाहन सरकती नजर



आयी। बस स्टैंड चौराहा और कुण्ड क्षेत्र पर जाम लगने का मुख्य कारण अतिक्रमण है।

चारों तरफ सड़कों पर लगे छोटे छोटे फुटपाथी दुकानों के कारण सड़क संकरी हो चुकी है। स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। हद तो यह की सड़कों पर ही सब्जियां व फल तक बेची जा रही है। नगर परिषद राजगीर द्वारा कभी कभार अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता रहा है। जाम के कारण पर्यटकों सहित आम आदमी को काफी फजीहत झेलनी पड़ रही है। राजगीर बस स्टैंड के पास स्टैंड से अंदर और स्टैंड से बाहर निकलने वाले बड़े - बड़े बस एवं अन्य वाहनों के कारण भी यहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बस स्टैंड के चारों ओर हाल हीं में बाउंड्री वॉल किया गया है। स्टैंड के अंदर प्रवेश और निकास के लिए दो गेट बनाए गए हैं। गेट का कम चौड़ा होने के वजह से बड़े-बड़े बसों को निकालने और अंदर जाने के दौरान बस को मुड़ने में काफी समय लग रहा है। यह भी जाम का एक कारण बन रहा है। राजगीर नगर परिषद के मुख्य पार्षद ने बताया कि जाम को लेकर जल्द ही व्यवस्था की जाएगी। अतिक्रमण भी हटवाया जाएगा। शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। इसके लिए रणनीति बनायी जा रही है।

### बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सजग रहें अभिभावक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय के घनश्याम नगर स्थित जीआईपी पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर विद्यालय पहुंचकर यूनिट टेस्ट 4 का परीक्षाफल प्राप्त किया एवं अपने बच्चों के सम्बन्ध में शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया गया। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में वर्ग किड्स से अष्टम तक यूनिट IV परीक्षा फल तथा वर्ग नवम एवं दशम का फाइनल परीक्षाफल वितरित किया गया। बैठक में अभिभावकों ने बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता का विकास करने के प्रति ध्यान देने का अनुरोध विद्यालय प्रबंधन से की है। कई अभिभावकों ने बच्चों में सामाजिक दायित्वों की कमी के संबंध में शिक्षकों से चर्चा की गई।

# ओवरलोड व अवैध चालान के ट्रकों के विरुद्ध पूरी रात चली छापेमारी

**रजौली/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी एवं आसपास के क्षेत्रों में ओवरलोडिंग वाहनों एवं बिना चालान के ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं खनन पदाधिकारी के साथ रजौली थाना के पुलिस बल मौजूद रहे। इस कार्रवाई में लगभग डेढ़ दर्जन ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है एवं दो ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर थाना में रखा गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से ओवरलोडिंग एवं बिना चालान के गिट्टी ढोने वाले ट्रक संचालकों में खलबली मच गई है। ओवरलोडिंग वाहनों के चलने से केवल सड़क सुरक्षा का खतरा नहीं बल्कि इससे सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती है। बीते दिनों कई ऐसी सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिली है,जिससे कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। प्रशासन ने कार्रवाई कर वाहन चालकों एवं मालिकों को चेतावनी दी है कि वे नियमों का पालन करें,अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशासन द्वारा बीते शनिवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे से जांच चौकी पर कागजातों की जांच की जा रही थी। वाहन जांच की खबर सुनते ही ट्रक चालक जांच चौकी से दूर दिबौर एवं झारखंड के काली मंडा में वाहनों को रोककर जांच खत्म होने का इंतजार करने में जुटे रहे। किंतु जांच टीम में रहे पदाधिकारियों ने सड़क किनारे खड़े गिट्टी लदे ट्रकों,जिसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था, उसे जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। यह कार्रवाई शनिवार की देर रात्रि लगभग 3 बजे तक चली।

इस संबंध में नवादा जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर समेकित जांच चौकी पर रखा गया है। उन्होंने ट्रक मालिकों द्वारा लगाए जा रहे आरोप को निराधार बताया है। साथ ही बताया कि विभाग के पदाधिकारी संबंधित कागजातों की जांच में जुटे हुए हैं। जांच के दौरान सही कागजात वाले वाहनों को छोड़ दिया जाएगा। वहीं जिन वाहनों के कागजातों में कमी होगी,उसके विरुद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायक ने किया नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गंगा पुर पलटपुर में नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, और इसके लिए बेहतर व सुरक्षित विद्यालय भवन का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, जहां बच्चे आनंद के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। मजबूत आधारभूत संरचना बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकार लगातार




प्रयासरत है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हों। विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की रीढ़ है। बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए सरकार विद्यालयों में भवन, संसाधन और शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक तथा जिप सदस्य कौशलेंद्र प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना, पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद,जिप सदस्य बिंद बिपिन कुमार चौधरी, जिप सदस्य समेरा पश्चिमी नरोत्तम कुमार, जिप सदस्य अस्थावां पुर्वी पंकज पासवान, प्रखंड प्रमुख राजीव कुमार उर्फ बऊआ , जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुशवाह, मनिष पाण्डेय, उप मुखिया बिरू प्रसाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जलसा फजीलत कुरान का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड अंतर्गत पांडेयगंगौट पंचायत के फुलडीह गाँव स्थित जामिया आयशा सिद्धिक लील बनात फुलडीह में रविवार को जलसा फजीलत कुरान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इस दरम्यान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं इस दौरान इस वार्षिक वर्ष में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कुरानी शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजनकर्ता व कार्यक्रम




के संचालक हजरत कारी शोएब इफ्तखारुल हसन ने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद प्रसिद्ध इस्लामी विद्वानों के द्वारा बच्चों को कुरान की शिक्षाओं, इसकी फजीलत, बच्चों के लिए इसके महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों में कुरान के प्रति प्रेम पैदा करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि मदरसा तालीम का सबसे अच्छा जरिया है और जामिया आयशा सिद्धिक यह काम बखूबी कर रही है। कार्यक्रम के अंत में देश में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की गई। मौके पर हाफिज वकारी अमजद, मौलाना जाकिर, मौलाना शनिम कासमी आदि मौजूद रहे।

### कोयला लदा ट्रक सड़क से नीचे गिरा, बाल-बाल बचा चालक

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेव मोड़ के समीप रविवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा में कोयले से लदा एक भारी ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से लगभग दस फीट नीचे जा गिरा। नीचे गिरते ही ट्रक पलट गया, जिससे उसके बारहों पहिए ऊपर की ओर हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था। मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

हादसे की सूचना पाकर ट्रक का मालिक भी घटनास्थल पर पहुंचा। वाहन की हालत देखकर वह भावुक हो गया और छाती पीट-पीटकर रोने लगा। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है।

# अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रशासन सख़्त,चौक पर चिपकाया गया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली नगर पंचायत मुख्यालय के हृदय कहे जाने वाले बजरंगबली चौक पर लगे लाइट के खंभे के नीचे बने चबूतरे की दीवारों पर सैकड़ों नोटिस चिपकाया गया है। नोटिस देखने के बाद फुटपाथी दुकानदारों एवं लोहे की गुमटी स्थापित कर व्यवसाय कर रहे लोगों में खलबली मची हुई है। नोटिस में विभिन्न दुकानदारों के नाम लिखे नोटिस में बताया गया है कि आपके द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इसलिए आप 9 फरवरी को दिन में 11 बजे अंचल कार्यालय पहुंच कर बताएं



कि अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जाए। रजौली नगर पंचायत होने के साथ-साथ प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय भी है और मुख्य मार्गों में व्याप्त अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम लोगों के द्वारा अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर बीते वर्षों से प्रयास जारी है। इसी संदर्भ में तत्कालीन एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में कई बार माइकिंग कर अतिक्रमण को स्वतः हटाने की अपील भी की गई थी। इतना ही नहीं बीते कुछ दिनों पूर्व भी ई-रिक्शा से अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था। किंतु अतिक्रमणकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा था।

फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से बाजार में अपनी दुकान से बच्चों का परवरिश करते आ रहे हैं। यदि प्रशासन हमें हटाना चाहती है,तो उन्हें हमारी आजीविका का भी प्रबंध करना पड़ेगा। साथ ही बताया कि वे अंचल कार्यालय पहुंच पदाधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेंगे। प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों के लिए अब तक जगह का चयन नहीं किए जाने से भी लोगों में रोष व्याप्त है।

# बस और टोटो चालकों के बीच झड़प में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के करमा कला स्थित राइस मिल के समीप बीते शनिवार की शाम लगभग 5 बजे कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक और खलासी के साथ जमकर मारपीट किया। इस घटना से संबंधित वीडियो रविवार की सुबह से ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के बारे में जांच पड़ताल किए जाने पर मामला टोटो चालक और बस चालक के बीच झड़प का हिस्सा बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिरदला बाजार में बस और टोटो चालक के बीच नोंकझोंक हुई थी। इसपर टोटो चालक ने बस चालक को धमकी दिया कि तुम हमारे गांव के तरफ से ही ना जाओगे ना,तब देख लेंगे तुमको। इसी बात को लेकर बस संख्या डब्लूबी41एच1154 जब करमा कला गांव पहुंची,तो पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक एवं खलासी के साथ मारपीट करने लगे। इसी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

**बस चालक ने छह लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी**

बस चालक सिरदला थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी छमन यादव के पुत्र सुजीत यादव ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर मारपीट एवं बस लूटने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में करमा कला गांव निवासी सुनील साह के पुत्र रौशन कुमार,पप्पू कुमार,गोपाल कुमार व अनिल प्रसाद,दिबौर निवासी सुबोध कुमार एवं सिरदला थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी मुनीरक कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बस चालक ने आवेदन में कहा है कि उक्त अभियुक्तों द्वारा मारपीट कर बस को लूटने का प्रयास किया गया। इस दौरान बस चालक के साथ लोहे के रॉड से मारपीट करते हुए गले में रहे सोने के चेन और खलासी के पास रहे 5000 रुपए रहे पैसेंजरों से लिया गया भाड़ा भी छिन लिया गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बस चालक द्वारा दिए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# ‘बेटी बचाओ’ का संदेश दे बेटियों ने सबका मन मोहा

### तीर्थंकर शीतलनाथ की नगरी इटखोरी में गूंजा गायक दीपक जैन का भक्ति सुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर शीतलनाथ की जन्म स्थली झारखंड राज्य के चतरा जिलांतर्गत इटखोरी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में नवादा जैन समाज के कलाकारों ने अपना जमकर जलवा बिखेरा। अपनी सारगर्भित एवं भक्तिमय प्रस्तुति से देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में पधारे श्रद्धालुओं को भक्तिरंग से सराबोर कर दिया।

प्रख्यात जैन संत 108 श्री भद्रबाहु सागर जी महाराज के परम पावन मंगल सान्निध्य में विगत 2 फरवरी से 6 फरवरी तक आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान भगवान शीतलनाथ के तप कल्याणक के अवसर पर जाने-माने भक्ति गायक नवादा के दीपक जैन ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति दी। मांगलिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति



“महिमा है बड़ी उदार ओ महावीरा तेरी..” एवं “मेरो करियो बेड़ा पार ओ इटखोरी वाले बाबा..” ने ऐसा समां बांधा कि महोत्सव पांडाल में मौजूद श्रद्धालुगण भक्तिरंग से सराबोर हो झूमने पर विवश हो गए। भरतपुर (राजस्थान) से आए संतोष जैन की म्यूजिकल टीम ने भी अपने संगीतबद्ध प्रस्तुति के जरिये श्रद्धालुओं में भक्ति का संचार किया।

**बेटियों ने बेटी बचाओ का संदेश दे मोहा सबका मन**

नवादा की बेटियां भी महोत्सव का सक्रिय हिस्सा बनीं। तपोवन आर्ट ग्रुप, दिल्ली के बैनर तले सौरव जैन के निर्देशन में मंचित “बेटी बचाओ” नाटिका में मिस दिल्ली रहीं आरती राजपूत के साथ नवादा की बेटी श्रेया जैन ने बिटिया रानी की भूमिका में अपनी मार्मिक व हृदयस्पर्शी अभिनय-नृत्य प्रतिभा से पांडाल में मौजूद दर्शकों को आत्मविभोर किया, तो बिटिया रानी की सहेलियों के भूमिका में नवादा की बेटी श्रुति जैन, राशि जैन व मानसी जैन एवं पटना की प्रियांशी जैन ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोहा। नाटिका में बिटिया रानी की माता के पात्र में टीवी कलाकार बबली शर्मा, पिता के पात्र में अशोक कुमार, नाना के पात्र में मदन गोपाल तिवारी व अंग्रेज के पात्र में आशीष पांडेय ने अपने अभिनय प्रतिभा को जीवंत किया।

**डांडिया कार्यक्रम में भी रही नवादा की सहभागिता**

नवादा की इन बेटियों के साथ ही नवादा जैन समाज की लक्ष्मी जैन व नेहा जैन ने डांडिया कार्यक्रम में भी विभिन्न हिस्सों के जैन धर्मावलंबियों के साथ अपनी भक्तिमय सहभागिता दी। भक्तिमय संगीत पर भक्तिमय डांडिया नृत्य की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं में अद्भुत भक्तिमय उत्साह का संचार किया। आयोजन समिति प्रमुख झुमरीतिलैया के सुरेश झांझरी के नेतृत्व एवं हस्तिनापुर से पधारे रविंद्रकीर्ति स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव में बिहार के नवादा, पटना, गया व रफीगंज के साथ ही झारखंड के झुमरीतिलैया, हजारीबाग, चौपारण व रांची सहित भारी संख्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों के जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े भक्ति गायक नवादा के दीपक जैन ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक शीघ्र रांची में, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का प्रस्ताव

**रांची (नबिटासं)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार राज ने जानकारी दी है कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शीघ्र ही रांची में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रस्ताव लाया जाएगा।राजकुमार राज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि विश्वास, संघर्ष और समर्पण की जीवंत पहचान है। उन्होंने बताया कि पार्टी के कार्यकताओं की सहमति और सुझाव के आधार पर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन किया जाएगा उन्होंने आगे कहा कि नए नेतृत्व में वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य की रणनीति की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद देशभर में पार्टी के पुनः विस्तार और संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी। राजकुमार राज ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ता पूरे देश में सक्रिय हैं और अब समय आ गया है कि पार्टी को युवा नेतृत्व के साथ आगे बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी को अभिभावक की भूमिका में संरक्षण देते रहेंगे, जिससे संगठन को मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

### वार्ड नंबर 23 से बबली साहू ने ठोकी दावेदारी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम गिरिडीह चुनाव-2026 को लेकर वार्ड संख्या 23 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड 23 से शिक्षित एवं समाजसेवी महिला प्रत्याशी बबली साहू ने पार्षद पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। उन्हें चुनाव आयोग द्वारा क्रम संख्या 4 पर ह्लमोतीयों का हारह्व चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है चुनाव चिन्ह मिलने के बाद बबली साहू के समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ह्लवार्ड नंबर 23 का सर्वांगीण विकास ही उनका मुख्य संकल्प है। जनता का विश्वास ही उनका सबसे बड़ा प्रयास है उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी मतदान के दिन मोतीयों के हार चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वार्ड 23 को स्वच्छता सड़क जलापूर्ति, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में नई दिशा दी जा सके बबली साहू को एक सरल, जमीनी और जनसमर्पित प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। चुनावी मैदान में उतरते ही वार्ड 23 में मुकाबला दिलचस्प होता नजर आ रहा है।

### दुंदो नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर एकजुट हुए ग्रामीण

**■ 12 फरवरी बेंगाबाद में प्रदर्शन कर आंदोलन तेज करने का लिया गया निर्णय**

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गांडेय तथा बेंगाबाद प्रखंडों की सीमा पर स्थित दुंदो नाला पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आसपास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर तत्काल पुल निर्माण की मांग की है। इस कारण हो रही परेशानियों की ओर प्रशासन तथा सरकार का ध्यान खींचा है मौके पर मौजूद पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक एवं राजेश यादव ने कहा कि, झारखंड निर्माण के 25 और देश की आजादी के 78 साल बीत जाने के बावजूद ग्रामीण इलाके विकास से वंचित हैं। इस पुल के नहीं रहने से हर दिन सैकड़ो बच्चों और ग्रामीणों को परेशानी होती है। बार-बार मांग करने के बावजूद पुल नहीं बन रहा। कहा कि, इसके अलावा दुंदो और महेशमुंडा के बीच जयंती नदी पर भी पुल की जरूरत है। उक्त दोनों पुलों का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी कम नहीं हो रही है। उन्होंने आगामी 12 फरवरी, अखिल भारतीय आम हड़ताल के दिन बेंगाबाद पहुंचकर इस सवाल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करने का ऐलान किया। साथ ही कहा कि, इसके बाद गांडेय प्रखंड में भी एक दिन आंदोलन किया जाएगा। यदि इस पर प्रशासनिक पहल नहीं हुई तो नगर निकाय चुनाव के बाद जिला मुख्यालय तक पुल निर्माण की मांग को लेकर पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा आज के आंदोलन में मुख्य रूप से राजू पासवान, शंभू ठाकुर, महेंद्र साव, शंकर सोरेन, चांद हांसदा, योगेंद्र राय, गोमस टुडू, रतन पासवान, अजय पासवान, प्रसाद सिंह, कमलेश्वर राय, रामेश्वर मुर्मू बेनीलाल मुर्मू चूड़का मुर्मू, गोविंद सोरेन बिहारी राय सुदामा राय लोचन यादव मंगल किस्कू सहित बड़ी तादाद में आसपास के गांवों के महिला पुरुष मौजूद थे।

# नगर पालिका चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक आचार संहिता उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** नगर पालिका (आम) निर्वाचनझ2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में गिरिडीह नगर निगम के महापौर पद, बड़की सरैया नगर पंचायत अध्यक्ष, धनवार नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद पद के अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक एवं समर्थक उपस्थित रहे बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिया कि चुनाव प्रचार के दौरान मयार्दा एवं नियमों का पूर्णत पालन करें तथा किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप अथवा साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले वक्तव्यों से बचें उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, जुलूस एवं सभाओं के आयोजन हेतु पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। साथ ही दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग्स से संबंधित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर होने वाले प्रचार पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना के प्रसार से बचने की अपील की गई बैठक में चुनावी व्यय लेखा संधारण को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। सभी अभ्यर्थियों को अपने चुनावी खर्च का सही एवं समयबद्ध लेखा-जोखा प्रस्तुत करने को कहा गया।

निर्धारित सीमा से अधिक व्यय पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।उपायुक्त ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान के अगले दिन प्रातः 07:00 बजे तक संबंधित मतदान क्षेत्रों में ड्राई-डे घोषित किया गया है। इस अवधि के दौरान होटल, रेस्तरां, क्लब अथवा अन्य किसी भी प्रतिष्ठान में शराब की बिक्री, वितरण एवं सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में अभ्यर्थी पर कार्रवाई के साथ-साथ संबंधित शराब दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।इसके अलावा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव प्रचार, जुलूस एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ध्वनि की अधिकतम सीमा 55 डेसिबल निर्धारित की गई है। नियमों के उल्लंघन पर डीजे जब्त कर उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा प्रेक्षकों ने भी निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी अभ्यर्थियों, प्रस्तावकों एवं समर्थकों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव संपन्न कराने में सहयोग की अपील की गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, पंसस प्रतिनिधि घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा तिलैया के समीप शनिवार की रात एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान हरली-पेटो निवासी शशि कुमार (पिता स्व. सुरेश प्रसाद कुशवाहा) के रूप में हुई है। वहीं, घायल रामाशीष कुमार हरली पंचायत की पंचायत समिति सदस्य के पति सह प्रतिनिधि हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शशि कुमार और रामाशीष कुमार शनिवार रात बाइक से झुमरा की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हजारीबाग से बगोदर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे शशि कुमार सड़क पर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी सांसें थम गईं।

## हजारीबाग नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज वार्ड नंबर 8 से अनीता गुप्ता सबसे आगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवीन सिन्हा (हजारीबाग)।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड नंबर 8 से पार्षद पद की उम्मीदवार अनीता गुप्ता इस समय रेस में सबसे आगे मानी जा रही हैं। हाल ही में अपने चुनावी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कई अहम घोषणाएं कीं। अनीता गुप्ता ने कहा कि यदि जनता ने उन्हें मौका दिया तो वे अपने वार्ड को एक मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करेंगी।

उन्होंने बताया कि वार्ड की सड़कों और नालियों को दुरुस्त कराना उनकी प्राथमिकता होगी, साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी ईमानदारी से धरातल पर उतारने का काम करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करना है, ताकि सभी समुदाय मिलकर विकास की राह पर आगे बढ़ सकें। उनके इस बयान के बाद समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वार्ड में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। बताया गया कि अनीता गुप्ता का चुनाव चिन्ह 1 नंबर बटन का आलमीरा छाप है, जिसके साथ वे मतदाताओं के बीच समर्थन जुटाने में जुटी हुई हैं।

### अधेड़ महिला का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)** । बरसोत पंचायत अंतर्गत जीटी रोड स्थित बरियट्ठा के समीप एक अज्ञात अधेड़ महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया महिला विक्षिप्त प्रतीत होती है, जिसकी उम्र करीब 50 से 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने शव को पहचान के लिए अस्पताल में सुरक्षित रखवाया है ताकि परिजन सामने आ सकें। पुनि बिनोद कुमार ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ की जायेगी ।

## मेयर प्रत्याशी नागेश्वर दास ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को दिया समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव के शास्त्री नगर, गिरिडीह स्थित आवासीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण



बैठक आयोजित की गई। इस दौरान महापौर पद के प्रत्याशी नागेश्वर दास ने भाजपा द्वारा समर्थित नगर निगम प्रत्याशी डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को अपना समर्थन देने की घोषणा की। मौके पर नागेश्वर दास ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव के निदेर्शानुसार वे अपना समर्थन डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे तन-मन से डॉ. चौधरी की जीत के लिए कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने गिरिडीह की जनता से अपील की कि वे इस बार डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को अपना एक-एक कीमती वोट देकर विजयी बनाएं वहीं भाजपा नेता सुरेश साव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को महापौर प्रत्याशी के रूप में समर्थन दिया गया है। उन्होंने बताया कि नागेश्वर दास ने भी नामांकन की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन समयाभाव के कारण वे पर्चा दाखिल नहीं कर सके। इसके बाद पार्टी नेतृत्व के आग्रह पर आज नागेश्वर दास ने सार्वजनिक रूप से अपना समर्थन डॉ. चौधरी को दिया है सुरेश साव ने कहा कि नागेश्वर दास गिरिडीह जिले में दलित समाज के एक प्रभावशाली नेता हैं और हर वर्ग में उनका व्यापक जनसमर्थन है। उनके समर्थन से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने दावा किया कि गिरिडीह में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल है और जनता पूरी तरह से भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए तैयार है इस अवसर पर सुभाष सिंहा, इनोद साव, राजेश जायसवाल एवं शैबाल घोष सहित अन्य लोग उपस्थित रहा।

## डिवाइन स्कूल में 10 वीं -12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरकट्ठा (हजारीबाग)** । बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में वर्ग दशम व बारहवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई सह आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बिमल बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया प्राचार्य सायन मुखर्जी मानवाधिकार एसोसिएशन से कृष्णा प्रजापति, मुरली महतो दीप प्रज्वलित करके किया। थाना प्रभारी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में बहुत सी कठिनाई आएगी उस पर अपने गुरुजनों के आशीर्वाद और परिश्रम के बल पर विजय प्राप्त करना है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज, परिवार व क्षेत्र का विकास संभव है इसे आप लोगों को ही पुरा करना है।

विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि मेरे प्यारे छात्रों, मेरे अपने अनुभव के अनुसार आपको अपने जीवन में बहुत सी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा उसे अपने आत्मविश्वास से जीतना। विद्यालय प्राचार्य ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेरे प्यारे छात्रों सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, लेकिन इसके स्थान पर मूल्यवान व्यक्ति बनो। क्योंकि संसार सफल को याद नहीं रखता मूल्यवान व्यक्ति को हमेशा याद रखता है। सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी अतिथियों ने कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। शिक्षकों ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा हेतु बहुत सारी बातें बताई व उनके अच्छे परीक्षाफल की कामना की।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, रामनन्दन कुमार, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, राधा कुमारी, रूबी खातुन, रवि कुमार, अविशेष कौशल, भरत मंडल, काजल कुमारी, दीक्षा कुमारी, मानती लकड़ा समेत अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

## चार लेबर कोड के विरोध में गिरिडीह में कन्वेंशन आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला कर्मचारीझशिक्षकझमजदूर समन्वय समिति के तत्वावधान में एलआईसी कार्यालय परिसर में चार श्रम संहिताओं लेबर कोड के विरोध में एक दिवसीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में सीटू झारखंड राज्य महासचिव कॉमरेड विश्वजीत देव, बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महासचिव जे.सी. मित्तल, आईएनटीयूसी स्टेट वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सिंह, बीमा कर्मचारी संघ के संगठन सचिव अनुराग मुर्मू, सहायक सचिव मदन पाठक, दुर्गा सिंह उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मृदुल कांति दास ने की, जबकि संचालन एवं नेतृत्व समन्वय समिति के संयोजक धर्म प्रकाश ने किया कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई।

अपने संबोधन में धर्म प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित चारों श्रम संहिताओं को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने की तैयारी है, जिससे कर्मचारियों और मजदूरों के मौलिक अधिकार, विशेषकर हड़ताल का अधिकार, प्रभावित होगा मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। सरकार कॉरपोरेट हित में नीतियाँ बना रही है, जिससे आमजन, कर्मचारी, मजदूर और किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सभी संगठनों से एकजुट होकर इन नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने की अपील की तथा 12 फरवरी को आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को राज्य सरकार का नैतिक समर्थन होने की बात कही सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने चारों लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए कहा कि ये कोड कॉरपोरेट के पक्ष में बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों और संगठनों की रक्षा के लिए 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाना आवश्यक है। इस हड़ताल के माध्यम से लेबर कोड रद्द करने, बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई वापस लेने तथा मनरेगा को पुनः बहाल करने की मांग उठाई जाएगी बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव जे.सी. मित्तल ने कहा कि बीमा कानून संशोधन विधेयक 2025 के तहत विदेशी पूंजी को घरेलू बचत पर नियंत्रण मिल जाएगा।

## मतदान और पीठासीन पदाधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह ।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रथम मतदान पदाधिकारियों पीठासीन पदाधिकारी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किरण पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। सामान्य प्रेक्षक गिरिडीह नगर निगम शब्बीर अहमद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। प्रथम सत्र में पीठासीन पदाधिकारी प्रथम मतदान पदाधिकारियों का द्वितीय सत्र में तृतीय, द्वितीय और चतुर्थ मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान डमी प्रपत्रों से सभी को प्रशिक्षित किया गया एवं मतपेटिका संचालन का डेमो के साथ हैंड्स ऑन भी कराया गया।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों का ऑनलाइन आकलन भी आयोजित किया गया। जिसमें आधार पर आगामी प्रशिक्षणों की रूप रेखा तैयार की जाएगी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक ने मतदान प्रक्रिया में संलग्न सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मतदान पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मतपेटिका को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया को विशेष रूप से स्पष्ट रूप से समझाने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के प्रारंभ एवं समापन के समय निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण रूप से पालन किया जाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदान से पूर्व की तैयारियों, मतदान दिवस पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, मतपेटिका की सीलिंग अनसीलिंग मतदान समाप्ति के उपरांत अभिलेखों के संधारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सभी मतदान पदाधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त करें उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक मतदान पदाधिकारी का कर्तव्य है तथा प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारियों को भली-भांति आत्मसात करते हुए चुनाव कार्य में लागू किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

## किड्स कैंपस जॉन स्कूल व सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोहों में शामिल हुए पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिक्षा ही समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है : मुन्ना सिंह**



**नवीन सिन्हा (हजारीबाग)।** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह रविवार को कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ढेंगुरा पंचायत स्थित किड्स कैंपस जॉन स्कूल तथा गदोखर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। किड्स कैंपस जॉन स्कूल में आयोजित समारोह के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ढेंगुरा पंचायत के उप-मुखिया गुलाम सरवर और दिलशाद जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने सिटी पब्लिक स्कूल, गदोखर में आयोजित वार्षिक समारोह में भाग लिया, जहां कार्यक्रम के संचालक सालिक जफर ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर सिंह का सम्मान किया।

इस अवसर पर मिस्टर खान, गुलाम जी, साबिर जी और नौशाद खान सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और जिम्मेदार नागरिक निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गिरिडीह पुलिस की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय कार्यालय स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएसपी अंचल पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन वारंट व कुर्की की कार्रवाई पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश दिया इसके साथ ही न्यायालय से जुड़े मामलों, विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों तथा आम जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी करने का भी निर्देश दिया गया।

## गिरिडीह नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ।** कल देर शाम जिला कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तथा नगर निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक के दौरान गिरिडीह नगर निगम से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी समीर राज चौधरी के चुनाव संचालन एवं जीत की रणनीति पर गहन चर्चा की गई। साथ ही कार्यकताओं को चुनावी अभियान को और मजबूत बनाने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश व टिप्स दिए गए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले नगर निगम चुनाव में समीर राज चौधरी ने भारी मत प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया था। इस बार थोड़ी और मेहनत की आवश्यकता है और निश्चित रूप से कांग्रेस इस सीट पर विजय प्राप्त करेगी।

उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन पार्टी के साथ है, बस कार्यकताओं को और अधिक सक्रिय होकर मैदान में उतरना होगा वहीं नगर निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी राजेश ठाकुर ने कहा कि गिरिडीह की प्रबुद्ध जनता समीर राज चौधरी को भली-भांति जानती है। वे एक सहज, सुलभ और हर समय जनता के बीच उपलब्ध रहने वाले प्रत्याशी हैं। यही कारण है कि पिछले चुनाव में उन्हें व्यापक समर्थन मिला था और इस बार भी थोड़ी अतिरिक्त मेहनत से जीत सुनिश्चित है।

# दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले लोग

## प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर किया पथराव, पुलिस ने भी संभाला मोर्चा

- खेल रही बच्ची को आरोपित जबरदस्ती ले गया था उठाकर
- लोगों ने आरोपित के टेम्पो और दुकान में लगायी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना के बाद माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटवा पोखरा के पास 8 साल की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आरोपी को तुरंत फांसी देने की मांग करने लगे। इसी दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा। इस दौरान कई महिलाएं भी सड़क पर उतरकर पुलिस के खिलाफ हंगामा करती नजर आईं। गुस्साए लोगों ने आरोपी की दुकान और उसके टेम्पो में आग लगा दी, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई। हालात काफी बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और लगातार उपद्रव कर रहे लोगों को शांत कराने में जुटी हुई हैं, ताकि स्थिति को काबू में किया जा सके और कानून-व्यवस्था बहाल रहे।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी जगुनाथ रेड्डी देर रात मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। वहीं एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और जरूरी सैंपल जुटाए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि बच्ची शाम के समय घर से बाहर तालाब किनारे दूसरी बच्चियों के साथ खेलने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। देर रात इलाके में कुत्तों के ज्यादा भौंकने की आवाज सुनकर बच्ची के मामा वहां पहुंचे तो देखा कि बच्ची खून से लथपथ हालत में पड़ी हुई थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और देखा गया कि पास की दीवार पर भी काफी खून पड़ा हुआ था।

घटना की सूचना विश्वविद्यालय थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ खेल रही बच्चियों ने बताया कि विकास महतो बच्ची को जबरदस्ती खींचकर अंधेरे की ओर ले गया था। बच्चों की पहचान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी विकास महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्ची के खून से सने कपड़े भी जब्त कर लिए हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश है। लोग आरोपी को तुरंत फांसी देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर तैनात है और हालात पर नजर रखे हुए है। प्रशासन का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र के कुरावा गांव में बीती रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गांव निवासी 13 वर्षीय किशोर अमित कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके बड़े चाचा और अन्य परिजनों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और सनसनी का माहौल है।

परिजनों के अनुसार, अमित रात में अपनी बहनों के साथ घर में अलग-अलग कमरों में सो रहा था। देर रात जब बहनों की नींद खुली और अमित कमरे में नहीं मिला, तो उसकी तलाश शुरू की गई।

खोज के दौरान जब वे छत पर बने कमरे में पहुंचीं, तो अमित जमीन पर गिरा हुआ मिला और उसके गले पर रस्सी या दबाव का निशान दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही घर में कोहराम मच गया।

# बदमाशों ने व्यवसायी से फोन पर मांगी रंगदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** शहर के अरार मोड़ पर ऑटोमोबाइल की दुकान चलाने वाले एक व्यवसायी से फोन कर बदमाशों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पीड़ित व्यवसायी के बयान पर प्राथमिकी करने के साथ ही तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना के बाद व्यवसायी सहमे हुए है।

जानकारी के अनुसार, शहर के हजियापुर वार्ड संख्या सात निवासी अजय प्रसाद शहर के अरार मोड़ पर ऑटोमोबाइल की एक दुकान चलाते है। शनिवार की शाम को व्यवसायी अपने दुकान पर बैठे थे। तभी उनके नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाले ने रंगदारी में पांच लाख रुपये की मांग की।

इस दौरान व्यवसायी ने रंगदारी नहीं देने की बात जैसे ही कही तो फोन करने वाले बदमाश ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही व्यवसायी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। फोन करने के साथ ही पीड़ित व्यवसायी ने नगर थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी।

साथ ही आवेदन देने के साथ ही अज्ञात बदमाश के खिलाफ रंगदारी मांगने के मामले में प्राथमिकी कराई। वहीं, नगर थाना की पुलिस प्राथमिकी करने के साथ ही मामले की जांच करने के साथ ही नगर थाना क्षेत्र के हीरापाकड़ व हरपुर गांव में छापेमारी करते हुए तीन संदिग्धों को उठाया।

साथ ही उनके नगर थाना की पुलिस रविवार को नगर थाना में पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद पीड़ित व्यवसायी सहमे हुए है। साथ ही पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार भी लगा रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर एसडीपीओ प्रांजल के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## अज्ञात युवक का शव बरामद

**गयाजी।** जिले के आमस थाना क्षेत्र के जीटी रोड पथरा मोड़ के समीप रोड किनारे एक युवक का शव रविवार की सुबह मिला है।शव देखने के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया है।

थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि जांच में स्पष्ट पता चल रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया है जिससे वो रोड किनारे फेका गया और उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# मनीष कुमार तिवारी बने जिला स्कूल छपरा के प्रभारी प्राचार्य




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** भोजपुरी भाषा के प्लस टू के विशिष्ट शिक्षक मनीष कुमार तिवारी ने श्वेता वर्मा के सेवानिवृति के बाद जिला स्कूल छपरा के प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया।

पहली बार किसी भोजपुरी भाषा के शिक्षक को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम के पैतृक गांव भोजपुर जिले के कंदवा के रहने वाले श्री तिवारी ने वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा से भोजपुरी भाषा में एमए की उपाधि प्राप्त की है। श्री तिवारी के पदभार ग्रहण करने से विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों के बीच हर्ष का माहौल है।

# नगर परिषद के उपसभापति के विरूद्ध प्राथमिकी

## फर्जी दानपत्र के सहारे जमीन कब्जा करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** लखीसराय नगर परिषद के उपसभापति शिवशंकर राम पर जाली दानपत्र के माध्यम से जमीन हड़पने का गंभीर आरोप सामने आने के बाद जिले के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस मामले में लखीसराय प्रखंड के लोदिया गांव निवासी प्रशांत कुमार की लिखित शिकायत पर स्थानीय थाना लखीसराय में उपसभापति शिवशंकर राम समेत कुल पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार साहनी ने प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जाली बताए जा रहे दस्तावेजों की सत्यता, उनके स्रोत, गवाहों के बयान तथा भूमि की वर्तमान स्थिति की जांच की जा रही है।

शिकायतकर्ता प्रशांत कुमार के अनुसार, आरोपितों ने उनकी भूमि पर अवैध कब्जा जमाने के उद्देश्य से दानपत्र संख्या 2598, दिनांक 05 मई 1972 को दानपत्र के रूप में प्रस्तुत किया है। जबकि निबंधक कार्यालय (रजिस्ट्री कार्यालय) के पत्र संख्या 52, दिनांक 21 जनवरी 2026 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि संबंधित दस्तावेज दानपत्र नहीं, बल्कि एक बंधक विलेख है। इसके बावजूद इसी कथित फर्जी दस्तावेज के आधार पर भूमि की जमाबंदी संख्या-11 कायम करवा ली गई।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त दस्तावेज को जानबूझकर एसडीएम न्यायालय में असली के रूप में प्रस्तुत कर न्यायिक प्रक्रिया को गुमराह किया गया।

इससे सरकारी अधिकारियों को भ्रमित कर भूमि के टाइटल को अवैध रूप से हस्तांतरित कराने का प्रयास किया गया। इसके अलावा इसी दस्तावेज की आड़ में खाता संख्या-48, खेसरा संख्या-223 स्थित भूमि पर 24 सितंबर 2025 से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इस दौरान शिकायतकर्ता को लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं।

मामले में जिन लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है, उनमें किमला देवी, शिवशंकर राम (नगर परिषद लखीसराय के उपसभापति), अर्जुन राम, फुलो राम और कुंजो राम शामिल हैं। सभी आरोपित इंगलिश टोला, वार्ड संख्या-02, नगर परिषद लखीसराय के निवासी बताए गए हैं।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने भूमि की यथास्थिति बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर परिषद के उपसभापति का नाम सीधे तौर पर इस प्रकरण में सामने आने के बाद मामला केवल कानूनी ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील बन गया है और शहर में इसकी व्यापक चर्चा हो रही है।

वहीं उपसभापति शिवशंकर राम ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि विवादित भूमि उनकी है और वर्षों से उनके परिवार का उस पर कब्जा है।

उन्होंने थाने में मामला दर्ज किए जाने को राजनीतिक साजिश करार दिया है।

# सोना लूट के गिरफ्तार आरोपित ने उगले कई राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र में बीते दिनों कुख्यात सोना लूट का आरोपी प्रिंस उर्फ अभिजीत के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के दौरान गिरफ्तार कुख्यात बदमाश त्रिलोकी उर्फ रिशु को पुलिस ने 24 घंटे के रिमांड पर लिया है।

रिमांड पर लेकर एसटीएफ पटना एवं उड़ीसा पुलिस ने त्रिलोकी से पूछताछ किया है। पूछताछ में त्रिलोकी ने पटना में दो हत्या और उड़ीसा में दो लूट सहित कई घटना में शामिल होने की बात बताई है।

उसके द्वारा बताया गया कि वह उड़ीसा में दो लूट कांड एवं पटना में दो दो हत्या में शामिल था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान उड़ीसा में दो लूट एवं पटना में दो हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

लूट और हत्या का मास्टरमाइंड कौन है, घटना में कितने लोग शामिल थे, सभी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया है। लूट की योजना कहां और कैसे मनाया गया।

लूट और हत्या के बारे में विस्तार पूर्वक पूछताछ के दौरान त्रिलोकी ने पुलिस को बताया है। त्रिलोकी के द्वारा बताए गए बदमाश के नाम और अड्डे पर पुलिस का छापेमारी करेंगी। पूछताछ में उड़ीसा एवं एसटीएफ को कहीं अहम सुराग मिला है। पूछताछ के बाद उड़ीसा पुलिस एवं एसटीएफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

गौरतलब हो कि बीते शुक्रवार की दोपहर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर कॉलोनी शकुंतला भवन में पुलिस मुठभेड़ में सोना लूट का आरोपी प्रिंस उर्फ अभिजीत मारा गया। इस दौरान भागने के क्रम में कुख्यात बदमाश त्रिलोकी उर्फ रिशु को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वह पटना जिले के आलमगंज निवासी बैजू सहनी के पुत्र त्रिलोकी उर्फ रिशू बताया गया है। उसके विरुद्ध लूट हत्या एवं आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामला दर्ज है।

# स्कूल संचालक पर बदमाशों ने दिनदहाड़े बरसायी गोलियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले के मोरवा प्रखंड के हरपुर भिंडी पंचायत के दर्जीनिया पुल के समीप रविवार को दिनदहाड़े बदमाशों का तांडव देखने को मिला है। बदमाशों ने एक स्कूल संचालक को निशाना बनाते हुए उनके उपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसायी है।

घटनास्थल पर ही स्कूल संचालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोरवा के सोंगर पंचायत के निवासी पलटन सहनी के पुत्र गणेश सहनी (30) के रूप में हुई। बताया गया कि गणेश हरपुर पंचायत में एक निजी स्कूल का संचालन करते हैं।वह स्कूल की छुट्टी होने बाद में शाम तीन बजे के करीब वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुल पर तीन बाइक पर सवार छह बदमाश उनका घात लगाकर इंतजार कर रहे थे। वह जैसे ही पुल के समीप पहुंचे तो बदमाशों ने उनकी बाइक रोक दी। बदमाश और स्कूल संचालक के बीच हाथापाई भी हुई। इस दौरान एक बदमाश ने उनके उपर गोली फायरिंग कर दी। गोली लगते ही गणेश जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद सभी बदमाशों ने मिलकर एक-एक 14 राउंड गोली चलाई। 13 गोली मृतक के शरीर में लगी है। वही घटनास्थल पर 14 खोखा पड़ा मिला है।

घटना को अंजाम देने बाद सभी बदमाश मौके से भाग निकले। सूचना पर स्वजनों भागे-भागे घटनास्थल पर पहुंचे। जहां से उसे अचेतावस्था में अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। इधर, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर भड़के तेजस्वी

**पटना।** निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद से विपक्ष के नेता लगातार उनके पक्ष में बोल रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी उनकी गिरफ्तारी पर सवाल उठा चुके हैं। अब राजद ने भी उनकी गिरफ्तारी का विरोध किया है। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष व बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मामले में सरकार पर हमला बोला है।

31 साल पुराने एक मामले में गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। इसके साथ ही नीट छात्रा मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए। तेजस्वी ने कहा- आजकल तो पूरी तरह से तानाशाही चल ही रही है। दोषियों को बचाया जाता है और निर्दोष को फंसाया जाता है। नीट छात्रा के मामले में हम कई बार ट्वीट कर चुके हैं। विधानसभा में हमारे एमएलए भी लगातार इस मामले को उठा रहे हैं। मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर उन्होंने कहा कि हम पहले भी बोले हैं कि सीबीआई जांच हो रही है उस जांच का क्या मतलब है।

## हंगामा कर रहा नशेड़ी धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** हथौड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बल्लीपुर गांव से नशे की हालत में उत्पात मचा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

गिरफ्तार युवक की पहचान बल्लीपुर निवासी हरे राम चौधरी के पुत्र विकास कुमार चौधरी के रूप में की गई। थानाध्यक्ष मुखराम सिंह ने बताया कि उक्त युवक के विरुद्ध हथौड़ी थाना कांड संख्या 170/2026 दर्ज की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि विकास कुमार चौधरी को नशे की हालत में गांव में हंगामा करते हुए पकड़ा गया। बताया गया कि यह युवक दूसरी बार नशे की हालत में पकड़ा गया है, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश था पुलिस के अनुसार युवक की हरकतों से गांव का माहौल बिगड़ रहा था और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।

गिरफ्तारी के बाद युवक को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# आत्मदाह के समर्थन में जुटे रहे ऑटो चालक, सड़क जाम कर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** ऑनलाइन चालान काटे जाने से नाराज होकर आत्मदाह का प्रयास करने वाले ऑटो चालक राजा कुमार के मामले को लेकर रविवार की सुबह शहर के सभी ऑटो चालक हड़ताल पर रहे। टाउन थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन मोड़ और सिंडिकेट मोड़ पर ऑटो चालकों ने सड़क जाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा टायर जलाकर आगजनी भी की गई।सड़क जाम के कारण करीब दो से तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि घायल ऑटो चालक राजा कुमार का सरकारी खर्च पर इलाज कराया जाए तथा भोजपुर डीटीओ पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे। सड़क जाम भाकपा-माले नेता अमित कुमार बंटी एवं कयामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में किया गया।



बाद में सदर एसडीपीओ राज कुमार साह और ट्रैफिक डीएसपी मनोज सुधांशु ने वहां पहुंच किसी तरह यातायात बहाल कराया।

इस दौरान आरा नगर में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च क्रांति पार्क से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन पहुंचा, जहां यह सभा में तब्दील हो गया। मार्च में बड़ी संख्या में टेंपो चालक और राजा कुमार के परिजन शामिल थे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता अमित कुमार बंटी ने कहा कि मनमाने तरीके से चालान काटे जाने के दबाव में आकर ऑटो चालक राजा कुमार ने आत्महत्या का प्रयास किया, जो सीधे तौर पर परिवहन विभाग की लापरवाही का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि राजा कुमार द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही सात हजार रुपये का चालान भरा गया था। बावजूद इसके, आठ फरवरी को दोबारा नौ हजार रुपये का चालान काट दिया गया। गरीब परिवार से आने वाले राजा कुमार ने लोन लेकर ऑटो खरीदा है और वह इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता है।

उन्होंने कहा कि बार-बार भारी-भरकम चालान काटे जाने से चालक मानसिक तनाव में आ जाते हैं। इसी मजबूरी में राजा कुमार ने आत्मदाह का प्रयास किया। उन्होंने दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने, पीड़ित चालक को मुआवजा देने और उसका इलाज पूरी तरह सरकारी खर्च पर कराने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि टाउन थाना क्षेत्र के नाला मोड़ निवासी स्व. दीनदयाल का पुत्र एवं ऑटो चालक राजा कुमार ने शनिवार की शाम पुरानी पुलिस लाइन मोड़ पर खुद पर पेट्रोल छिड़क आत्मदाह का प्रयास किया था। मौके पर मौजूद अन्य चालकों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था।

# दौलतपुर में पहली बार निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत रूपसपुर पंचायत के दौलतपुर ग्राम में पहली बार माँ निर्दोष सेवा केंद्र के सचिव हिमांशु शेखर एवं मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह के संयुक्त प्रयास से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह के आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर का उद्घाटन आयोजक हिमांशु शेखर, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. विनीत आनंद, डॉ. पल्लव चौबे, डॉ. अमित नारायण रघु एवं बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह द्वारा सभी चिकित्सकों एवं अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संजय अथर्व ने किया।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग चार सौ मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में शुगर, बीपी, यूरिक एसिड एवं ईसीजी जैसी जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। अनुमंडल अस्पताल टिकारी की ओर से स्वास्थ्यकर्मियों की एक टीम की तैनाती की गई तथा आवश्यक दवाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई। शिविर को संबोधित करते हुए आयोजक हिमांशु शेखर ने कहा कि शिविर में उमड़ी भारी भीड़ यह दशार्ती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निःशुल्क चिकित्सा शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे। इस अवसर पर विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक मुकेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृज मोहन शर्मा, प्रखंड शिक्षक संघ के नेता अरविंद कुमार, डिहुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कविन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# ज्ञानस्थली इंटरनेट स्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा बडीहा रोड़ स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल का पूर्व शिक्षा मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह, मकदूमपुर विधायक सूबेदार दास, विधान पार्षद नागेंद्र कुमार ने संजयुक्त रूप से मिल फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मौके पर पूर्व मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा वो चीज है जिसे कोई छीन नहीं सकता। इसलिए हर लोगों को पढ़ाई के प्रति बच्चे को प्रेरित करने की जरूरत है। जिससे कि बच्चे पढ़ लिख कर अपने गांव समाज का नाम रौशन कर सके। उन्होंने कहा कि लोगों को लड़का व लड़की में कोई फर्क नही करना चाहिए। इंटेलिजेंस का जमाना है, दूर दराज के गांव में बच्चे के लिए स्कूल खुल जाने से यहा के बच्चे को दूर नही जाना पड़ेगा।

मकदुमपुर विधायक सूबेदार दास कहा कि शिक्षा विकास की जननी है। इसके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि रंजन, विधान परिषद के सदस्य कुमार नागेंद्र,जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, इंजीनियर पप्पू कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद,पुर्व मुखिया सुरेश प्रसाद, कैला पंचायत के उप मुखिया सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावक सहित गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## नवजात का शव मिलने से लोगों में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बरारी थाना क्षेत्र के कुप्पा घाट रोड स्थित नाले में सुबह एक नवजात का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है।

इसी तरह साइबर थाना की टीम ने चोरी हुए चार मोबाइल फोन तकनीकी निगरानी में बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया।

मोबाइल वापस पाए जाने पर धारकों ने साइबर थाना की टीम को धन्यवाद दिया। जिन लोगों को मोबाइल लौटाए गए, उनमें कहलगांव के आदित्य कुमार, बैंकुठपुर सुल्तानगंज निवासी सौरभ कुमार और मकससपुर निवासी माधव कुमार शामिल हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण में हो रही अनदेखी

## मेन्यू में अंडे की जगह मिल रहा बिस्कुट

### अभिभावकों में भड़क सकता है आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** फलका प्रखंड क्षेत्र में बाल विकास परियोजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण की अनदेखी सामने आई है। विभागीय मंशा से इतर यहां कहीं सिर्फ भात तो कहीं अंडे व मूंगफली की जगह बिस्किट से कुपोषण से लड़ाई की कवायद दिखी।

शब्दा पंचायत के करीब आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। इसमें चौंकाने वाली बातें सामने आई है। पंचायत के दो केंद्रों पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। कुछ केंद्रों पर बच्चे तो थे, लेकिन उन्हें मेन्यू के अनुसार न अंडा दिया गया और न मूंगफली। कहीं अंडे की जगह सिर्फ बिस्किट बांटे गए तो कहीं बच्चों को भोजन में केवल चावल परोसा जा रहा था। थाली से सब्जी गायब मिली। कई केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति 16 से अधिक नहीं पाई गई।

शब्दा पंचायत के कोहवारा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 114 पर दोपहर 12:10 बजे मात्र 12 बच्चे मौजूद थे। सहायिका मीरा देवी केंद्र के पास भोजन तैयार कर रही थीं। लेकिन तब तक बच्चों को नाश्ते में मेन्यू के अनुसार अंडा या मूंगफली नहीं दी गई थी।

12:15 बजे तक उपस्थिति पंजी भी नहीं भरी गई थी। इसी तरह रामी सिमरिया स्थित केंद्र संख्या 116 दोपहर 12:28 बजे खुला मिला। लेकिन वहां एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। केंद्र की साफ-सफाई भी बेहद खराब थी और सेविका-सहायिका अनुपस्थित थीं।

# बागवानी महोत्सव का समापन, 11 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित

## किसानों की सहभागिता ने दिखाया बिहार की बागवानी का उज्ज्वल भविष्य : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में आयोजित तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का समापन रविवार को बिहार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल प्रदर्शनी या बिक्री का मंच नहीं रहा, बल्कि यह नवाचार, आधुनिक तकनीक और किसान-समृद्धि का सशक्त संगम बनकर उभरा है। किसानों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने बिहार की बागवानी के उज्ज्वल भविष्य की स्पष्ट झलक दिखाई है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को कुल 10 लाख 89 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। प्रथम पुरस्कार वैशाली जिले के राजेश कुमार को 88 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार भागलपुर की कुमारी रिंकु को 86 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार




वैशाली की रागिनी देवी को 57 हजार रुपये प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में लगभग 1500 किसानों ने भाग लिया तथा शहद, मखाना, रोपण सामग्री एवं शहरी कृषि उत्पादों की सफल बिक्री हुई। तीन दिनों में लगभग 20 लाख रुपये का कारोबार दर्ज किया गया, जो बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार संभावनाओं को दर्शाता है।

मंत्री ने बताया कि कुल 92 प्रदर्शों को प्रथम, 88 को द्वितीय एवं 89 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार के तहत 4.60 लाख रुपये, द्वितीय में 3.52 लाख रुपये और तृतीय में 2.67 लाख रुपये वितरित किए गए। जिलावार पुरस्कार में भागलपुर जिला 3 लाख रुपये के साथ प्रथम, वैशाली जिला 2.22 लाख रुपये के साथ द्वितीय तथा पूर्णिया जिला 67 हजार रुपये के साथ तृतीय स्थान पर रहा। बागवानी महोत्सव 2026 में राज्यभर के 807 कृषकों द्वारा फल, फूल, सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों सहित 7696 उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। सर्वाधिक 930 प्रदर्श पूर्णिया जिले से आए, जबकि पटना दूसरे और वैशाली तीसरे स्थान पर रहा। महोत्सव में वर्ग 6 से 9 तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 82 बच्चों ने भाग लिया। दानापुर से रिया को प्रथम, मुहम्मदी से अक्शा को द्वितीय एवं पटना से हीं रवि कुमार को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र-छात्राओं को आकर्षक उपहार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि बागवानी एवं संबंधित सामग्रियों के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए। प्रधान सचिव, कृषि विभाग, नर्मदेश्वर लाल ने बागवानी महोत्सव में सहभागिता करने वाले सभी कृषक भाई-बहनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी, उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के कारण यह महोत्सव अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा। कार्यक्रम में देखने को मिली गुणवत्ता, नवाचार और बाजार-समझ को देखते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में इस प्रकार के बागवानी महोत्सव वर्ष में एक से अधिक बार आयोजित किए जा सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके और बागवानी को नई गति प्राप्त हो। इस महोत्सव में इण्डियन आईडल के कलाकार सिरसा रक्षित के गायन एवं राष्ट्रीय स्तर के हास्य कलाकार श्री सुनील पॉल के प्रस्तुति का लोगों ने आनन्द उठाया। मिलेट्स की खिचड़ी एवं खीर तथा मशरूम एवं सोयाबीन व्यंजन आदि के स्वाद का बागवानी महोत्सव में शहरवाशियों ने भरपूर आनन्द लिया। इस अवसर पर पद्मश्री राजकुमारी देवी (किसान चाची), डॉ रूप नारायण मेहता, अध्यक्ष, राज्य किसान आयोग, बिहार, नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, डॉ बीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग, शैलेन्द्र कुमार, अपर सचिव, कृषि विभाग, अभिषेक कुमार, निदेशक उद्यान, कल्पना कुमार, अपर सचिव, कृषि विभाग, अपर निदेशक उद्यान पवन कुमार, राजेश कुमार, संयुक्त निदेशक, सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं किसानगण तथा पटना शहरवासी उपस्थित थे।

## बीएसडीएम की लापरवाही से विशाल युवा केंद्र ठप : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली/पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के तहत संचालित विशाल युवा केंद्र से जुड़ा मामला बिहार कौशल विकास मिशन में वर्षों से लंबित है। पटना उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस और निष्पक्ष फैसला नहीं किया गया, जिससे केंद्र का संचालन पूरी तरह प्रभावित है। केंद्र संचालक आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्ष 2017 से केंद्र का वास्तविक और निरंतर संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है। भवन का वैध किरायानामा, कंप्यूटर सिस्टम, प्रशिक्षित कर्मियों का वेतन, बिजली और इंटरनेट सहित सभी परिचालन खर्च निजी संसाधनों से वहन किए गए हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा ऐसे एनजीओ को भुगतान किया गया, जिसका केंद्र संचालन से कोई सीधा संबंध नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया की निष्पक्षता संदिग्ध है। विभाग द्वारा एक एनजीओ को लगभग 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि इस पर पूर्व में लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि विशाल युवा केंद्र के नाम से पंजाब नेशनल बैंक, जंदाहा में वैध करंट अकाउंट संचालित है, जिसे अद्यतन कर भुगतान किए जाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आनंद रंजन झा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रशिक्षण बंद रहने के बावजूद भवन किराया और अन्य खर्च लगातार वहन किए जा रहे हैं। केंद्र के पुनः संचालन से क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग से मांग की कि केंद्र के वैध बैंक खाते को स्वीकृति देकर लंबित भुगतान तत्काल जारी किए जाएँ और नामांकन प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

# नीट छात्रा कांड में दोषियों को बचाने और सांसद की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में अध्ययनरत नीट छात्रा के साथ गर्ल्स हॉस्टल में हुई हैवानियत और हत्या के मामले में दोषियों को बचाने, बिहार सरकार एवं पुलिस की कथित असंवेदनशीलता तथा न्याय की मांग उठा रहे पूर्णिया के सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के मुख्य द्वार पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ संघी मानसिकता से पोषित सरकार द्वारा बिहार की बेटियों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की हर लड़ाई का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी ने किया है और आगे भी करती रहेगी।

कांग्रेस नेताओं ने पूर्णिया के सांसद की गिरफ्तारी को निंदनीय बताते हुए कहा कि वह लगातार नीट छात्रा कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे और इसी कारण उन्हें निशाना बनाया गया। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नीतीश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक वर्तमान सांसद को आधी रात गिरफ्तार किया जाना लोकतंत्र पर सीधा हमला है और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर संजीव सिंह, रौशन कुमार सिंह, कुमार आशीष, पंकज यादव, असितनाथ तिवारी, मनोज शर्मा, राजीव मेहता, मृणाल अनामय, गुरूदयाल सिंह, कमलदेव नारायण शुक्ला, प्रेमचन्द्र सिंह, दौलत इमाम, विनीता भगत, नदीम अख्तर अंसारी, विमलेश तिवारी, डॉ. अमन कुमार, विशाल यादव, वरुण शर्मा, राजीव रंजन सिंह पप्पू, निशांत करपटने, रंजीत यादव, वसीम अहमद, आरती राय, अजय यादव, मनोज निषाद, अभिषेक कुमार, प्रभात चन्द्रवंशी, अहमद रज़ा खां सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल हुए।

# समर्पण, संकल्प और समान अवसर की मिसाल बनेगी 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026' का आयोजन 11 फरवरी से ऊर्ज़ा स्टेडियम, पटना में किया जाएगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को समान अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमितेश कुमार ने रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का माध्यम है। यह टूर्नामेंट दिव्यांग खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, संघर्ष और जज्बे का उत्सव है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि अलग तरह की शक्ति है, जिसे खेल के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. प्रभात चंद्रा ने




बताया कि इस टूर्नामेंट में बिहार, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की दिव्यांग क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों की सहभागिता से खेल के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश भी मिलेगा। डॉ. चंद्रा के अनुसार, टूर्नामेंट का उद्घाटन 11 फरवरी को सुबह 8 बजे ऊर्ज़ा स्टेडियम में होगा। 12 फरवरी को शाम 6 बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसके बाद रात 9:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल विजेता टीमों को ही नहीं, बल्कि मैदान में उतरने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दिया जाएगा। टूर्नामेंट को रोचक बनाने के लिए दर्शकों के लिए भी विशेष पहल की गई है। प्रत्येक मैच के दौरान बाउंड्री लाइन के बाहर कैच पकड़ने वाले दर्शक को एसोसिएशन की ओर से 200 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर बिहार टीम की घोषणा भी की गई। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि भारतीय दिव्यांग टीम के लिए हाल ही में पदार्पण करने वाले जितेंद्र कुमार यादव को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. प्रभात चंद्रा ने आयोजन को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक प्रयास से यह टूर्नामेंट संभव हो पाया है। उन्होंने खेल प्रेमियों और शहरवासियों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026' केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश देने वाला सामाजिक आंदोलन है।

## पर्वतारोहियों ने गिरनार पर्वतारोहण जूनागढ़ में दिखाया दमखम

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोहण ने गिरनार पर्वतारोहण जूनागढ़-गुजरात में शानदार प्रदर्शन किया। टीम लीडर ओम केशव सिंह कृति ने कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है। बिहार सरकार पर्वतारोहण को बढ़ावा दे तो यहां के पर्वतारोही बड़े कीर्तिमान गढ़ सकते हैं। इसके लिए राजगीर, बांका आदि जगहों पर पर्वतारोहण की प्रतियोगिता कराने की जरूरत है। गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि बिहार हर तरह की प्रतिभा का धनी प्रदेश है। जरूरत है खिलाड़ियों को उचित अवसर देने की। ग्रामीण क्षेत्रों से विलुप्त हो रहे कुश्ती, कबड्डी आदि को बढ़ावा देने की जरूरत है। वैसे बिहार सरकार 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ' अभियान चलाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रही है। हर पंचायत में खेल क्लब का गठन भी बड़ी पहल है।

# दिगम्बर जैन मंदिरों में सुपार्श्वनाथ एवं चन्द्रप्रभु भगवान के कल्याणक श्रद्धापूर्वक मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन समाज के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक तथा आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी के ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

मीडिया प्रभारी एम. पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मीठापुर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुरारा, कालीबीबी का कटरा, कमलदह, पंचायती मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रातःकाल भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मुरादपुर में सुबोध जैन फंटी एवं अन्य श्रद्धालुओं ने शांतिधारा की, जबकि कमलदह मंदिर में सोनु जैन एवं अन्य ने शांतिधारा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसरों में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान वक्ताओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्रप्रभु के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके कल्याणक मानव जीवन को आत्मशुद्धि, ज्ञान प्राप्ति और मोक्ष मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं।

उधर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि कमिटी द्वारा संचालित सभी तीर्थ क्षेत्रों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक तथा भगवान चन्द्रप्रभु का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया तथा निर्वाण लाडू अर्पित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को जैन दर्शन के मूल सिद्धांत–अहिंसा, अपरिग्रह और संयम–को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव एवं मानव कल्याण की मंगल कामना की गई। आयोजन को सफल बनाने में पदाधिकारियों एवं जैन समाज के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। एम. पी. जैन ने बताया कि भगवान सुपार्श्वनाथ जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म वाराणसी (काशी) में इक्ष्वाकु वंश के राजा सुप्रतिष्ठ और रानी पृथ्वी देवी के घर ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी को हुआ था। उनका वर्ण स्वर्ण तथा चिन्ह स्वस्तिक है। उन्होंने नौ माह की कठिन तपस्या के पश्चात फाल्गुन कृष्ण षष्ठी को शिरीष वृक्ष के नीचे केवलज्ञान प्राप्त किया तथा फाल्गुन कृष्ण सप्तमी को सम्मेद शिखर पर निर्वाण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि भगवान चन्द्रप्रभु जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म पौष कृष्ण एकादशी को चन्द्रपुरी में इक्ष्वाकु वंश के राजा महासेन और रानी लक्ष्मणा देवी के घर हुआ था। चंद्रमा के समान श्वेत वर्ण होने के कारण उनका नाम चन्द्रप्रभु पड़ा तथा उनका चिन्ह चंद्रमा है।

# प्राकृतिक मेले में गौरैया संरक्षण बना आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रिजेनरेटिव बिहार की ओर से कमला नेहरू शिशु विहार परिसर, पटना में आयोजित जैविक खाद्य से संबंधित तीन दिवसीय प्राकृतिक मेले में हमारी गौरैया एवं एनवायरमेंट वॉरियर्स, बिहार द्वारा लगाए गए गौरैया संरक्षण जागरूकता स्टॉल ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

स्टॉल पर गौरैया से जुड़ी तस्वीरें, पुस्तिकाएं, पंपलेट, कॉफी मग, पोस्टकार्ड, डाक टिकट, दाना-पानी के पात्र, कृत्रिम घोंसले आदि प्रदर्शित किए गए, जिनके माध्यम से आगंतुकों को गौरैया संरक्षण के



महत्व की जानकारी दी गई।

मेले के दौरान एनवायरमेंट वॉरियर्स की अध्यक्ष अदिति रॉय ने बच्चों के साथ गौरैया संरक्षण विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर बच्चों ने गौरैया संरक्षण की शपथ ली और इस अभियान से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया। निशांत रंजन ने बताया कि प्रदर्शनी में कृत्रिम घोंसले और दाना घर बच्चों व आम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बिहार के 'गौरैया मैन' की पुस्तकों–आई लव स्पैरो, आओ गौरैया और ओ री गौरैया–को भी लोगों ने खूब सराहा। मेले में गौरैया संरक्षण से जुड़े रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सांप-सीढ़ी, पजल और क्यूब शामिल थे। बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में निशांत रंजन, सैफ खालिद, निश्चल कुमार, रजनीश कुमार, अजय कुमार, प्रियांशु रंजन, सभ्यता कुमारी और नंदनी कुमारी ने आगंतुकों को गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी दी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649वां छठिहार जन्मोत्सव सह सम्मान समारोह आयोजित

### जयंती को राजकीय समारोह घोषित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित जगजीवनराम अध्ययन एवं शोध संस्थान के सभागार में अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649वां छठिहार जन्मोत्सव सह सम्मान समारोह श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने की।




समारोह का उद्घाटन पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने दीप प्रज्वलन एवं गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मदन चौधरी, सुभाष चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

अध्यक्षीय संबोधन में अशोक कुमार राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के अनुयायी देशभर में करोड़ों की संख्या में हैं। इसके बावजूद बिहार सरकार द्वारा अब तक उनकी जयंती को राजकीय समारोह का दर्ज़ा नहीं दिया जाना समाज के लिए निराशाजनक है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि गुरु रविदास जी की जयंती को अविलंब राजकीय समारोह घोषित किया जाए।

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा युवाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता को जोड़ने और समाज को जागरूक करने में समर्पित कर दिया। मदन चौधरी ने कहा कि संत रविदास जी संतों में श्रेष्ठ थे और कर्म को प्रधान मानते थे। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

समारोह में गाजीपुर से आए कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। वक्ताओं में प्रमुख रूप से रितेश रंजन, जीवन कुमार और राजेश कुमार ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# बिहार की मशहूर पारंपरिक शैली पर बनी फिल्म होगी रिलीज : नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदी फिल्म झंझारपुर की कहानी बिहार के एक छोटे से गांव की पृष्ठभूमि और सामाजिक परिवेश पर आधारित है। इस फिल्म के माध्यम से निर्देशक नवीन चंद्र गणेश ने समाज के एक अनदेखे और विशिष्ट पक्ष को बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। निर्देशक नवीन चंद्र गणेश ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रही, लेकिन इसे पूरी शिद्दत और ईमानदारी के साथ बनाया गया है। फिल्म के निर्माता शशांक सुधाकरराव साव हैं और इसका निर्माण साव फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। फिल्म की शूटिंग बिहार और मुंबई के खूबसूरत लोकेशनों पर की गई है। फिल्म में कुल चार गीत शामिल हैं, जिनका संगीत साईसामर्थ विवेक मुलाय ने दिया है। ल्लझंझारपुरङ्क को 30वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी प्रदर्शित किया जा चुका है। यह महोत्सव भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। निर्देशक ने बताया कि इस फिल्म के जरिए बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। बिहार निवासी नवीन चंद्र गणेश द्वारा निर्देशित यह फिल्म राज्य की बेहद प्राचीन और लोकप्रचलित परंपरा लौंडा नाच पर आधारित है। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल चुकी है। अब झंझारपुर भारतवर्ष में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है।

# यूपी में बिजनौर जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को श्रवण कुमार ने किया संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिला धामपुर तहसील के ग्राम मिलक, झांगीरबाद में जदयू जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश जनता दल (यू.) के प्रभारी बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहें। कार्यकर्ता सम्मेलन में जिले के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। सम्मलेन के दौरान दर्जनों लोगों ने जनता दल (यू.) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि राज्य प्रभारी एवं बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार के दिशा निर्देश में जिला जद (यू.) को और मजबूत किया जाएगा। इस समारोह में उत्तर प्रदेश जद यू प्रदेश अध्यक्ष श्री अनूप पटेल, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री शालिनी पटेल, सुभाष पाठक, रणवीर सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, जयप्रकाश पटेल, संतोष पटेल, रिजवान खान, मोहम्मद अब्बास व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## परंपरागत खेती के साथ शहद, मछली, दूध, सब्जियों का भी उत्पादन करें किसान : चंद्रवंशी

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वन पर्यावरण और सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने किसानों से अपील की है कि वे परंपरागत धान और गेहूं की खेती के साथ-साथ शहद, मछली, दूध, सब्जियों आदि का भी उत्पादन करें। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्य के सभी गांव और पंचायतों में दुग्ध सहकारी समिति गठित करने की बात कही है। सहकारिता विभाग भी पैक्स के साथ-साथ शहद, मछली, दूध आदि का उत्पादन करने वालों की भी सहकारी समितियां गठित कर रही है। इससे किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। बताया कि वन और पर्यावरण को मजबूती प्रदान करने के लिए सड़क किनारे और तालाब-पोखरों के आसपास पीपल, बरगद, नीम जैसे लंबी आयु वाले वृक्ष लगाने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है।

# ई लाइब्रेरी ज्ञान व इनोवेशन का केंद्र : डॉ. घनश्याम राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** अल्लपट्टी में रविवार को मिथिला ई लाइब्रेरी की दूसरी शाखा खुली। इसे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विवि राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफ़ेसर सिद्धार्थ राज ने खोला है। वे मुंगेर विवि के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय के मार्गदर्शन में रिसर्च स्कॉलर हैं। ई लाईब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव और शोध पर्यवेक्षक डॉ. घनश्याम राय ने किया। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इस डिजिटल युग में यह ज्ञान और इनोवेशन का केंद्र होगी। कहा कि मिथिला लाइब्रेरी का पहला सेंटर तीन साल पहले मारवाड़ी कॉलेज के पास शुरू हुआ था। आज इसके




दूसरे भाग का विस्तार सराहनीय है। इस मौके पर डॉ. रघुवीर रंजन ने कहा कि हमारे विभाग के शोधार्थी हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। इससे विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग की प्रतिष्ठा चौतरफा बढ़ी है। उद्घाटन समारोह में रिसर्च स्कॉलर केशव चौधरी, रजनीश चौधरी, मोहन कुमार, नीतीश कुमार, रोशन कुमार, शुभम कुमार आदि थे।

## संपादकीय

# मुफ्त उपहारों की राजनीति पर रोक की सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं। खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। यही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को कौन कितना ज्यादा लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उस समय पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है। सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? अगर कोई सत्ताधारी पार्टी चुनावों के ठीक पहले किसी योजना या कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाती है, तो उसकी जीत को कितना निष्पक्ष माना जाएगा? दिनोंदिन बढ़ती मुफ्त उपहारों की राजनीति के बीच होने वाले चुनाव को किस हद तक स्वच्छ और स्वतंत्र कहा जाएगा?

# भारत -यूरोपीय संघ समझौता : आर्थिक संबंधों की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि



डॉ मणिकांत झा

वर्तमान वैश्विक परिवेश में नित नए हो रहे हलचल के बीच अर्थव्यवस्था में संरक्षणवाद,भू राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला में अस्थिरता तेजी से हावी हो रही है। ऐसी स्थिति में भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है ।समझौते के तहत दोनों पक्षों ने 95 फीसदी व्यापार को मुक्त व्यापार के दायरे में लाकर विश्व व्यापार में एक नया इतिहास कायम कर दिया है। यूरोपीय संघ ने जहां अपने सभी 155 सब सेक्टर में से 144 को भारत के लिए मुक्त कर दिया ,वहीं भारत ने भी अपने 102 सब सेक्टर को यूरोपीय संघ के लिए खोल दिया है ।इसलिए भी इसे व्यापक व्यापार समझौते के मानक से देखा जा रहा है क्योंकि यूरोपीय संघ वैश्विक जीडीपी का 25 फीसदी और वैश्विक व्यापार का 33 फीसदी हिस्सा संभालता है। बाजार तक पहुंच को विस्तृत करना, व्यापारिक बाधाओ को दूर करना और दोनों पक्षों के व्यवसाययों को स्थिर व दीर्घकालिक नियामक ढांचा प्रदान करना ही समझौते का प्रमुख उद्देश्य है। इससे छोटे एवं मध्यम उद्यमियों के लिए भी बड़े लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं ।भारतीय वस्तु एवं सेवाओं के लिए विश्व के सबसे बड़े आर्थिक समूहों में से एक में बाजार पहुंच को बढ़ाने वाला है वहीं इससे टैरिफ एवं गैर टैरिफ की बाधाओं का भी अंत होगा साथ ही टेक्नोलॉजी और नवाचार का भी आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। इतना ही नहीं यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात के 99% से अधिक सामानों पर तरजीही पहुंच मिलना भी भारतीय उद्योगों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है ।

भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों के वर्तमान व्यापारिक परिदृश्य को देखने से यह स्पष्ट होता है कि भारत का यूरोपीय संघ के साथ ट्रेड सरप्लस की स्थिति बनी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में यह लगभग 15 अरब डॉलर का था ।भारत ने 75.9 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि आयात 60.7 अरब डॉलर का रहा वहीं भारत और यूरोपीयसंघ का संयुक्त व्यापार करीब 2091.6 लाख करोड रुपए यानी 24 ट्रिलियन डॉलर का है। इस दोनों क्षेत्रों के करीब दो अरब लोगोंके लिए व्यापार और नवाचार के अवसर खुलेंगे ।इस तरह मुक्त व्यापार समझौता से दोनों पक्षों के आर्थिक संबंध जहां मजबूत होंगे वहीं रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। फलस्वरूप दोनों पक्षों के भविष्य को नई दिशा मिलना भी तय माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछ्ले दो दशक से लंबी बातचीत के बाद ही यह समझौता अपना पूर्ण रूप प्राप्त कर सका है ।ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को परखें तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच कूटनीतिक संबंध 1962 से स्थापित हुए थे। 2007 में दोनों पक्षों ने एक एग्रीमेंट के तहत मुक्त व्यापार समझौता पर वार्ता शुरू की थी बाद में कृषि ,ऑटोमोबाइल, बौद्धिक संपदा अधिकार जैसी कुछ मुद्दों पर मतभेद के कारण वार्ता ठप हो गई। फिर कोविड महामारी, रूस यूक्रेन युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट के बढ़ते प्रभाव के कारण एक बार फिर 2022 में बातचीत शुरू हुई और 2026 में यह वार्ता मुर्त रूप लेकर सामने है।

भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप ही इस समझौता को माना जा रहा है। यहां तक कहां जा रहा है कि प्रधानमंत्री के इस परिकल्पना को मूर्त रूप देने में इस समझौता की बड़ी भूमिका साबित हो सकती है। यह केवल व्यापारिक समझौता ही नहीं वरन रणनीतिक साझेदारी भी है जो वैश्विक व्यापार में भारत के नेतृत्व के मार्ग को प्रशस्त करता है।

वास्तव में टैरिफ कटौती से कहीं आगे का मार्ग प्रशस्त करने में इस समझौता की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। विकास की संभावनाओं की बात करें तो विशेष कर सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं में भारत की ताकत को नई उड़ान देगा, वहीं यूरोपीय निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करेगा ऐसी प्रबल संभावना है।

जो भी हो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता काफी महत्वपूर्ण है पर अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विकल्प के रूप में इसे कभी भी नहीं माना जा सकता क्योंकि भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की सख्त आवश्यकता है। यह इससे भी साफ होता है कि भारत को अमेरिका के साथ करीब 45 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है जबकि यूरोपीय संघ के साथ यह सिर्फ 25डालर है। दूसरी ओर वर्तमान परिवेश में भारत को अपने रणनीतिक एवं सामरिक समायोजन भी करने होंगे । इसके लिए भारत को अपने आंतरिक मोर्चे को मजबूत बनाते हुए चीन के विरुद्ध चतुराई से रणनीतिक रचना करनी होगी। जिसके लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक व व्यापारिक साझेदारी विशेष लाभकारी साबित हो सकता है।

निसंदेह भारत यूरोपीय संघ समझौता एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसमें दोनों पक्षों के परस्पर हित निहित हैं। बावजूद इसके इसे लागू करने तक कई चुनौतियां भी हैं जिसे भारत को सामना करना होगा। भारत का निर्यात दोगुना होगा पर भारत को व्यापार समझौते के रेगुलेटरी स्टैंडर्ड के साथ समायोजन करने की भी जरूरत पड़ेगी साथ ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी अत्यधिक बनाना होगा क्योंकि यूरोपीय संघ दुनिया का सबसे बड़ा रेगुलेटरी मार्केट है। इतना ही नहीं भारत को तकनीकी उत्पादकता और गुणवत्ता बेहतर करने के लिए अतिरिक्त निवेश भी करना पड़ सकता है।अंततः भारत यूरोपीय संघ समझौता वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा वही दोनों पक्षों के आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी इसकी पूरी संभावना दिख रही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता: निर्णायक कदम



डॉ. रुणा आनंद

वर्तमान समय में वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विश्व व्यवस्था में शक्ति संतुलन लगातार बदल रहा है और आर्थिक कूटनीति अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है। ऐसे समय में भारत और यूरोपीय संघ (ई यु ) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटी ए) केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम माना जा रहा है। वर्ष 2026 में इस समझौते की दिशा में हुई प्रगति ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को नई दिशा प्रदान की है। इसे 'सभी समझौतों की जननी' कहा जाना इस तथ्य को दर्शाता है कि यह लगभग दो दशकों से चल रहे कूटनीतिक और आर्थिक प्रयासों का परिणाम है।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अमेरिका द्वारा अपनाई जा रही संरक्षणवादी नीतियों और व्यापार प्रतिबंधों ने विश्व व्यापार संतुलन को चुनौती दी है। अमेरिका की विदेश नीति में अति राष्ट्रवाद, आर्थिक अलगाववाद और वैश्विक ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण स्थापित करने की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई देती रही है। इन नीतियों के कारण कई देशों को वैकल्पिक आर्थिक साझेदारियों की तलाश करनी पड़ी है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ता सहयोग इसी परिवर्तनशील वैश्विक व्यवस्था का परिणाम है, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है।

यूरोपीय संघ के गठन के बाद से भारत के साथ उसके संबंध सामान्यतः सहयोगात्मक रहे हैं। दोनों पक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवाधिकारों और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। हालांकि शुरुआती वर्षों में यूरोपीय संघ का व्यापार चीन और अमेरिका के साथ अधिक केंद्रित रहा, लेकिन भारत की आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति ने इस स्थिति को धीरे-धीरे बदल दिया। भारत ने अपने आर्थिक सुधारों के माध्यम से विदेशी निवेश और व्यापार को बढ़ावा दिया, जिससे यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत हुए।

कोरोना महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया। इस संकट के बाद यूरोपीय देशों का चीन पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर विश्वास कम हुआ। साथ ही चीन में मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर उठते प्रश्नों ने भी यूरोपीय संघ को वैकल्पिक साझेदारों की तलाश के लिए प्रेरित किया। भारत ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत किया। वर्ष 2022 में व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पुनः स्थापना ने दोनों पक्षों के बीच संबंधों को नई गति प्रदान की।

आज भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनकर उभरा है। भारत ने अपनी संतुलित आर्थिक कूटनीति और बहुपक्षीय मंचों जैसे ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक व्यापार में नई पहचान स्थापित की है। अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क और वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारत ने वैकल्पिक व्यापारिक साझेदारियों को विकसित कर अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए रखी है। यही कारण है कि यूरोपीय संघ भारत को एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदार के रूप में देख रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। वर्तमान में भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 136 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। यह समझौता यूरोप के लिए चीन और अमेरिका पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध होगा, जबकि भारत के लिए यह विश्व के सबसे बड़े एकल बाजार तक सहज पहुँच सुनिश्चित करेगा। यह समझौता वैश्विक आर्थिक स्थिरता और संतुलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

यह मुक्त व्यापार समझौता वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने या कम करने, सेवा क्षेत्र में व्यापार को उदार बनाने तथा निवेश प्रवाह को बढ़ाने पर केंद्रित है। भारत और यूरोपीय संघ मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 25 प्रतिशत तथा विश्व व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा नियंत्रित करते हैं। इस समझौते का लक्ष्य वर्ष 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे न केवल दोनों क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी स्थिरता प्राप्त होगी।

समझौते के तहत यूरोपीय संघ भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को शुल्क मुक्त पहुँच प्रदान करेगा। इससे भारतीय उद्योगों, विशेष रूप से श्रम प्रधान क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ मिलने की संभावना है। वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण तथा समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। दूसरी ओर भारत चरणबद्ध तरीके से यूरोपीय संघ के लगभग 92 से 97 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क समाप्त करेगा, जिससे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध होंगे।

इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों जैसे डेयरी, कृषि और पशुपालन को सुरक्षित रखने में सफलता प्राप्त की है। यह भारत की संतुलित और दूरदर्शी आर्थिक नीति को दर्शाता है। भारत ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए वैश्विक व्यापारिक साझेदारी को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। यह निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यूरोपीय संघ की लग्जरी कारों जैसे मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू को भारतीय बाजार में कम शुल्क पर प्रवेश मिलने की संभावना है। इससे भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे तकनीकी उन्नति और गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि इसके साथ ही घरेलू उद्योगों के सामने प्रतिस्पर्धा की चुनौती भी बढ़ेगी, जिसके लिए भारत को अपनी औद्योगिक नीतियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना होगा।

यह समझौता केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीतिक संतुलन को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। यह समझौता नियम-आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देगा।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए दीर्घकालिक आर्थिक विकास, स्थिरता और पारस्परिक सहयोग के नए अवसर प्रदान करेगा। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह साझेदारी भविष्य में वैश्विक आर्थिक नेतृत्व के नए आयाम स्थापित कर सकती है और एक संतुलित तथा स्थायी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

**(डॉ. रुणा आनंद राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर बी.डी. कॉलेज, पटना में कार्यरत हैं, जो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध है और अंतरराष्ट्रीय संबंध, वैश्विक राजनीति, आर्थिक कूटनीति तथा समकालीन राजनीतिक विषयों पर शोध एवं लेखन में विशेष रुचि रखती हैं। )**

# ड्रैगन की सेना में आई दरार, अपने ही जनरल बन रहे जिनपिंग के लिए खतरा

**मैं आपको बता दें कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान के नाम पर चल रही कार्रवाई ने सेना के सबसे ऊंचे हलकों को झकझोर दिया है। केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य एक एक कर हटाए जा रहे हैं या जांच के घेरे में आ रहे हैं। मार्च 2023 में जब चीन की सेना का शीर्ष नेतृत्व राष्ट्र के सामने एकजुट खड़ा दिखाया गया, तब संदेश साफ था कि शी जिनपिंग ने लगभग एक दशक की सत्ता के बाद अपनी पसंद का सैन्य ढांचा खड़ा कर लिया है। अपने भरोसे के अधिकारियों को ऊपर बैठाकर उन्होंने जन मुक्ति सेना को विश्व स्तर की शक्ति बनाने का लक्ष्य रखा था। पर अब वही ढांचा भीतर से हिलता दिख रहा है। केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य एक एक कर हटाए जा रहे हैं या जांच के घेरे में आ रहे हैं। ताजा और सबसे चौंकाने वाला मामला शी जिनपिंग के करीबी माने जाने वाले शीर्ष सेनापति झांग योउश्या का है। उनके साथ एक और प्रमुख कमान संभालने वाले अधिकारी लियू झेनली भी पद से हटाए गए हैं।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

साल 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम तीस ऐसे जनरल और एडमिरल स्तर के अधिकारी थे जो विशेष विभागों और क्षेत्रीय कमानों का संचालन कर रहे थे। अब इनमें से लगभग सभी या तो बाहर कर दिए गए हैं या सार्वजनिक जीवन से गायब हैं। उनकी जगह लगाए गए कई नए अधिकारी भी ज्यादा समय तक नहीं टिके। सक्रिय भूमिका में बचे अधिकारियों की संख्या बेहद कम बताई जा रही है।

शी जिनपिंग की इस कार्रवाई से सेना में नेतृत्व का खालीपन पैदा हुआ है। झांग योउश्या और लियू झेनली जैसे अधिकारी युद्ध की तैयारी और संचालन की योजना में अहम माने जाते थे। उनके अचानक हटने से जन मुक्ति सेना की तैयारी और भरोसे पर असर पड़ना स्वाभाविक है।

केंद्रीय सैन्य आयोग में अब जो प्रमुख चेहरा बचा है वह झांग शेंगमिन हैं, जिनकी पहचान राजनीतिक अनुशासन और भ्रष्टाचार विरोधी जांच से जुड़ी रही है। उन्होंने प्रक्षेपास्त्र बल में लंबा समय अनुशासन अधिकारी के रूप में बिताया। यही बल चीन के परमाणु और पारंपरिक प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम संभालता है। पिछले वर्ष उन्हें आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

हम आपको यह भी बता दें कि कार्रवाई केवल थल सेना तक सीमित नहीं रही है। नौसेना, प्रक्षेपास्त्र बल और लगभग सभी शाखाओं में यह कार्रवाई चली है। साथ ही पांचों क्षेत्रीय कमान, जिन्हें 2016 में नई संरचना के तहत बनाया गया था, भी इससे अछूती नहीं रहीं। पूर्वी क्षेत्रीय कमान, जो ताइवान के आसपास की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है, वहां भी बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं और हाल में नया कमांडर लगाया गया है।

इस बीच, सैन्य अखबार ने अधिकारियों और जवानों से अपील की है कि वे फैसलों का समर्थन करें और शी जिनपिंग के साथ खड़े रहें। साथ ही यह भी माना गया कि इन कदमों से अल्प अवधि की कठिनाई और पीड़ा हो रही है मगर दावा किया गया है कि अंत में सेना और मजबूत बनकर उभरेगी।

इसी बीच रक्षा क्षेत्र से जुड़े तीन सांसदों को भी उनके पद से हटा दिया गया है। ये लोग रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष उड़ान और परमाणु उद्योग से जुड़े थे। इनमें एक बड़ी सरकारी विमान निर्माण कंपनी के पूर्व प्रमुख, एक लंबे समय से परमाणु हथियार अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक और एक सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी के मुख्य अभियंता शामिल हैं। कारण सार्वजनिक नहीं किए गए, पर यह कदम संसद के वार्षिक अधिवेशन से ठीक पहले उठाया गया।

चीन ने 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण का लक्ष्य रखा है। पर सेना के भीतर



भ्रष्टाचार को इस राह में बाधा माना जा रहा है। कुछ हटाए गए अधिकारियों के नाम उनकी संस्थाओं की सूची से भी गायब कर दिए गए हैं। साथ ही कई रक्षा कंपनियों में भ्रष्टाचार विरोधी बैठकें तेज कर दी गई हैं।

वहीं सबसे गंभीर आरोप यह है कि शीर्ष सेनापति झांग योउश्या पर परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी अमेरिका तक पहुंचाने और रिश्वत लेकर पदोन्नति कराने के आरोप लगे हैं। हालांकि आधिकारिक बयान में उन पर केवल अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन की बात कही गई, पर अंदरूनी ब्रीफिंग में जासूसी और रिश्वत के आरोप चर्चा में रहे। इन घटनाओं के बीच शी जिनपिंग 2027 से आगे भी पार्टी प्रमुख के रूप में बने रहने की राह देख रहे हैं और माना जा रहा है कि उन्हें चौथा कार्यकाल मिल जाएगा। पर उससे पहले उन्हें नए भरोसेमंद सैन्य चेहरे खोजने होंगे।

देखा जाये तो जो कुछ चीन की सेना में चल रहा है वह केवल भ्रष्टाचार विरोधी अभियान नहीं, बल्कि सत्ता की लोहे की मुट्ठी कसने की कहानी है। शी जिनपिंग ने पहले अपने वफादारों को ऊपर बिठाया, अब वही वफादार भी शक के घेरे में हैं। संदेश साफ है- वफादारी स्थायी नहीं, केवल शी के प्रति पूर्ण समर्पण ही सुरक्षा कवच है।

इसका सामरिक असर भी गहरा है। सेना किसी भी देश की ताकत का आधार होती है। जब शीर्ष कमान बार बार बदले, जब अधिकारियों को हर समय डर रहे कि अगली बारी उनकी है, तब साहसी और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। युद्ध की तैयारी भरोसे, निरंतरता और स्पष्ट आदेश श्रृंखला पर टिकती है। वहां यदि भय और संदेह घर कर जाए तो कागज पर मजबूत दिखने वाली सेना मैदान में डगमगा सकती है।

परमाणु और प्रक्षेपास्त्र बल में उठापटक खास चिंता की बात है। यह वही क्षेत्र है जो प्रतिरोध की अंतिम दीवार माना जाता है। यदि यहां राजनीतिक निष्ठा को पेशेवर दक्षता पर तरजीह दी गई तो गलत आकलन का खतरा बढेगा। दुनिया के लिए यह अस्थिरता का संकेत है।

ताइवान के संदर्भ में भी यह बदलाव मायने रखते हैं। एक तरफ चीन दबाव बनाए रखना चाहता है, दूसरी तरफ उसकी कमान संरचना भीतर से हिल रही है। यह स्थिति या तो उसे जल्दबाजी में कदम उठाने को उकसा सकती है ताकि अंदरूनी कमजोरी छिपे, या फिर उसे कुछ समय के लिए सतर्क बना सकती है। दोनों ही हालात क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित करते हैं।

साथ ही शी जिनपिंग के इरादे समझना कठिन नहीं। वह सेना को केवल राष्ट्रीय रक्षा का साधन नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की ढाल और तलवार दोनों बनाना चाहते हैं। उन्हें ऐसी सेना चाहिए जो पहले पार्टी के प्रति, फिर देश के प्रति जवाबदेह हो, और अंत में पेशेवर मानकों की बात करे। वह 2035 का लक्ष्य और 2027 के बाद की अपनी कुर्सी, दोनों सुरक्षित करना चाहते हैं।

पर इतिहास बताता है कि डर पर खड़ी व्यवस्था भले बाहर से कठोर दिखे, पर भीतर से वह खोखली हो सकती है। लगातार सफाई अभियान से कुछ समय के लिए नियंत्रण बढ़ता है, पर साथ ही पहल करने की भावना मरती है। हर अधिकारी जोखिम लेने से बचेगा, हर निर्णय ऊपर की ओर धकेला जाएगा। युद्ध और कूटनीति दोनों में यह कमजोरी बन सकती है। इसलिए चीन की यह अंदरूनी उथलपुथल केवल उसका घरेलू मामला नहीं। यह एशिया की सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन और परमाणु स्थिरता से जुड़ा सवाल है। शी जिनपिंग अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, पर जितनी कसकर मुट्ठी बंद होगी, उतना ही खतरा है कि रेत फिसल भी सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल समर्थकों ने फूंका सरकार के मुखिया का पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही उनके समर्थकों में जबरदस्त उबाल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान के नेतृत्व में शहीद चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया और इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पप्पू यादव को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 31 साल पुराने केस में पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। इसके बाद लगातार उनसे जुड़े समर्थको के द्वारा विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। वहीं छात्र नेता चंदन यादव ने भी कहा कि पटना में नीट छात्रा कांड मामले का जिस प्रकार सांसद पप्पू यादव ने खुलासा किया है और आवाज उठाई है उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है जबकि छात्र नेता रवि यादव ने कहा कि बिहार के एकमात्र सांसद है राजेश रंजन और पप्पू यादव जो नीट छात्रा कांड का मजबूती से आवाज उठा रहे हैं साथ ही साथ जनता के हर मुद्दों को मजबूती से उठते हैं।

सांसद पप्पू यादव को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया हैं। मौके पर मौके पर चंदन यादव, रवि यादव, अब्दुल सकीम, मो० ऐनूल, राजा यादव, पवन सिंह, कुमार गौरव, मसूद रजा खान, अजय पोद्दार, दीपक कुमार, रवि यादव, सुनील यादव, रोशन यादव, श्याम चौधरी, गौतम कुमार, अमित महतो, आशीष मंडल, राहुल, हसन खान, बिट्टू यादव, रविंद्र यादव, सोमनाथ कुमार, दीपक यादव, करण कुमार राय, पीयूष यादव, राजदीप यादव, आशुतोष यादव सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे ।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण एवं एनीमिया की रोकथाम तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह आंगनवाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रखंड के परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर 3 से 4 माह की गर्भवती महिलाओं के लिए गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा । ताकि मां एवं गर्भस्थ शिशु दोनों स्वस्थ रहें तथा सुरक्षित एवं खुशहाल भविष्य सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार, फल, पौष्टिक सामग्री प्रदान की गई तथा उचित खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं एनीमिया से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। गोदभराई कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के मार्गदर्शन में महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र अंतर्गत पोषक क्षेत्र के महिला ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लूट की दो घटनाओं का सफल उद्भेदन

■ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क के बेशर्मा पुल के पास विगत रात्रि एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक ने डिलेवरी बॉय



कृष्ण कुमार (24) पिता मोगन चौधरी साकिन मरंगी थाना मनसाही को रोककर मारपीट कर मोबाइल एवं आठ हजार रुपए छीन लिए। इस घटना में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 48/26 का मामला दर्ज किया गया हैं । इस घटना के तुरंत बाद उसी जगह पर एक टोटो चालक राजा कुमार साह (27) पिता वीरेन साह जो हफलागंज शिव मंदिर चौक थाना मुफस्सिल का रहने वाला हैं। कटिहार से अपना टोटो चलाकर घर जा रहा था इसी क्रम में तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा टोटो को रोक कर मारपीट की गई एवं कट्टा दिखाकर धमकी दी गई तथा मोबाइल छीन ली गई। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना में 49/26 का मामला दर्ज किया गया हैं। इस बाबत पुलिस अधीक्षक कटिहार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कटिहार सदर वन के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया एवं गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापामारी कर घटना में संलिप्त मनीष कुमार यादव पिता डोमन यादव उर्फ रामू यादव साकिन मरंगी, मो. शाहिद पिता मोहम्मद भोला साह साकिन रघुनीचक दोनों का थाना मनसाही जबकि मोहम्मद तौसीफ पिता मो. फिरोज साकिन मखदुमपुर बाबू टोला थाना मुफस्सिल को गिरफ्तार किया । इनके पास तलाशी के क्रम में दो मोबाइल भी बरामद किया गया एवं आगे की कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया ।

## गोलीबारी कांड का खुलासा मुख्य शूटर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** आजमनगर /कटिहार- आजमनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम घटित गोलीकांड का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। पुलिस ने महज 24 घंटे में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुचाने में सफलता पा लिया है । बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम हुई गोलीबारी में एक नवयुवक को गोली लगी थी। घटना को लेकर पीड़ित के बड़े भाई मो. मखदुम आलम ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि उसके घर के सामने वाली गली में विवाद हुआ था। इसी दौरान दनिहा निवासी मो. मुशगर अली ने उनके 18 वर्षीय भाई मो. कोलेन आलम पर गोली चला दी। गोली जांघ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड अन्वेषण तथा आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई अजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक और मानवीय सूचनाओं के आधार पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी मो. मुशगर अली (20) को धर दबोचा। आजमनगर थाना में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई की जा रही है।

# सत्संग को लेकर भूमि पूजन ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)** । संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज का 47 वां वार्षिक अधिवेशन की तैयारी को लेकर सालमारी के ढोलमारा खेल मैदान में संतमंत के नियमानुसार भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर सेंकड़ों संतमत प्रेमी भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण में उपस्थित रहे। संतमत सत्संग कमेटी के जिलाध्यक्ष डा सत्यनारायण मंडल ने जानकारी दी के आगामी छ और सात मार्च 2026 को जिला स्तरीय संतमत सत्संग का आयोजन सालमारी के ढोलमारा खेल मैदान में होगा। भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण के साथ ही संतमत सत्संग की तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।



स्वामी योगिराज नागेश्वर बाबा, सद्गुरु स्वामी तेजप्रताप बाबा, बासुदेव बाबा सहित जिला संतमत सत्संग कमेटी सहित संतमत प्रेमी गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भुमि पुजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा सत्यनारायण मंडल,डा अशोक कुमार विश्वास, पुर्व विधानपार्षद मोहनलाल अग्रवाल, दिनेश प्रसाद मंडल, बलदेव प्रसाद यादव, सुबोध गुप्ता, संजीव मंडल, विपीन मंडल, अरूण मंडल, सुधिर दास, डा चन्द्रप्रताप, उत्तम भगत, रंजीत मंडल,अशोक सरावगी, ललित बुबना,मनोज अग्रवाल, अशोक सिंहानिया, आदर्श अग्रवाल, संदीप, प्रदीप, संजीव केडिया,गोलू,यश आदि उपस्थित रहे ।

# दिशा की बैठक में केन्द्र संचालित योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। सांसद तारिक अनवर की अध्यक्षता में आहुत बैठक में विधायक बिजय सिंह निषाद, कविता पासवान, संगीता देवी जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, प्रखंड प्रमुख, मुख्य पार्षद मुख्य एवं मनोनीत गैर सरकारी सदस्य रुप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन सदस्य सचिव सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने किया।



वहीं केन्द्र संचालित कुल 67 योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें मनरेगा,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय कृषि विकास मिशन सहित कई अन्य शामिल रहे। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पदाधिकारियों से आवश्यक पूछताछ के बाद आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में पहुंचने के बाद जिला पदाधिकारी द्वारा समिति के अध्यक्ष सह कटिहार सांसद का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमित कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव, नगर आयुक्त संतोष कुमार, डीआरडीए निदेशक सुदामा प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आपराधिक वारदात किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : एसपी

■ फलका थाना को एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत फलका थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के डायरी, अपराध संचिका, सहित विभिन्न कागजातों का गहन जांच किये। पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी ने बताया कि थाना के रिकार्ड्स का अवलोकन किया गया। खास कर गुंडा पंजी, लूट और डकैती जैसे संगीन अपराध के अलावा सीडी पार्ट -2 एम वाई अल्फाबेटिकल इंडेक्स और यहां पर जो हाल-फिलहाल में क्राइम पैटर्न रहा है हत्या, लूट, डकैती जैसे आपराधिक कांड रिव्यू किया गया। साथ ही साथ जो पुराने केस यहां पर पेंडिंग है निर्देश दिया गया। पुराने



केस का जल्द से जल्द जो निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सबंधित जांच पदाधिकारी से शोकॉज पूछा । शोकॉज आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष को गश्ती के साथ साथ समय -समय पर वाहन चैकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके आलावा लंबित कांड का अविलंभ निष्पादन और वारंट का निष्पादन करने का आवश्यक निर्देश दिये । इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा क्षेत्र में अपराधिक वारदात किसी भी हाल में वरदास्त नहीं की जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि कांड समीक्षा में लापरवाही बरतने वाले पर कारवाई भी की जायेगी। अनुसंधान में लापरवाही किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। थाना क्षेत्र में गश्ती और अपराधियों का शिनाख्त कर उसपर नजर रखने का भी निर्देश दिये। थाना आये पीड़ितों के साथ हरहाल में अच्छा व्यवहार करने का भी निर्देश दिये। साथ ही समय - समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने कहा। कांड का उदभेदन कर अपराधियों गिरफ्तार करने का निर्देश दिये।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)** । प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के पंचायत भवन मोहनपुर में विधिक सभीबलोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना अगर करना पड़ रहा हैं तो विधिक जागरूकता शिविर में जाकर अदालत, संवाद योजना, आशा योजना, डॉन योजना,जागृति योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीएलभी विजय



जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता संजय पासवान ने पंचायत से आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आवेदन कर सकते हैं उन्हें तुरंत ही शिविर के माध्यम से आवेदन का निष्पादन किया जाएगा।

विधिक जागरूकता शिविर में लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक कुमार, बलराम पोद्दार, सुनील शर्मा, प्रकाश मंडल, पवन कुमार मंडल, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार पोद्दार, मो. फिरोज आदि मौजूद रहे।

# कोडिंग कफ सिरप एवं बाइक के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)** । मनिहारी पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने दो लोगो को 39 बोतल कोडिंग कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष पंकज आनंद ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान नारायणपुर ओवर ब्रिज के पास वाहन चेकिंग लगाया गया था । एक बाईक पर दो लोग सवार होकर कटिहार की ओर से आ रहे थे ।



पुलिस को देखते ही दोनो भागने का प्रयास करने लगा । परंतु कारवाई में लगे पुलिस पदाधिकारी मनोज पासवान ने तेजी दिखाते हुए बाइक को पकड़ लिया ।बाइक के जांच के दौरान झोला तथा डिक्की से 39 बोतल कोडिंग कफ सिरप बरामद किया गया है। बाइक सहित गिरफ्तार अभियुक्त रकीम आलम तथा हमजीद उर्फ बबलु मनिहारी नगर के पुरब टोला वार्ड 14 के रहने वाला हैं। दोनो को जेल भेज दिया गया है। मनिहारी मे कोडिंग कफ सिरप, स्मैक, गांजा का बिक्री धडल्ले से किया जा रहा है ।

# मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर डीएम ने पंचायत भवन में हो रहे कार्यों का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान बीडीओ मनीषा कुमारी को आवश्यक दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगामी जिले में आयोजित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने रविवार को प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत बड़झल्ला पंचायत में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर डीडीसी, एडीएम, एसडीओ, जिला से अन्य पदाधिकारीगण एवं बीडीओ, सीओ, राजस्व अधिकारी, अभियंता, थाना अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



जिला पदाधिकारी ने हेलीपैड स्थल,जनसभा स्थल, हेल्थ सेंटर, पंचायत भवन का बाउंड्री वॉल कार्य,हवा महल, सामुदायिक भवन, जीविका दीदी सिलाई कटाई सेंटर, दर्जनों स्टॉल, मध्य विद्यालय बुधनगर में पोषण वाटिका, किचन शेड,विद्यालय का रंगाई पुताई, सोख्ता निर्माण कार्य, हाईस्कूल में लाइब्रेरी और आईसीटी आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर संचालित फार्मर आईडी कैंप का निरीक्षण किया।

45 मिनट तक सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए बीडीओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते शीघ्र ही कार्यों को पूर्ण कराने को कहा। जिला पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधि जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, स्थानीय मुखिया रोशन कुमार, संजय मंडल आदि ने मुख्यमंत्री कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भरपूर सहयोग करने की बात कही।

# मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत सड़क एवं नाला निर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)** । रविवार को मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनान्तर्गत बारसोई नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के पोस्ट ऑफिस के बगल से अशोक साह के घर होते हुए धार पुलिया तक पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण कार्य का विधायक संगीता देवी ने फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया गया है। विधायक संगीता देवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत में सबसे अधिक जल निकासी की समस्या है।





यह नाला लागत 51 लाख 46 हजार 202 रुपए की है इस रोड और नाली बन जाने से लोगो की आवागमन की कठिनाई नहीं होगी एवं जल निकासी से स्थानीय लोगों को निजात मिलेगा। विधायक ने कहा कि मेरी एक ही लक्ष्य है अपने 65 बलरामपुर एवं बारसोई को एक नई ऊँचाई पर ले जाना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत से भी सड़क एवं नाला का निर्माण जनता के हित में हो रहे हैं। सब जनप्रतिनिधि मिलकर विकास के काम को आगे बढ़ाएंगे । वही मुख्य पार्षद विमला देवी एवं उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साहा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं। योजना बोर्ड में मुख्य पार्षद के नाम तक नहीं है। जो सही नहीं है। इस अवसर पर सागर साह, संजीव कुमार, हप्पू गुप्ता, कुंदन साह रोहन कुमार, पिंटू साह, राजेश कुमार, छोटू रजक, पिंटू रजक, भट्टू रजक, माहिर रजा, सूरज प्रसाद, गोलू कुमार, कुणाल यादव, संतोष मालाकार, श्याम साह, गौतम साह, प्रशांत साह, चंदन साह, आनंद गुप्ता, आकाश रजक, राजकुमार रजक, राकेश गुप्ता एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# ज्ञानस्थली इंटरनेट स्कूल का विधायक ने किया उदधाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा बडीहा रोड़ स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल का पूर्व शिक्षा मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह, मकदूमपुर विधायक सूबेदार दास, विधान पार्षद नागेंद्र कुमार ने संजयुक्त रूप से मिल फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर पूर्व मंत्री विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा वो चीज है जिसे कोई छीन नहीं सकता इस लिए हर लोगों को पढ़ाई के प्रति बच्चे को प्रेरित करने की जरूरत है जिससे कि बच्चे पढ़ लिख कर अपने गांव समाज का नाम रौशन कर सके साथ ही लोगों को लड़का व लड़कीयो में कोई फर्क नही करना चाहिए इंटेलिजेंस का जबाना है दूर दराज के गांव में बच्चे के लिए स्कूल खुल जाने से यहा के बच्चे को दूर नही जाना पड़ेगा।

# सहकार भारती की ओर से बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार** । सहकार भारती की ओर से राष्ट्रीय प्रवास योजना के तहत राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश प्रसाद ने द रेलवे मेंस कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की कार्य परियोजनाओं के संदर्भ में जानकारी लेते हुए समिति में कार्यरत कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही मखाना क्षेत्र में कार्य कर रहे फॉक्सनट ग्लोबल कंपनी और उनसे जुड़े विभिन्न उतपादो व किसान उत्पादक संगठन एफपीओ की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी लिये।



उन्होंने बताया कि हम छोटे किसानों को एकजुट करके एफपीओ के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकने का सफल प्रयास कर सकते हैं। जिसके लिए सरकार अनव्रत योजना चलाती आ रही है। इस अवसर पर सहकार भारती के जिला महामंत्री सह अधिवक्ता सुमित वर्मा के आवास पर एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सहकार भारती के प्रदेश संगठन मंत्री राजेश श्रीवास्तव, पूर्णिया विभाग के विभाग प्रमुख गौरव सिंहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री सुमित वर्मा, अमित सिंह, गोलू कुमार, अक्षय, मोंटी, धीरज, पंकज, विवेक, बिक्की, दक्षिणी भंडारतल व जंगलाटाल एफपीओ प्रतिनिधि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनका मार्गदर्शन असम से आए सहकार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश प्रसाद ने करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सहकारिता का लाभ पहुंचाने का आहवान सदस्यों से किया।

## पशुओं का चारा सवालों के घेरे में

### अमेरिका संग ट्रेड डील को लेकर भारतीय किसानों की बढ़ी चिंताएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की कई चीजें



सामने आ गई हैं। इस डील में पशुओं का चारा भी शामिल है जो अमेरिका से भारत आएगा। इसे लेकर भारतीय किसानों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं। खासकर पशुओं के चारे के तौर पर मक्का और सोयाबीन तेल के आयात को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। भारत ने मक्का और सोयाबीन पर अपनी सुरक्षा बनाए रखी है। ये दोनों ही फसलें अमेरिका में जेनेटिकली मॉडिफाइड यानी आनुवंशिक रूप से संशोधित होती हैं। लेकिन, भारत ने पशुओं के चारे के लिए सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन्स और लाल ज्वार के आयात पर सहमति जताई है। इसके अलावा मेवे, ताजे व प्रोसेस्ड फल और सोयाबीन तेल का भी आयात होगा। क्या है किसानों की चिंता पशुओं के चारे के आयात को मंजूरी मिलने से किसान संगठनों में बेचैनी है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक किसानों के संगठनों का कहना है कि डीडीजी जो मक्के से बनता है, वह भी जेनेटिकली मॉडिफाइड होता है। उन्होंने सोयाबीन तेल के आयात पर भी सवाल उठाए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय किसान संघ ने भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया है कि हमारी सभी फसलें सुरक्षित हैं। भारत में डीडीजीमक्के और चावल से एक उप-उत्पाद के रूप में निकाले जाते हैं। इनकी गुणवत्ता ब्रॉयलर मुर्गियों और डेयरी गायों के चारे के लिए उपयुक्त नहीं होती है। अमेरिका में मक्के से इथेनॉल प्रोडक्शन के उप-उत्पाद के रूप में बनने वाले डीडीजीकी गुणवत्ता बेहतर और कीमत भी कम होती है। किसान संगठनों ने यह भी कहा कि डीडीजी और लाल ज्वार के आयात से लाखों किसानों की आय प्रभावित होगी, जो जानवरों और मुर्गीपालन के लिए चारा और दाना उगाने वाली फसलें उगाते हैं। वहीं सोयाबीन तेल के आयात से भी आर्थिक नुकसान होगा। क्ष्यस-के अखिल भारतीय महासचिव मोहिनी मोहन मिश्रा ने कहा कि सरकार को इस पर अपनी स्थिति और स्पष्टता से पेश करनी चाहिए।

## सोना 175000 और चांदी 330000 तक जाएगा तेजी ने फिर बदला माहौल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बार फिर से सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। सोने का भाव सर्राफा



बाजार में शुक्रवार की शाम को 150882 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी का 244929 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई थी। इस तेजी के बाद अब निवेशकों के मन में एक बार फिर संशय बन गया है कि आने वाले समय में गोल्ड और सिल्वर का रेट कहां जा कर रुकेगा एक्सपर्ट्स के अनुसार गोल्ड का रेट 175000 रुपये के स्तर तक आने वाले सत्रों में जा सकता है। एक्सपर्ट का मानना है कि गोल्ड इस समय बुलिश ट्रेंड को दिखा रहा है। उनका कहना है कि सोने का भाव अगर 147000 रुपये के पार बना रहा तो यह बुलिश ट्रेंड आगे भी देखने को मिलेगा। सिल्वर का रेट अपने आल टाइम हाई 420048 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंचने के बाद तेजी से नीचे आया। हालिया गिरावट निवेशकों के लिए खरीदारी करने का एक बेहतर मौका लेकर आया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार चांदी की कीमतों में कोई भी गिरावट निवेशकों के लिए इन्वेस्टमेंट का मौका लेकर आएगी। ईरान और अमेरिका के बीच हुई सकारात्मक बातचीत और डॉलर के मजबूत होने की वजह से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। तो यहां शादियों के सीजन की वजह से डिमांड में इजाफा हुई है। इसका भी असर सोने और चांदी की कीमतों पर दिखा है। अपने आल टाइम रेंज पर पहुंचने के समय पर इस बात की चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं सोना और चांदी आम-आदमी की पहुंच से बाहर ना हो जाएं।

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला

**● भारत-अमेरिका व्यापार समझौता ● भारतीय वस्त्र उद्योग को बड़ा मौका, भारतीय निर्यात को मिलेगा सीधा लाभ**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा अवसर खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय के मुताबिक इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद



रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इससे नए ऑर्डर मिलने और निर्यात बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। उद्योग को लागत के मोर्चे पर राहत मिलेगी। सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। अनुमान है कि कुल वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है। इससे बाजार जोखिम भी बंटेगा और निर्यात ढांचा मजबूत होगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

# एसेट क्वालिटी में जबरदस्त सुधार

**एसबीआई ने रचा इतिहास, मुनाफा 21,000 करोड़ के पार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने शनिवार को वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। बैंक ने बाजार की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अब तक का सबसे अधिक त्रैमासिक स्टैंडअलोन मुनाफा दर्ज किया है। ऊंचे प्रोविजनिंग बफर और ब्याज आय में वृद्धि के दम पर बैंक की बैलेंस शीट पहले से और मजबूत हुई है। एसबीआई ने दिसंबर तिमाही में 21,028 करोड़ का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है, जो बैंक के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। वहीं, समेकित आधार पर बैंक का मुनाफा 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ हो गया है। बैंक की कमाई का मुख्य जरिया, यानी नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई), सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 41,446 करोड़ थी। यह वृद्धि 15.14 प्रतिशत की मजबूत लोन ग्रोथ के कारण संभव हो सकी है, हालांकि घरेलू नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई और यह 3.12 प्रतिशत पर आ गया। बैंक की एसेट क्वालिटी के मोर्चे




पर अच्छी खबर है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 31 दिसंबर, 2025 तक घटकर 1.57 प्रतिशत हो गया है, जो सितंबर तिमाही में 1.73 प्रतिशत था। हालांकि, बैंक ने सतर्कता बरतते हुए प्रोविजनिंग में भारी बढ़ोतरी की है। इस तिमाही में कुल प्रोविजन 4,507 करोड़ रहे, जो पिछले साल की इसी तिमाही में मात्र 911 करोड़ थे। वहीं, नए स्लिपेज (नए फंसे कर्ज) का आंकड़ा बढ़कर 4,458 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष 3,823 करोड़ था। बैंक की नॉन-इंटरेस्ट इनकम में 15.65 प्रतिशत की शानदार उछाल दर्ज की गई, जो बढ़कर 8,404 करोड़ हो गई। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस मुनाफे में एसबीआई म्यूचुअल फंड से मिले 2,200 करोड़ के विशेष लाभांश का बड़ा योगदान है। इसके अलावा, फीस आय और राइट-ऑफ खातों से रिकवरी ने भी मुनाफे को सहारा दिया। हालांकि, बैंक का कुल खर्च भी बढ़ा है। यह आंकड़ा पिछले साल के 1,04,917 करोड़ से बढ़कर 1,08,052 करोड़ हो गया है। सरकारी बैंकिंग क्षेत्र में मजबूती बनी हुई है। 15 प्रतिशत से अधिक की क्रेडिट ग्रोथ और घटता एनपीए इस बात का संकेत है कि बैंक अपनी उधारी प्रक्रिया में सावधानी और आक्रामकता का संतुलन बनाए हुए है।

## हर शेयर पर डिविडेंड का ऐलान, रिकॉर्ड डेट भी तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महानगर गैस लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 12 प्रतिशत बढ़कर 2265.97 करोड़ हो गया है। रेवेन्यू में बढ़ोतरी के बावजूद कंपनी ने प्रॉफिट में गिरावट दर्ज की। कंपनी का नेट प्रॉफिट 9.4 प्रतिशत घटकर 201.97 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले 223 करोड़ था। एबिटा की बात करें तो 352.07 करोड़ था। शेयरहोल्डर्स को इनाम देने के लिए कंपनी के बोर्ड ने एक बड़ा अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। महानगर गैस लिमिटेड निवेशकों के लिए अच्छी खबर यह है कि कंपनी के बोर्ड ने एफवाय 2025-26 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 12 का अंतरिम डिविडेंड (10 की फेस वैल्यू पर 120 प्रतिशत) देने की घोषणा की है। कंपनी ने शेयरधारकों की पात्रता तय करने के लिए शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को रिकॉर्ड डेट तय की है। डिविडेंड की घोषणा के 30 दिनों के अंदर इसका भुगतान कर दिया जाएगा। अब सोमवार को कंपनी के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। बता दें कि बीते शुक्रवार को महानगर गैस लिमिटेड के शेयर की बात करें तो 7.66 प्रतिशत चढ़कर 1153.30 रुपये पर पहुंच गया। शेयर का ट्रेडिंग रेंज 1164.40-1072.45 रुपये के बीच रहा। मोतीलाल ओसवाल ने शेयर का टारगेट प्राइस 1535 रुपये तय किया है। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 1586 रुपये है। शेयर के 52 हफ्ते का लो 1,019 रुपये है। महानगर गैस के प्रमोटर के पास 32.50 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 67.50 फीसदी हिस्सेदारी है। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ।

## आईडीबीआई को खरीदने की रेस में कोटक महिंद्रा नहीं, बैंक ने खुद बता दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को खरीदने में प्राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। बैंक ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसने आईडीबीआई बैंक के लिए कोई फाइनेंशियल बिड सबमिट नहीं किया है। दरअसल, मीडिया में ऐसी खबरें चल रही थीं कि कोटक ने आईडीबीआई बैंक की खरीदारी के लिए कदम बढ़ाए हैं। अब कोटक बैंक ने खुद इसे खारिज कर दिया है। सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने शुक्रवार को कहा कि सरकार को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां प्राप्त हुई हैं। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। दीपम सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा- आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां प्राप्त हो गई हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप उनका मूल्यांकन किया जाएगा। आईडीबीआईबैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से लटकी हुई है। सरकार ने अक्टूबर, 2022 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचकर इसके निजीकरण के




लिए अभिरुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। इसमें केंद्र सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। इसके बाद विभाग ने जनवरी, 2023 में कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक के लिए कई ईओआई मिले हैं। आईडीबीआई बैंक के संभावित खरीदार को गृह मंत्रालय की तरफ से पहले ही सुरक्षा मंजूरी दी जा चुकी है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी मंजूरी दे दी है। रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के अगले चरण में लेनदेन सलाहकार और संपत्ति मूल्यांकनकर्ता की मदद से एक आरक्षित मूल्य तय किया जाएगा। इसके बाद पहले से प्राप्त सीलबंद वित्तीय बोलियों को बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। सफल बोलीदाता वही होगा, जिसकी बोली सभी वैध बोलियों में सबसे अधिक होगी और आरक्षित मूल्य से अधिक होगी।

# डेयरी में करीब पांच प्रतिशत गिरावट

**लगातार 5वें माह विश्व खाद्य कीमतें गिरीं, चावल की महंगाई बनी चुनौती**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की एफएओ रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज हुई। दूध, चीनी और मांस सस्ते हुए हैं, जिससे महंगाई के दबाव में कुछ राहत के संकेत मिले हैं। हालांकि चावल और वनस्पति तेल की कीमतें बढ़ी हैं।

भारत सहित दुनिया भर में महंगाई से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए जनवरी 2026 ने कुछ राहत के संकेत दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज की गई है। दूध, चीनी और मांस जैसे जरूरी उत्पादों के सस्ते होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में नरमी आई है, हालांकि चावल और वनस्पति तेल की बढ़ती कीमतें अब भी चिंता का कारण बनी हुई हैं। एफएओ का फूड प्राइस इंडेक्स, जो दुनिया भर में कारोबार होने वाले प्रमुख खाद्य उत्पादों की मासिक कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जनवरी 2026 में औसतन 123.9 अंक पर रहा। यह दिसंबर 2025 की तुलना में 0.4 फीसदी कम और पिछले साल की समान अवधि से 0.6 फीसदी नीचे है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल मिलाकर वैश्विक बाजार में राहत के संकेत हैं,



लेकिन कुछ जरूरी वस्तुओं की महंगाई आने वाले महीनों में चुनौती बन सकती है।

जनवरी में अनाज की कीमतों में दिसंबर 2025 की तुलना में मामूली 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और अनाज मूल्य सूचकांक औसतन 107.5 अंक पर रहा। इस दौरान गेहूं और मक्के की वैश्विक कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिली।

एफएओ के अनुसार दुनिया में गेहूं का पर्याप्त भंडार होने के कारण रूस और अमेरिका में मौसम से जुड़ी चिंताओं का असर सीमित रहा। अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया में अच्छी फसल की उम्मीद और वैश्विक स्तर पर ऊंचे भंडार भी कीमतों को नियंत्रित रखने में मददगार रहे। इसके उलट, जनवरी में चावल की कीमतों में 1.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। खास तौर पर खुशबूदार किस्मों की मांग बढ़ने से बाजार में मजबूती आई। इससे आयातित खाद्य उत्पादों की लागत कम होने की संभावना है। चीनी उत्पादन में भारत की बड़ी वृद्धि से घरेलू आपूर्ति मजबूत रहने और निर्यात संभावनाएं बढ़ने के संकेत हैं। इसका लाभ किसानों, चीनी मिलों को हो सकता है। हालांकि चावल, वनस्पति तेल चुनौती में हैं। भारत-थाईलैंड में चीनी के उत्पादन में वृद्धि के संकेत : एफएओ के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2026 में चीनी मूल्य सूचकांक में 1 प्रतिशत की गिरावट रही। दिसंबर 2025 में 90.7 अंक पर रहा यह सूचकांक जनवरी में घटकर 89.8 पर आ गया। इसके पीछे भारत में उत्पादन में वृद्धि, थाईलैंड से सकारात्मक संकेत और ब्राजील में अच्छे उत्पादन अनुमानों के चलते वैश्विक आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

# कैंटीन में सिर्फ 90 रुपये की सैलरी पर करते थे नौकरी, आज 5000 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंदूभाई विरानी की कहानी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट से कम नहीं है। सिनेमा हॉल की कैंटीन में कभी वह सिर्फ 90 रुपये महीने की नौकरी करते थे। आज वह 5,000 करोड़ रुपये के बालाजी वेफर्स साम्राज्य के मालिक हैं। यह कहानी उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और साधारण शुरुआत से एक विशाल व्यवसाय बनाने की प्रेरणादायक यात्रा को दिखाती है। आइए, यहां चंदूभाई विरानी के बारे में जानते हैं। चंदूभाई विरानी की कहानी कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर उन्होंने एक विशाल व्यवसाय खड़ा किया। वह मात्र 10वीं कक्षा तक पढ़े। उन्होंने अपनी साधारण




शुरुआत को अवसरों में बदला और बालाजी वेफर्स की स्थापना की। बालाजी वेफर्स आज भारत के प्रमुख स्नैक ब्रांडों में से एक है। इसकी वर्तमान कीमत लगभग 5,000 करोड़ रुपये है। यह साबित करता है कि बड़े सपने देखने के लिए बड़ी शुरुआत की जरूरत नहीं होती है।

चंदूभाई विरानी 1972 में 15 साल की उम्र में अपने परिवार के साथ राजकोट से लगभग 79 किलोमीटर दूर जामनगर जिले के धुंडोराजी चले गए। उनके दो भाई थे। मेघजीभाई और भिखूभाई। उनके पिता स्वर्गीय पोपट विरानी ने अपनी बंजर जमीन बेच दी थी। उन्होंने अपने बेटों को अपना जीवन शुरू करने में मदद करने के लिए 20,000 रुपये दिए थे। इस पैसे का इस्तेमाल करके भाइयों ने राजकोट में कृषि उत्पादों और फार्म उपकरणों के व्यापार का एक छोटा व्यवसाय शुरू किया। दुर्भाग्य से यह उद्यम दो साल के भीतर ही विफल हो गया। स्थिर आय के बिना जीवन बहुत कठिन होने लगा। भाइयों को कोई भी काम खोजने के लिए मजबूर होना पड़ा। व्यवसाय के पतन के बाद चंदूभाई और उनके भाइयों ने राजकोट के एस्ट्रां सिनेमा की कैंटीन में काम करना शुरू कर दिया। चंदूभाई को प्रति माह केवल 90 रुपये मिलते थे। वह दरवाजा संभालने से लेकर पोस्टर चिपकाने और दर्शकों को रास्ता दिखाने तक सब कुछ करते थे। कभी-कभी चंदूभाई स्थानीय गुजराती स्नैक चोराफारी की एक प्लेट के बदले सिनेमाघर की फटी सीटों की मरम्मत भी करते थे।

## इनकम टैक्स रूल्स के ड्राफ्ट पेपर जारी, टैक्सपेयर्स के लिए जानना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इनकम-टैक्स नियम, 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। ये ड्राफ्ट नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होने का प्रस्ताव है। इन ड्राफ्ट नियमों में कई दूसरी पहलों के साथ-साथ इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग फॉर्म को आसान बनाया गया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने एक बयान में कहा कि ड्राफ्ट नियम और फॉर्म करीब 15 दिनों के लिए पब्लिक डोमेन में रहेंगे। सभी स्टेकहोल्डर्स और आम जनता से अनुरोध है कि वे इन ड्राफ्ट नियमों और फॉर्म को देखें और उन पर सोच-समझकर फीडबैक दें ताकि और बेहतर किया जा सके। आपको बता दें कि 15 दिन की अवधि 22 फरवरी, 2026 को पूरी हो रही है।




सीबीडीटीका कहना है कि ड्राफ्ट नियमों का हिस्सा नए फॉर्म को भी टैक्स देने वालों की आसानी के लिए काफी हद तक आसान बनाया गया है। बीते दिनों सीबीडीटीके चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया था कि इसके अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा था कि सीबीडीटीनए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। नांगिया ग्लोबल के पार्टनर संदीप झुनझुनवाला ने ईटी से कहा- इनकम टैक्स फॉर्म्स को आसान बनाया गया है।

# झारखण्ड में अफीम की खेती में आयी कमी

## सेटेलाइट ने जारी किया डाटा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में वन भूमि पर अफीम की खेती करने वालों पर लगाम लगा है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने सैटेलाइट आंकड़ों के जरिए अफीम की खेती पर नियंत्रण के प्रयासों की जानकारी दी है।नारकोटिक्स ब्यूरो के मुताबिक इसबार वन भूमि पर होने वाले अफीम के अवैध खेती में 40 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस तैयार फसल या पौधों को नष्ट करती है लेकिन वन विभाग के प्रयास से इसबार अतिक्रमण में कमी आई है और खेती नहीं हो पाई है।

हालांकि, चाईबासा और चतरा में अभी भी तस्कर ग्रामीणों के सहयोग से वन भूमि पर कब्जा कर अफीम की खेती करवा रहे हैं। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो अगले कुछ दिनों में इन सैटेलाइट तस्वीरों को राज्य की एजेंसियों के साथ साझा करेगा और इसका विश्लेषण किया जाएगा।

अतिक्रमण रोकने के प्रभारी वन अधिकारियों ने अपने स्तर से भी पिछले साल की तुलना में इस साल खेती में कमी की रिपोर्ट विभाग को दी है। साल 2024-25 में खूंटी जिले में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती हुई थी। इस वर्ष यहां चोरी छिपे कुछ जगह पर अफीम लगाई गई है। अब पुलिस और वन विभाग इसकी जानकारी लेकर इसे नष्ट कर रहे हैं। अबतक करीब 200 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई है। जबकि पिछले साल यह आंकड़ा हजारों एकड़ का था। खेतों की पहचान करने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद भी ली जा रही है।

# मंदिर में आपत्तिजनक सामान मिलने से तनाव

### निकाय चुनाव में खलल डालने की संभावना ▢ पुलिस की टीम कर रही कैम्प ▢ सैकड़ों की संख्या में जुटे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले का मधुपुर सांप्रदायिक दृष्टि से काफी संवेदनशील हो गया है। मधुपुर के लालगढ़ में मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान हुए सांप्रदायिक हिंसा की आग अभी पूरी तरह से ठंडी भी नहीं हुई है, उससे पहले एक और मामला सामने आ गया है।

मधुपुर के डंगालपाड़ा मोहल्ले में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा प्लास्टिक में बांधकर आपत्तिजनक सामान फेंके जाने की घटना के बाद एक बार फिर से तनाव कायम हो गया है। शनिवार सुबह मंदिर में साफ सफाई करने वाले युवक ने इसे देखा। उसके बाद पूजा करने आए लोगों ने उसे प्लास्टिक के थैला को देखा और दूसरों को इसकी जानकारी दी।

जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या लोग वहां जमा हो गए। उनके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। हालांकि पिछली घटना से सबक लेते हुए पुलिस ने इस बार त्वरित पहल ली। एसडीपीओ सत्येन्द्र कुमार, मधुपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रमानी व अन्य पार्टी नेता भी पहुंचे थे। पुलिस ने लोगों से बात की। लोगों से कहा कि नगर निकाय चुनाव में खलल पैदा करने की नियत से साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है। ये असामाजिक तत्वों का मधुपुर के सामाजिक माहौल को बिगाड़ने का प्रयास है।

पुलिस ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की छानबीन की जाएगी। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। वहीं आरोपितों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जा रहा है।

वहीं संदिग्धों की पता लगाने के लिए मोबाइल लोकेशन को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस द्वारा दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पुलिस टीम लगातार कैंप कर रही है। वहां की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। जिला से भी काफी संख्या में पुलिस बल मधुपुर भेजा गया है। पुलिस सुरक्षा के ख्याल से मधुपुर के धार्मिक स्थलों की सूची तैयार कर रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

# 16 निकायों में 38 वार्ड पार्षदों का निर्विरोध निर्वाचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव के तहत 16 निकायों के 38 वार्ड ऐसे हैं, जहां से वार्ड पार्षद के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। केवल एक ही प्रत्याशी के नामांकन या नामांकन पत्रों की जांच तथा नामांकन वापसी के बाद एक ही प्रत्याशी के मैदान में होने के कारण उन्हें निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाची पदाधिकारियों ने इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को दी है। निर्विरोध निर्वाचन होने के कारण अब इन वार्डों में मतदान नहीं होगा।जिन नगर निकायों के वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन हुआ है, उनमें आदित्यपुर नगर निगम में दो, मेदिनीनगर नगर निगम में तीन, साहिबगंज नगर परिषद में पांच, दुमका नगर परिषद में दो, रामगढ़ नगर परिषद में एक, चक्रधरपुर नगर परिषद में तीन, मिहिजाम नगर परिषद में तीन, कपाली नगर परिषद में दो, गोड्डा नगर परिषद में एक जुगसलाई नगर परिषद में पांच, चतरा नगर परिषद के दो राजमहल नगर पंचायत में दो, चाकुलिया नगर पंचायत में तीन, हुसैनाबाद नगर पंचायत में एक, सरायकेला गनर पंचायत में एक, जामताड़ा नगर पंचायत में दो वार्ड सम्मिलित हैं।

इससे पहले, महापौर व अध्यक्ष पद के 38 तथा वार्ड पार्षद के 191 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद महापौर तथा अध्यक्ष पद के लिए 560 तथा वार्ड पार्षद के लिए 5,766 प्रत्याशी यानी कुल 6,326 अभ्यर्थी शेष रह गए। इनमें से भी 38 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन होने से वार्ड पार्षद के लिए 5,728 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

इस तरह, कुल 6,288 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 23 फरवरी को होनेवाले मतदान में होगा। बताते चलें कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 424 आवेदन रद हो गए थे। इनमें 76 नामांकन पत्र महापौर तथा अध्यक्ष पद के थे।

# सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका पर कार्यशाला

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या ममता कुमारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर

### लोगों ने लैंगिक समानता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विचार किये साझा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रविवार को सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक परिवर्तन का सक्रिय भागीदार बनाना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।कार्यक्रम की शुरूआत की।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं की सामाजिक,आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति के बिना समग्र विकास संभव नहीं है।मुख्य अतिथि ममता कुमारी ने कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने महिलाओं के लिए पुस्तकालय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रशासन को आवश्यक पहल करने पर बल दिया। कार्यशाला में महिला पर्यवेक्षिकाओं और अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की भागीदारी,लैंगिक समानता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया,स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्याम लाल उरांव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# नम्रता त्रिपाठी ने की मतदाताओं से बेंच छाप पर मुहर लगाकर जिताने की अपील

## कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार नम्रता त्रिपाठी ने नई मोहल्ला में चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार नम्रता त्रिपाठी ने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के नई मोहल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मतदाताओं से बेंच छाप पर मोहर लगाकर जीत दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाता उन्हें अपना बेटी व बहन मानकर वोट दें।



उन्होंने कहा कि वह मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की बेटी हैं। यहीं पली-पढ़ी व बड़ी हुई हैं। नगर निगम क्षेत्र के एक-एक समस्याओं को वह जानती हैं। वह जानती हैं कि किस तरह से नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के नहीं रहने से भारी कष्ट झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी उन्हें वोट दें, वे मेदिनीनगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ सुंदर व विकसित बनाने का पूरा प्रयास करेंगी।

उन्होंने कहा कि वह प्राथमिकता के तौर पर सबसे पहले पानी की समस्या को दूर करेंगी। हर घर नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे मेदिनी नगर निगम क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। किसी नागरिक को किसी भी तरह की तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वह मेदिनीनगर निगम क्षेत्रवासियों को खुशहाल देखना चाहती है।

उन्होंने नागरिकों से कहा कि आप सभी का उनके उपर भरोसा ही उनकी प्रेरणा बन रही है। उसी विश्वास के साथ नई मोहल्ला सहित पूरे मेदिनीनगर की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्य प्रणाली से विकास की लंबी लकीर खींचेंगे। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क के दौरान सभी का बड़ा स्नेह, विश्वास व अपनापन मिल रहा है। जनसंपर्क में उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे।

# गढ़वा जिले की जीवन रेखा दानरो नदी विलुप्त होने के कगार पर

## आधुनिक तकनीक से खुली पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले की जीवन रेखा मानी जाने वाली दानरो नदी और इसकी छोटी-छोटी जलधाराएं तेजी से विलुप्त हो रही हैं।

ताजा वैज्ञानिक शोध में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पिछले 45 वर्षों में नदी तंत्र की करीब 69 प्रतिशत धाराएं, उनकी लंबाई और जल निकासी क्षमता में जबरदस्त कमी दर्ज की गई।

यह महत्वपूर्ण शोध दानरो नदी पर पीएचडी कर रहे शोधार्थी राहुल कुमार पांडेय, पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के प्रो. अंशुमाली तथा शोध पर्यवेक्षक डॉ. अभय कृष्ण सिंह की ओर से भूगोल विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची से किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित यह अध्ययन गढ़वा जिले के जल संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए उपयोगी दिशा प्रदान करता है तथा स्थानीय प्रशासन व समुदायों को समय रहते ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देता है।

विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि यदि यही सिलसिला चला तो जल संकट, भूजल स्तर में भारी गिरावट और सूखे की मार और विकराल हो जाएगी।

छोटानागपुर पठार पर बसा दानरो नदी वाटरशेड गढ़वा के लिए बेहद अहम जलग्रहण क्षेत्र है। यह 573.29 वर्ग किलोमीटर में फैला है और जिले की कृषि, पेयजल तथा ग्रामीण आजीविका का मुख्य सहारा है।

अंबाखोरिया पहाड़ियों से निकलने वाली दानरो नदी 64.50 किलोमीटर का सफर तय कर उत्तर कोयल में समा जाती है। रास्ते में दंडु नदी, यूरिया नदी, अदरा नदी और सरस्वती नदी जैसी सहायक धाराएं इसे जल देती हैं, जो क्षेत्र के जल तंत्र को मजबूत बनाती हैं।

हजारों किसान सिंचाई व पेयजल के लिए इन्हीं पर निर्भर हैं। जलधाराओं का सिकुड़ना किसानों की रोझी और पर्यावरण दोनों को चोट पहुंचा रहा है।

शोधकर्ताओं ने 1977 के ऐतिहासिक आंकड़ों का 2022 के विस्तृत फील्ड सर्वे से मिलान किया। नतीजे डराने वाले कई छोटी धाराएं नामोनिशान मिट चुकीं, नदी का प्राकृतिक जाल कमजोर हो गया।

पहले 6-डी श्रेणी की दानरो अब 4-डी श्रेणी में सिमट गई, जो इसके क्षरण का पुख्ता सबूत है। अंतरराष्ट्रीय ह्यरिवर रेड लिस्टह्ल मानकों पर दानरो जलग्रहण ह्यसंकटग्रस्तह्ल श्रेणी में आ गया, जबकि कई उप-क्षेत्रों की हालत और खराब है।

अध्ययन में जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट इमेजरी और फील्ड सर्वे से धाराओं की संख्या, लंबाई व ड्रेनेज डेंसिटी का गहन विश्लेषण हुआ।

# अरुण शंकर सहित भाजपा समर्थित सभी प्रत्याशी जीतेंगे निगम का चुनाव : भानु प्रताप शाही

## भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम की भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन नावाटोली में बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सह निगम चुनाव प्रभारी भानु प्रताप शाही, बीजेपी प्रदेश महामंत्री सह चुनाव प्रभारी मनोज सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, श्याम नारायण दुबे व जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने संयुक्त रूप से चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया।

कार्यालय उद्घाटन अवसर पर सभी ने एक स्वर में भाजपा समर्थित उमीदवार अरुणा शंकर को क्रम संख्या 01 पर एयर कंडीस्नर छाप पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर बिहार के दाउदनगर विधायक डा. प्रकाश चंद्र व पलामू जिला लोजपा अध्यक्ष राकेश सिंह ने प्रत्याशी अरुणा शंकर को समर्थन देने की घोषणा की।

मौके पर बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सह निगम चुनाव प्रभारी भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूरे झारखंड में 48 स्थान पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी मैदान में हैं। मेदिनीनगर निगम की प्रत्याशी अरुणा शंकर समेत सभी के सभी प्रत्याशी बड़ी बहुमत से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हर निगम क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है ताकि सभी भाजपा समर्थित प्रत्याशी की झोली में जाए। कहा कि बिहार के दाउदनगर के लोजपा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र व पलामू जिला अध्यक्ष राकेश सिंह पूरी कमेटी व कार्यकताओं के साथ चुनाव में साथ देने की घोषणा कर दी है।

मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के माध्यम से चुनाव जीतने का काम करती है। इस बार भी भाजपा कार्यकर्ता पूरे जी जान से अरुणा शंकर को जिताने में लग गए हैं।



बिहार के दाउदनगर विधायक ठाकुर प्रकाश चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हनुमान लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान हैं और वे चिराग पासवान के हनुमान हैं। उनके आदेश पर भाजपा प्रत्याशी अरुणा शंकर को समर्थन देने पहुंचे हैं। अरुणा शंकर का पिछला कार्यकाल भी बेहतर रहा है। चुनाव जीतने पर आने वाले दिनों में मेदिनीनगर को बेहतर निगम बनाएंगी।

मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह चुनाव प्रभारी मनोज सिंह ने कहा कि पूरे दमखम के साथ बीजेपी कार्यकर्ता चुनावी समर में कूद गए हैं। हर हाल में अरुणा शंकर को विजई श्री दिलाना भाजपा का लक्ष्य है। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि एनडीए घटक दल अपने-अपने संगठन के कार्यकताओं के साथ अरुणा शंकर को चुनाव जीतने निकल पड़े हैं।

मौके पर लोजपा के पलामू जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि पूरे जोश व खरोश के साथ लोजपा के एक-एक कार्यकर्ता अरुणा शंकर को जिताने में आज से लग गए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आलाकमान का फैसला सर्वोपरि होता है।

इसके पूर्व अरुणा शंकर ने कहा एनडीए गठबंधन के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के आभारी हैं। इनका पूरा सहयोग उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपने-अपने क्षेत्र में पूरे दमखम के साथ लग जाने का आह्वान किया। कहा कि वे चुनाव जीतने पर मेदिनीनगर निगम क्षेत्र को विकसित बनाने का काम करेंगी।

# तेज रफ्तार वाहन से सांसद के संबंधी की मौत

## वाहन जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सदर थाना क्षेत्र के धमनियां मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में गैस लदे तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आरा गांव निवासी प्रह्लाद सिंह के रूप में हुई है, जो स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह के चचेरे भाई बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले जाया गया है। सांसद कालीचरण सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे।

इस आकस्मिक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं और उन्हें सांत्वना दे रहे हैं।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने धमनियां मोड़ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# रांची के निकाय चुनाव में रहेगा महिलाओं का दबदबा

## 390 उम्मीदवारों में 242 महिलाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** इस बार के रांची नगर निगम चुनाव सिर्फ स्थानीय सरकार के गठन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी का भी आईना बनकर सामने आया है। नगर निगम के सभी 53 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 390 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है, जिनमें से 242 महिलाएं हैं। यह संख्या कुल उम्मीदवारों का लगभग दो-तिहाई है, जो शहरी निकाय चुनावों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है।महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी के पीछे आरक्षण व्यवस्था का अहम योगदान माना जा रहा है। कई वार्ड ऐसे हैं जहां केवल महिला प्रत्याशियों के बीच ही सीधा मुकाबला होगा। इससे चुनावी समीकरणों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। महिलाओं ने स्थानीय मुद्दों जैसे साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को अपने चुनावी एजेंडे में प्रमुखता से शामिल किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह चुनाव महिलाओं के लिए नेतृत्व क्षमता साबित करने का बड़ा अवसर है। कई महिला प्रत्याशी पहली बार राजनीति में कदम रख रही हैं, जबकि कुछ पहले भी सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों से जुड़ी रही हैं। इससे नगर निगम की कार्यशैली में जमीनी मुद्दों को लेकर नई सोच और दृष्टिकोण आने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं, कुल 148 पुरुष प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं और वे भी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। 6 फरवरी शनिवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह निर्गत कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी वार्डों में प्रचार अभियान तेज हो जाएगा।

नगर निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी को महिला प्रत्याशियों ने सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संकेत बताया है। अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ रहीं महिला उम्मीदवारों का मानना है कि महिलाओं के आगे आने से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर बल्कि समाज और देश में भी व्यापक बदलाव आएगा।

वार्ड-43 से प्रत्याशी वीनू सिंह ने कहा कि जब एक महिला आगे बढ़ती है तो उसका असर तीन पीढ़ियों तक दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं सीमित दायरे में थीं, लेकिन अब वे घर से बाहर निकलकर समाज और देश के लिए काम करने को तैयार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना आदर्श बताते हुए विश्वास जताया कि यह ट्रेंड आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी जारी रहेगा।

वार्ड-6 से पायल सोनी ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को अच्छा संकेत बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के आरक्षण से महिलाओं को अवसर मिला है और इससे महिला पार्षद स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि काम करने वाली महिलाओं को ही आगे आने का मौका मिलना चाहिए। वार्ड-9 से उषा चौधरी ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की जिम्मेदारियों के साथ हर चुनौती का सामना करती हैं। वहीं, वार्ड-8 से किरण खिलखो ने कहा कि महिलाएं अब राजनीति में अपनी पहचान बनाने के लिए जागरूक हो रही हैं।

# युवक की निर्मम हत्या, नदी किनारे से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात सामने आई है। 25 वर्षीय युवक हरिहर महतो की बेरहमी से हत्या कर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया गया। मृतक का शव कांची नदी के किनारे बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शव की हालत बेहद वीभत्स बताई जा रही है।

मृतक की पहचान सोनाहातू थाना क्षेत्र के एडरमहातु-मार्चाडीह गांव निवासी हरिहर महतो के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, हरिहर का गांव की ही एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि उसी महिला ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। 31 जनवरी 2026 की शाम करीब 6:30 बजे हरिहर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने 3 फरवरी 2026 को सोनाहातू थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने एडरमहातु-माचाडीह गांव के सामने कांची नदी किनारे से हरिहर महतो का सिर धड़ से अलग शव बरामद किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।बताया जा रहा है कि हरिहर महतो की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और उसका एक माह का पुत्र भी है। इस जघन्य हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप ने बताया कि हत्या के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संदेह के आधार पर एक आरोपी पति-पत्नी को पुलिस हिरासत में लिया गया है। सोनाहातू पुलिस इस नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है।

# छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म शतरंज: अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत में ज़्यादा से ज़्यादा ग्रैंडमास्टर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए प्रथम छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म टूर्नामेंट में अब पहला पड़ाव ख़त्म हो चुका है और अब सिर्फ़ अंतिम चार राउंड बाक़ी है . आज खेले गए पाँचवें राउंड के बाद कजाकिस्तान के अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है ।ग्रैंड मास्टर नार्म हासिल करने की दौड़ में भारत के एथन वाज, आरोण्यक घोष और औदी अमेय 3 अंक बनाकर उम्मीद क़ायम किए हुए है दरअसल उन्हें 9 राउंड के बाद कम से कम छह अंक हासिल करने है ऐसे में बच्चे हुए चार राउंड में 3 अंक बनाने की चुनौती तीनो के सामने है।




पाँचवें राउंड में क्यूबा के ग्रैंडमास्टर नूरिस देलगाड़ो जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे उन्होंने फ्रांस के माहेल बॉयर को पराजित किया , यह माहेल की प्रतियोगिता में तीसरी हार रही , अन्य मुकाबलों में हर्ष सुरेश नें अलीशेर से , एथन नें फ्रांस के जोसफ गिरेल से, अक्षय बरगोंकर नें मयंक चक्रवर्ती से और अमेय नें आरोण्यक घोष से ड्रा खेला ।

# इंग्लैंड ने नेपाल को दिया 185 रनों का टारगेट, बेथल-ब्रूक ने लगाई फिफ्टी

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 7 फरवरी से हो गया है, जिसमें पहले दिन तीन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं 8 फरवरी को दिन का दूसरा मुकाबला जिसपर सभी की नजरें टिकी हुई हैं वह इंग्लैंड और नेपाल की टीम के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। इंग्लैंड टीम की इस मुकाबले में शुरुआत काफी खराब देखने को मिली है जिसमें दूसरे ओवर में ही उन्होंने अपना पहला विकेट के 5 के स्कोर पर




फिल साल्ट के रूप में गंवा दिया तो वहीं इस मैच में जोस बटलर भी बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा सके और 26 रन बनाकर नंदन यादव की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।इंग्लैंड को इस मैच में तीसरा झटका टॉम बैंटन के रूप में लगा जो 2 रन बनाकर संदीप लामिछाने की गेंद पर स्क्ड्ड आउट हुए। वहीं जैकब बेथेल ने इस मैच में 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया तो वहीं इसके बाद वह 55 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक के बल्ले से इस मैच में 32 गेंदों में 53 रनों की पारी देखने को मिली।

## दोनों टीमों के बीच पहली बार खेला जाएगा मुकाबला

टी20 इंटरनेशनल में अभी तक इंग्लैंड और नेपाल की टीम ने कभी भी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला है, ऐसे में दोनों टीमों के बीच में ये पहली भिड़ंत देखने को मिलेगी। इंग्लैंड की टीम ने अब तक दो बार टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को अपने नाम किया है, जिसमें उन्होंने साल 2010 और उसके बाद साल 2022 में इसे जीता था। पिछले टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उन्हें भारतीय टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार इंग्लैंड के लिए टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की जिम्मेदारी उनके स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक संभाल रहे हैं।

टी-20 विश्व कप




# न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

## गुलबदिन नईब के अर्धशतक पर भारी पड़े सीफर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को ग्रुप डी के मुकाबले में पांच विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने इस तरह टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। अफगानिस्तान ने गुलबदिन नईब के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। न्यूजीलैंड के लिए इस मैच के हीरो सीफर्ट रहे।

### सीफर्ट ने न्यूजीलैंड को संभाला

183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत झटकों के साथ हुई। दूसरे ओवर में मुजीब उर रहमान ने लगातार दो विकेट लेकर कीवियों के बैकफुट पर ला दिया। फिन एलन एक और रचिन रवींद्र शून्य पर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद मोर्चा टिम सीफर्ट और ग्लेन फिलिप्स ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 47 गेंदों में 74 रनों की साझेदारी हुई। फिलिप्स इस दौरान 25 गेंदों में 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, सीफर्ट ने 42 गेंदों पर 65 रनों की दमदार पारी खेली जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### जीत की औपचारिकता को पूरा किया

न्यूजीलैंड को पांचवां झटका मार्क चापमैन के रूप में लगा जो 17 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए। फिर डेरिल मिचेल और कप्तान मिचेल सैंटनर ने न्यूजीलैंड के लिए जीत की औपचारिकता को पूरा किया। मिचेल 14 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैंटनर ने आठ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 17 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब उर रहमान को दो विकेट मिले, जबकि अजमातुल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी को एक-एक सफलता मिली।

### अफगानिस्तान ने पावरप्ले में गंवाए दो विकेट

अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने पारी की शुरुआत की। दोनें ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। हालांकि, पावरप्ले खत्म होने से पहले लॉकी फर्ग्यूसन ने न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। फर्ग्यूसन ने इब्राहिम जादरान को आउट किया जो 12 गेंदों पर एक चौके की मदद से 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फर्ग्यूसन ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर गुरबाज को बोल्ड किया। गुरबाज ने 22 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए इनके अलावा दारविश रसूली ने 13 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अजमातुल्लाह ओमरजई ने सात गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 14 रन बनाए, जबकि मोहम्मद नबी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए, जबकि मैट हेनरी, जैकब डफी और रचिन रवींद्र को एक-एक सफलता मिली।

**सेदिकुल्लाह-गुलबदिन के बीच साझेदारी:** पावरप्ले में ही दो विकेट गिरने के बाद सेदिकुल्लाह और गुलबदिन नईब ने शानदार साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई जिससे अफगानिस्तान का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा। गुलबदिन ने 29 गेंदों पर पचासा पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद ही सेदिकुल्लाह अपना विकेट गंवा बैठे। सेदिकुल्लाह 24 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए। गुलबदिन ने इसके बाद भी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। लेकिन रचिन रवींद्र की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। गुलबदिन 35 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुए।

# शेफर्ड ने बरपाया कहर हैट्रिक से मचाई सनसनी

## स्कॉटलैंड से वेस्टइंडीज 35 रन से जीता

दो बार की विजेता वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत जीत के साथ की है। ग्रुप सी के अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35 रन से हराया। वेस्टइंडीज के लिए शिमरोन हेटमायर और रोमारियो शेफर्ड हीरो बनकर उभरे। रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक ने इस मुकाहले में हैट्रिक ली। उन्होंने पंजा लेकर वेस्टइंडीज की जीत तय की।

वेस्टइंडीज के दिए 183 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 7 के स्कोर पर माइकल जोंस के रूप में लगा। जोंस 1 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे विकेट के लिए जॉर्ज मुंसे और ब्रैंडन मैकमुलेन के बीच 30 रन की साझेदारी हुई। मुलेन 12 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। 37 के स्कोर पर मुंसे भी 19 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हो गए। इस समय लग रहा था कि स्कॉटलैंड की पारी जल्द समाप्त हो जाएगी, लेकिन कप्तान रिची बेरिंगटन और टॉम ब्रूस ने चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी कर टीम की वापसी कराई। 115 के स्कोर पर बेरिंगटन चौथे विकेट के रूप में 24 गेंद पर 42 रन बनाकर आउट हो गए। 122 के स्कोर पर ब्रूस भी 28 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए।इन दोनों का विकेट गिरने के बाद स्कॉटलैंड की हार लगभग तय हो गई थी। 16 ओवर के बाद स्कॉटलैंड का स्कोर 5 विकेट पर 132 रन था। आखिरी 4 ओवर में 51 रन की जरूरत थी और टीम के पास 5 विकेट शेष थे। ऐसा लग रहा था कि शायद टीम संघर्ष करे, लेकिन वेस्टइंडीज की तरफ से 17वां ओवर रोमारियो शेफर्ड आए। शेफर्ड ने इस ओवर में हैट्रिक सहित 4 विकेट लेकर वेस्टइंडीज की जीत निश्चित कर दी।

### शिमरोन हेटमायर के 36 गेंदों पर बनाए 64 रन

स्कॉटलैंड 18.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई और 35 रन से मैच हार गई। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 3 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने 3, जबकि शमार जोसेफ और गुडाकेश मोती ने 1-1 विकेट लिए।इससे पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने शिमरोन हेटमायर के 36 गेंदों पर बनाए 64 रन की मदद से 5 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। हेटमायर ने अपनी पारी में 2 चौके और 6 छक्के लगाए थे। हेटमायर के अलावा ब्रैंडन किंग ने 30 गेंद पर 35, रोवमन पॉवेल ने 14 गेंद पर 24 और शरफेन रदरफोर्ड ने 13 गेंद पर 26 रन बनाए थे। स्कॉटलैंड के लिए ब्रैडली करी ने 4 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि साफयान शरीफ, ओलिवर डेविडसन और माइकल लिस्क को 1-1 विकेट मिला था।

**जेसन होल्डर ने लगाया टी20 विकेटों का शतक:** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप सी के पहले मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई बल्कि एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में जेसन होल्डर ने 3.5 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट लिए। इस दौरान दूसरा विकेट लेते ही अंतरराष्ट्रीय टी20 में उनके 100 विकेट हो गए। अंतरराष्ट्रीय टी20 में 100 विकेट लेने वाले होल्डर वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज हैं।

# सूर्यकुमार ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार की दमदार पारी की मदद से ही भारत अमेरिका के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा और उनकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया जिससे भारतीय टीम जीत दर्ज कर सकी। सूर्यकुमार को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में अमेरिका को 29 रन से हराकर शानदार आगाज किया है। शनिवार को वानखेड़े में खेले गए ग्रुप मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में अमेरिका निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ अपनी शानदार पारी से कई उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की। सूर्यकुमार इसके साथ ही भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार 105 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17 बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीत चुके हैं, जबकि विराट कोहली ने 125 मैचों में 16 बार यह अवॉर्ड जीता है। तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 14 बार पीओटीएम अवॉर्ड जीता है, जबकि अक्षर पटेल आठ बार यह पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।

## हसरंगा की बराबरी पर पहुंचे अर्शदीप

### युवराज-रोहित से आगे निकले

सूर्यकुमार टी20 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने के मामले में युवराज सिंह, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन से आगे निकल गए हैं।

### अर्शदीप के नाम जुड़ी उपलब्धि

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम भी उपलब्धि दर्ज हो गई है। अर्शदीप टी20 विश्व कप में 15 मैचों के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज हैं। अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं और वह श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। हसरंगा के नाम भी 29 विकेट थे। इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्त्जे के नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं।

### सर्वाधिक पीओटीएम पुरस्कार

| खिलाड़ी | पीओटीएम अवॉर्ड | मैच |
|---|---|---|
| सुर्यकुमार यादव | 17 | 105 |
| विराट कोहली | 16 | 125 |
| रोहित शर्मा | 14 | 159 |
| अक्षर पटेल | 8 | 88 |




## एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026

# इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कॉन्टिनेंटल खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। 26 वर्षीय इलावेनिल ने फाइनल में 252.0 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।इलावेनिल वलारिवन ने छठी सीरीज में निर्णायक बढ़त बनाई और अंत तक उसे कायम रखते हुए अपना तीसरा व्यक्तिगत एशियन खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले साल 2019 में अपना पहला एशियन स्वर्ण पदक हासिल किया था फाइनल में जापान की ओलंपियन मिसाकी नोबाटा ने 251.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। वहीं, भारत की मेघना सज्जनार ने 229.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।



## वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी इयान बिशप ने कहा-

# भारत वर्ल्डकप का दावेदार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज कमेंटेटर और इयान बिशप ने अहम बातें कही हैं।



उनका मानना है कि इस वर्ल्ड कप में सिर्फ पावर-हिटिंग नहीं, बल्कि गेंदबाजी की गहराई भी असली अंतर पैदा करेगी।आईसीसी एक्सपर्ट बिशप के मुताबिक वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें बल्लेबाजी में तो बेहद ताकतवर हैं, लेकिन खिताब जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी है।शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरानसबकॉन्टिनेंट की परिस्थितियों पर बात करते हुए बिशप ने कहा, यहां तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती छोटे मैदान और फ्लैट पिचें हैं। ऐसे में उन्हें यॉर्कर, स्लोअर बॉल, कटर और वैरिएशन पर भरोसा करना होगा।

# सुमित नागल को डेविस कप क्वालिफायर में मिली शुरुआती हार



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डेविस कप क्वालिफायर मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका लगा है। देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को पहले सिंगल्स मैच में नीदरलैंड के गाइ डे ओउडेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीन सेट तक चले इस मुकाबले में नागल 0-6, 6-4, 3-6 से पराजित हुए, जिसके बाद भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया है।

## मैच का हाल

मैच की शुरुआत नागल के लिए बेहद कठिन रही। पहले सेट में गाइ डे ओउडेन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नागल को कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में नागल ने शानदार वापसी की, अपनी लय हासिल की और निर्णायक ब्रेक के साथ 6-4 से सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

## फैसले में चूके नागल

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अहम मौकों पर गाइ डे ओउडेन ने बेहतर खेल दिखाया और 6-3 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

## भारत पर दबाव

इस हार के साथ ही बेंगलुरु में खेले जा रहे डेविस कप क्वालिफायर टाई में भारत पर दबाव बढ़ गया है। अब भारतीय टीम को अगले मुकाबलों में वापसी कर सीरीज में बराबरी हासिल करने की जरूरत होगी, ताकि क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।आगामी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने टीम वापसी कर सके।

संक्षिप्त समाचार

## शालीमार बाग में सीएम रेखा गुप्ता ने कई परियोजनाओं का किया श्रीगणेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में सड़कों, नालियों और



पार्कों के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इससे जलभराव की समस्या दूर होगी। इसके तहत आरएमसी सड़कें, आरसीसी नालियां और पार्कों में वॉकवे बनाए जाएंगे। साथ ही पार्किंग की नई व्यवस्था और कई ब्लॉकों में सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे ताकि स्थानीय निवासियों का जीवन अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बन सके। परियोजना के तहत एसी ब्लॉक और एसडी (सी) क्षेत्र में सड़कों और नालियों का निर्माण और सुधार किया जाएगा। इन क्षेत्रों में आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) सड़कें और आरसीसी नालियां बनाई जाएंगी और सड़कों को मजबूत किया जाएगा। जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एसडी (सी) ब्लॉक में आरएमसी और डेंस कारपेटिंग तकनीक से सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही एसडी (सी) ब्लॉक से एलडी कोहाट मेट्रो स्टेशन तक आरसीसी तकनीक से नई नाली बनाने का काम भी शुरू किया गया है ताकि क्षेत्र में जल निकासी की समस्या हल हो सके। सीएम की ओर से शालीमार बाग स्थित नेहरू पार्क, अपना पार्क और सेंट्रल पार्क सहित एसी ब्लॉक के विभिन्न पार्कों में वॉकवे, वॉकिंग ट्रैक, बाउंड्री वॉल और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों की भी शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य पार्कों को अधिक सुरक्षित, सुंदर और नागरिकों के उपयोग के लिए सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एसी ब्लॉक में पार्किंग की समस्या को ध्यान में रखते हुए नई सरफेस पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा, शालीमार बाग के एडी, एजे, एएल, एई, एएफ एवं एसडी (सी) ब्लॉकों में गलियों, ड्रेनों और पार्कों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत गलियों और ड्रेनों का पक्कीकरण, पार्कों में वॉकवे और बाउंड्री वॉल की मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आधारभूत नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## गौरव टूरिस्ट ट्रेन कराएगी पूर्वी भारत के बड़े मंदिरों की यात्रा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी भारत के सभी बड़े हिंदू मंदिरों के दर्शन की योजना बना रहे श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से संचालित भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से पूर्वी भारत के दिव्य मंदिरों की यात्रा कराई जाएगी। 10 दिन की इस यात्रा में यात्रियों को वाराणसी, कोलकाता, गंगासागर, पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क, चिलिका और बैद्यनाथ धाम (ज्योतिर्लिंग) के दर्शन करवाए जाएंगे। दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन 9 मार्च को रवाना होगी और इसमें लगभग 150 यात्रियों के जाने की व्यवस्था होगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट से यात्री इसकी टिकट बुकिंग कर पाएंगे। आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव ट्रेन यात्रा के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रियों को घुमाया जाता है। इस बार पूर्वी भारत के दिव्य मंदिरों का दर्शन कराने के लिए टूर आयोजित किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान यात्रियों को न केवल दिव्य मंदिरों बल्कि यूपी, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के ऐतिहासिक स्थलों पर भी भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के साथ गंगा आरती देखने को मिलेगी। कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल, काली घाट और दक्षिणेश्वर काली मंदिर, पुरी के जगन्नाथ मंदिर और झारखंडा स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में यात्रियों को ले जाया जाएगा। यह गाड़ी 18 मार्च को सफदरजंग वापस लौटेगी। भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट गाड़ी में एसी की तीनों श्रेणियों के कोच होंगे।

# भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं से अधिक नहीं होगी: ओवैसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में मुस्लिम आबादी कभी भी हिंदू आबादी से अधिक नहीं होगी। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने तेलंगाना में नगर निगम चुनाव से पहले शुक्रवार रात निजामाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया भाषण को सुन रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है जबकि भारत की आबादी युवा है।



एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने सवाल किया, 'अगर प्रधानमंत्री से पूछा जाए कि देश की 60 प्रतिशत आबादी 40 साल से कम उम्र की है तो उन्होंने (मोदी ने) उनके रोजगार के लिए क्या उपाय किए हैं और उन्हें कौन से कौशल सिखाए हैं?' उन्होंने कहा, 'बीस साल बाद, यह युवा आबादी बूढ़ी हो जाएगी। महंगाई कितनी बढ़ेगी और उन्हें कितना खर्च करना पड़ेगा, इस बारे में हम सोचते ही नहीं। इसके बजाय, वे कहते हैं कि मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है... मुस्लिम आबादी स्थिर हो जाएगी। भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं की आबादी से अधिक नहीं होगी।' ओवैसी ने कहा, 'अब उन्हें समझ आ रहा है कि 25-30 साल बाद, देश की आबादी बूढ़ी हो जाएगी।'' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत कहते हैं कि कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। हालांकि वह खुद ऐसा नहीं करते, यह अलग बात है।' उन्होंने कहा, 'पहले कहा जाता था कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक विधेयक लाया जाएगा और वे मुसलमानों की आलोचना करते थे। अब उन्हें एहसास हो गया है कि जब देश की आबादी बूढ़ी होगी तो इसका देश पर क्या असर पड़ेगा। ओवैसी ने टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार किये जाने पर कहा कि भारत मेजबानी कर रहा है और 'बेकार' पाकिस्तानी टीम कह रही है कि वह भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। उन्होंने कहा, 'आपको उन्हें (पाकिस्तान को) बताना चाहिए था कि आप यहां क्यों आए और अगर आप नहीं खेलेंगे तो यहां से चले जाएं। लेकिन आप चुपचाप बैठे सुन रहे हैं।' ओवैसी ने मोदी सरकार पर चीन के (सीमा) मुद्दे पर चुप्पी साधने का भी आरोप लगाया।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एनएच-44 पर लेजर स्पीड गन का किया ट्रायल, 151 चालान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लिबासपुर बस स्टैंड इलाके में एनएच-44 कॉरिडोर पर हैंडहेल्ड लेजर स्पीड गन का ट्रायल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ट्रायल के तहत शहर भर में हाई-रिस्क और हाई-स्पीड कॉरिडोर पर नियमों के अनुपालन को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को 5 हैंडहेल्ड लेजर स्पीड कैमरों का टेस्ट किया गया। इस दौरान ओवरस्पीडिंग के लिए 151 चालान काटे गए। ये आधुनिक डिवाइस संवेदनशील क्षेत्रों में नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ये नए डिवाइस तय स्पीड लिमिट से तेज चलने वाली गाड़ियों का सही पता लगाने में मदद करेंगे। संवेदनशील जगहों, खासकर इंडस्ट्रियल और अधिक ट्रैफिक वाले जोन में नियमों के अनुपालन को मजबूत करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, एनएच-44 जैसे दुर्घटना संभावित हिस्सों पर मौतों को कम करने के लिए जागरूकता पहलों और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के साथ-साथ स्पी कंट्रोल पर ध्यान देना जरूरी है। चूंकि इ



जोन में ओवरस्पीडिंग और लेन पालन न करने से दुर्घटनाएं देखी जाती हैं। ऐसे में इ गन का इस्तेमाल ओवरस्पीडिंग पर लगा लगाने के लिए किया जा सकता है लिबासपुर बस स्टैंड इलाका एक इंडस्ट्रियल जोन में है। इस जोन में ट्रकों औ कॉमर्शियल गाड़ियों की भारी आवाजाही होत है। इस जोन में काफी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं वि 2018 और 2023 के बीच लिबासपु इलाके में 68 सड़क दुर्घटनाएं हुईं।

# कराची में आग का कहर: 79 मौतों के बाद नहीं थमा खतरा, साजिश के एंगल से जांच तेज

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में पिछले महीने गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग के बाद देश के इस सबसे बड़े शहर में आग लगने की घटनाएं प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई हैं और इन घटनाओं में किसी साजिश या जानबूझकर किए गए कृत्य की आशंका की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों से कम से कम पांच जगह आग लगने की घटनाएं सामने आईं। वहीं, धाबेजी स्थित मुख्य जल पंपिंग स्टेशन की एक पाइपलाइन विस्फोट में क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लाखों निवासियों की जलापूर्ति बाधित हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जुबैर नजीर शेख ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां और अग्निशमन विभाग के अधिकारी



स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं तथा आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं, जिसमें किसी साजिश की आशंका भी शामिल है। आग की घटनाओं को लेकर चिंता 17 जनवरी को सदर वाणिज्यिक क्षेत्र में स्थित गुल प्लाजा शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग के बाद उत्पन्न हुई है। इस हादसे में पूरी इमारत जलकर खाक हो गई थी और कम से कम 79 लोगों की जान चली गई थी। आग पर काबू पाने में दो दिन लगे थे, जबकि एक सप्ताह तक चले बचाव अभियान में मलबे से दर्जनों शव बरामद किए गए थे। शुक्रवार को लांधी निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र में एक प्लास्टिक फैक्टरी में आग लग गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी हुमायूं खान ने बताया कि आग बुझाने के लिए 12 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। आग तेजी से फैलकर पास के गोदामों और कारखानों तक पहुंच गई। उन्होंने कहा, गुल प्लाजा हादसे के बाद लोग अधिक सतर्क हो गए हैं और व्यावसायिक इमारतों तथा कारखानों में अग्नि सुरक्षा कवायदों के प्रति जागरूकता बढ़ी है, इसलिए किसी की जान नहीं गई। अधिकारियों के अनुसार, गुल प्लाजा त्रासदी के बाद कराची में लगभग रोजाना आग लगने की खबरें आ रही हैं, जिससे निवासियों की चिंता बढ़ गई है।

## टेक्सास में इस्लामीकरण पर सियासी घमासान


**न्यूयार्क एजेंसी।** अमेरिका के एक सांसद ने टेक्सास राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे इस्लामीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वहां के स्थानीय मॉल में जाकर ऐसा लगता है जैसे आप डलास में नहीं पाकिस्तान में हैं। सांसद ब्रैंडन गिल ने शुक्रवार को रियल अमेरिकाज वॉयस के साथ साक्षात्कार के दौरान कहा, मुझे अपने मतदाताओं से लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं जो डलास क्षेत्र के इस्लामीकरण को लेकर बेहद चिंतित हैं। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उन मस्जिदों के बारे में सुनने को मिल रहा है जो उस जमीन के पास बन रही हैं जिस पर उनका या उनके परिवार का पीढ़ियों से मालिकाना हक रहा है। उन्होंने कहा, हमारा पूरा समुदाय बदल रहा है। आप अपने क्षेत्र के लोगों को अपने स्थानीय मॉल में जाने की बात करते हुए सुनते और जब आप चारों ओर देख हैं, तो ऐसा लगता है कि आ



डलास, टेक्सास में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हैं। यह एक समस्य है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट कहा, बड़े पैमाने पर हो रह इस्लामी प्रवास उस अमेरिका क खत्म कर रहा है जिसे हम जान हैं और प्यार करते हैं। गिल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा टेक्सास के 26वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व कर हैं। गिल 2024 में कांग्रेस के लि चुने गए थे और वह प्रतिनिधि सभा की न्यायपालिका, बज और निगरानी समितियों में कार्यर हैं।

# अमेरिका की धमकी, रूस से तेल खरीदा तो फिर लगा देंगे टैरिफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रेड डील पर भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से




जारी अध्यादेश के बाद एक बात पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है कि रूस से भारत तेल खरीदना जारी रखेगा या नहीं। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर से जारी अध्यादेश में रूस से पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने को लेकर भारत पर लगाये गये 25 फीसद टैरिफ को हटाने का प्रावधान है। इसके साथ ही इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि अगर भारत फिर से रूस से सीधे या परोक्ष तौर पर पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद करता है तो राष्ट्रपति के पास दोबारा टैरिफ लगाने का अधिकार होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के अध्यादेश में कहा गया है कि, व्यापार सचिव, विदेश सचिव, खजाना सचिव व व्यापार सचिव द्वारा उचित समझे गए किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ विमर्श से यह निगरानी करेंगे कि क्या भारत ने रूस के तेल का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आयात फिर से शुरू कर दिया है, जैसा कि कार्यकारी आदेश 14329 की धारा 7 में परिभाषित है। अध्यादेश में आगे कहा गया, यदि व्यापार सचिव को यह पता चलता है कि भारत ने रूसी संघ के तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आयात फिर से शुरू कर दिया है, तो विदेश सचिव, खजाना सचिव, व्यापार सचिव, गृह सुरक्षा सचिव, संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि, राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक, राष्ट्रपति के आर्थिक नीति सहायक व राष्ट्रपति के वरिष्ठ व्यापार एवं विनिर्माण परिषद के साथ परामर्श करके, राष्ट्रपति को सिफारिश करेंगे कि भारत के संबंध में अतिरिक्त कार्रवाई की जाए या नहीं, कार्रवाई करनी है तो किस हद तक। इसमें यह शामिल है कि क्या भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त शुल्क दर को फिर से लागू किया जाना चाहिए। इस अध्यादेश के आने के बाद वाणिज्य मंत्री गोयल से पूछा गया कि क्या भारत इस बात के लिए सहमत हो गया है कि रूसी तेल आयात नहीं करेगा, तो उनका संक्षिप्त जवाब था कि, विदेश मंत्रालय इसकी जानकारी आपको दे पाएंगे। विदेश मंत्रालय ने दो दिन पुराने अपने बयान को जारी किया जिसमें कहा गया है कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा जरूरत को पूरा करना प्राथमिकता है। दो दिन पहले प्रेस वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, भारत की ऊर्जा स्त्रोतों के संबंध में, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

● चार गिरफ्तार, मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

## आईएसआईएस ने इस्लामाबाद शिया मस्जिद में धमाके की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में एक्टिव आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली है। इस मामले में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में इस हमले का मास्टरमाइंड भी शामिल है। खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा- पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे। हमलावर की पहचान पेशावर



निवासी 32 वर्षीय यासिर के रूप में हुई, जिसने मस्जिद के गेट पर सुरक्षा गार्ड पर गोली चलाई और फिर अंदर नमाज पढ़ रहे लोगों के बीच खुद को उड़ा लिया। मौतें और 169 घायल होने की खबर आई, लेकिन बाद में कुछ गंभीर घायलों की मौत के कारण मृतकों की संख्या बढ़कर 36 हो गई। यह हमला 2008 के मैरियट होटल बम विस्फोट के बाद इस्लामाबाद में सबसे घातक हमला माना जा रहा है, जिसने राजधानी में सुरक्ष की चिंताओं को और बढ़ा दिया आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के क्षेत्रीय सहयोग 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान (जिसे आईएसकेपी या आईएस खोरासान प्रांत भी कहा जाता है ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है संगठन ने अपनी अमाक न्यूज एजेंसी और टेलीग्राम चैनल प बयान जारी कर दावा किया वि हमलावर ने सुरक्षा गार्ड को गोल मारकर मस्जिद में प्रवेश किय और नमाजियों के निकट खुद क उड़ा लिया।

# दिल्ली सरकार ने बढ़ाए निगमायुक्त के वित्तीय अधिकार, होंगे 5 प्रमुख फायदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में दिल्ली नगर निगम के विकास कार्यों को गति देने के लिए दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त के वित्तीय अधिकारों में वृद्धि की है। निगम आयुक्त अपने स्तर पर ही 50 करोड़ रुपये तक की योजनाओं और कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर सकेंगे।

सरकार के अनुसार, इससे न केवल निर्णय-प्रक्रिया तेज होगी बल्कि बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर जनता को शीघ्र लाभ मिलना सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली के विकास के लिए स्थानीय निकायों को सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। यह निर्णय जनहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया दूरदर्शी प्रशासनिक कदम है। इसका सीधा लाभ राजधानी की जनता को मिलेगा। इस कदम के बाद सड़कों, नालों, सफाई व्यवस्था, सामुदायिक सुविधाओं और अन्य बुनियादी नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्य पहले की तुलना में अधिक तेजी से पूरे होंगे। लंबे समय तक लंबित रहने वाली परियोजनाओं में तेजी आएगी, जिससे नागरिकों को दैनिक जीवन में आने वाली असुविधाओं से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन से संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा।

सूत्रों ने बताया कि निगम में कई परियोजनाएं केवल इसलिए लटकी हुई थीं क्योंकि 5 करोड़ से अधिक बजट होने के चलते उन्हें बहुस्तरीय अनुमति की आवस्यकता थी। लेकिन दिल्ली सरकार के इस निर्णय से इन परियोजनाओं में तेजी आएगी। पूर्ववर्ती उत्तरी और पूर्वी नगर निगम के प्रेस एवं सूचना विभाग के पूर्व निदेशक योगेंद्र सिंह मान ने बताया कि यह दिल्ली नगर निगम के इतिहास में पहली बार है, जब निगम आयुक्त को 50 करोड़ रुपये तक फंड से जुड़े प्रोजेक्ट को स्वीकृत करने की अनुमति मिली है। इससे निगम से जुड़े कार्यों में तेजी आएगी।




### पांच प्रमुख फायदे

पांच करोड़ रुपये से अधिक और 50 करोड़ रुपये के फंड तक के प्रोजेक्ट को अब निगम आयुक्त खुद स्वीकृत कर सकेंगे। इससे छोटे प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने और पूरा करने में तेजी आएगी। निगम अफसर 50 करोड़ रुपये तक के प्रोजेक्ट से जुड़ी डीपीआर के प्रस्ताव तैयार कर सीधे निगम आयुक्त से स्वीकृत करा सकेंगे। कई परियोजनाओं जैसे कुछ वार्डों, मध्य जोन और अन्य जोन में अपशिष्ट प्रबंधन, व्यवस्था के नवीनीकरण जैसे कार्य में तेजी आएगी। अभी पांच करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट को स्वीकृत करने के लिए स्थायी समिति, सदन से स्वीकृत जरूरी थी, इसमें लगने वाला समय बचेगा।

## दिल्ली में बंद कमरे में मोमो बनाते हुए सो गए दो युवक, सुबह मिली दोनों की लाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में शनिवार सुबह एक बंद कमरे में दो लोग मृत पाए गए। दोनों मृतक मोमो बेचने का काम करते थे और पुलिस को शक है कि मोमोज बनाते समय बंद कमरे में बनी जहरीली गैस की चपेट में आने से उनकी मौत हुई होगी। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह जहांगीर पुरी पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि एक कमरे में कुछ लोग बेहोश पड़े हैं। पहुंची और दो लोगों को बिस्तर पर बेहोश पाया। बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान मुसाफिक आलम (18) और रुखसाद आलम (30) के रूप में हुई है, दोनों जहांगीर पुरी के रहने वाले थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों एक कमरे में गैस वाले मोमो हीटर या सिगड़ी का इस्तेमाल करके मोमोज बना रहे थे।

# निकाय चुनाव के सभी मतदान केंद्रों पर रहेगी सुरक्षा की व्यवस्था

## आमजन भी कर सकते हैं प्रेक्षकों से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने तथा मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। 23 फरवरी को चुनाव के दिन धनबाद नगर निगम के 468 भवनों में 974 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के 32 भवनों में 42 मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी तथा पीडब्ल्यूडी वॉटर के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। चुनाव में सभी सुविधाओं के साथ हर बूथ मॉडल बूथ होगा।




उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, सीसीटीवी कैमरे, चेक पोस्ट के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी के कार्यालय में कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल तथा एक्सपेंडिचर सेल कार्यरत है। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर आमजन कंप्लेंट मॉनिटरिंग सेल के साथ-साथ प्रेक्षकों से शिकायत कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 158 सामान्य, 648 संवेदनशील एवं 168 अति संवेदनशील मतदान केंद्र है। जबकि चिरकुंडा नगर परिषद में 40 सामान्य एवं दो संवेदनशील मतदान केंद्र है। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में एक्स्ट्रा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मतदान के दिन 23 फरवरी 2026 को, बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कंपलेक्स से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। वहीं मतदान संपन्न होने के बाद धनबाद पॉलिटेक्निक में मतदान सामग्री रिसीव की जाएगी। 27 फरवरी को पॉलिटेक्निक में ही मतों की गिनती की जाएगी। मतदान को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 6000 से अधिक मानवबल तथा 180 बस सहित 500 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग भी एक्टिव कर लिया गया है। पिछले चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत कम रहा वैसे क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी 13 कोषांग अपने-अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी रहेंगे। अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान क्विक रिस्पांस टीम भ्रमणशील रहेगी। इसके अलावा एक रशिंग पार्टी रहेगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे कार्यरत है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप इत्यादि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हर सामग्री पर नजर रहेगी। उन्होंने मीडिया से फेक न्यूज, भ्रामक न्यूज, पक्षपातपूर्ण न्यूज, आपसी सौहार्द और विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाली न्यूज सामग्री से परहेज करने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 1016 लाइसेंसी शस्त्र है। इसमें से 189 ने अपने शस्त्र जमा कर दिए हैं। जबकि लाइसेंसी धारी शस्त्र धारकों को 15 फरवरी तक अपने शस्त्र नजदीकी थाना में जमा कराना अनिवार्य है। उसके एक्सेप्शन के लिए प्रशासन को आवेदन देना है। वैसे शस्त्रधारी जो अपने शस्त्र जमा भी नहीं करते और आवेदन भी नहीं देते, उनका लाइसेंस कैंसिल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चुनाव के दौरान नगद राशि लेकर चलने पर उन्होंने कहा कि 1.99 लाख से अत्यधिक नगद राशि मिलने पर संबंधित व्यक्ति को उसके स्रोत व किस कार्य में उपयोग होगा, की वास्तविक जानकारी देनी होगी। वहीं 10 लाख से अधिक नगद राशि मिलने पर आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। चुनाव के नगद राशि के लेन-देन पर निगरानी रखने के लिए जिले के सभी बैंक को ऐसे अकाउंट पर विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिया गया है। पत्रकार वार्ता में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाबरी के अलावा सभी निर्वाची पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए महिला हिंसा और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला एवं किशोरी हिंसा के उन्मूलन तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से रविवार को कसमार प्रखंड के चार पंचायतों में 'सहयोगिनी' संस्था द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह, मानव तस्करी, महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा और दहेज प्रथा जैसी गंभीर समस्याओं पर प्रहार किया और ग्रामीणों को जागरूक किया। खैरचातर, बागदा, टांगटोना, दुर्गापुर के विभिन्न क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है उन्होंने बताया कि "हम इन पंचायतों के 19 गांवों में महिलाओं और किशोरियों के समूह बनाकर उन्हें संगठित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य न केवल उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा को समाप्त करना है, बल्कि उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर स्वावलंबी बनाना भी है।" जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न हितधारकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मौके पर सहयोगिनी के कार्यक्रम समन्वयक प्रकाश कुमार महतो समेत विनीता देवी, पुष्पा देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, पायल कुमारी, अशोक कुमार महतो, मंटू करमाली, धीरेंद्र महतो और कुमार गौरव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुजीत कुमार पंडित व शहनाज फरहीन यूजीसी की एनइटी/जेआरएफ परीक्षा शानदार अंक से उत्तीर्ण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो के विद्यार्थी सुजीत कुमार पंडित व शहनाज फरहीन ने यूजीसी की एनईटी/जेआरएफ परीक्षा शानदार अंक से उत्तीर्ण की है। ये दोनों एमबीए सत्र 2023-25 के विद्यार्थी हैं। इसके साथ ही इन्होंने पीएचडी कोर्स में दाखिले की योग्यता प्राप्त कर ली है। कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार, संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने दोनों को बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





### जन्म दिन नहीं मनाए जाने के कारण गुस्से में घर से भागी युवती को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र से 6 जनवरी से लापता 18 वर्षीय रानी भट्टाचार्य को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में गणेश चंद्र भट्टाचार्य ने सेक्टर 12 थाने में अपनी बेटी के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रानी भट्टाचार्य को सकुशल बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने दी है। आलोक रंजन ने बताया कि 6 जनवरी को 18 वर्ष की रानी का जन्मदिन था। उसे उम्मीद थी कि उसके माता-पिता अच्छे तरीके से जन्मदिन मनाएंगे। लेकिन जन्मदिन ठीक से नहीं मानने के कारण वह नाराज हुई और घर से बैग लेकर 7 जनवरी को निकल गई। निकालने के बाद वह इधर-उधर भटकते हुए अपने टीचर के पास भी गई। टीचर ने भी इसकी सूचना घर वालों को दी। उसके बाद पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर लिया है। डीएसपी ने कहा कि यह बिल्कुल बचपना जैसी हरकत बच्ची ने की थी। आगे उसे समझाने का भी काम किया गया है।

### युवक का शव फंदा के सहारे पेड़ से लटका मिला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्रा गांव के रहने वाले युवक का फंदा लगाकर पेड़ से लटका मिला शव बरामद हुआ है। मृत युवक की पहचान 26 वर्षीय चमटू केवट के रूप में हुई है, जो कुर्रा. के ही रहने वाले हैं। परिजनों के अनुसार मृतक चमटू केवट बीती रात घर से निकला था। रात भर वह घर नहीं आया। परिजनों



ने काफी खोजबीन की। मगर उसका पता नहीं चल पाया। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने देखा युवक पेड़ पर फंदे के सहारे लटका हुआ। जिसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर आकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की बोकारो में बैठक

## चास नगर निगम के कांग्रेस समर्थित महापौर पद के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को रणनीति पर मंथन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बोकारो पहुंचे, जहां उन्होंने पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की अहम बैठक में हिस्सा लिया।





यह बैठक स्थानीय पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें चुनावी तैयारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, प्रदेश अल्पसंख्यक कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित कमेटी के अन्य वरिष्ठ सदस्य और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जमील अख्तर को चास नगर निगम क्षेत्र में मजबूत स्थिति में लाना और उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना था। नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने पर विचार-विमर्श किया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जमील अख्तर एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जिन्हें पार्टी ने पूरी सोच-समझ के बाद अपना समर्थित उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर चुनाव में जुटें और जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से रखें। उन्होंने यह भी कहा कि चास नगर निगम क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति पहले से मजबूत रही है और सही रणनीति के साथ पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बोकारो विधायक श्वेता सिंह और बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल सिंह को जमील अख्तर की जीत सुनिश्चित करने की विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही, कमेटी सदस्य कुमार गौरव को चुनावी गतिविधियों की मॉनिटरिंग और समन्वय का दायित्व सौंपा गया है, ताकि अभियान सुचारू रूप से चल सके और पार्टी अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।

# झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट कसमार प्रखंड कमिटी का हुआ गठन

## शेखर शरदेंदू प्रखंड अध्यक्ष एवं रमेश चंचल सचिव चुने गये

**पेटरवार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (जेयूजे) से जुड़े बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के पत्रकारों की एक बैठक बहादुरपुर मानिक होटल में हुई। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में जेयूजे बेरमो, बोकारो के संरक्षक साबिर अंसारी, बोकारो जिला अध्यक्ष कृष्णा चौधरी और कोषाध्यक्ष पंकज सिन्हा मौजूद रहे। बैठक में कसमार प्रखंड कमेटि गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शेखर शरदेंदू को अध्यक्ष एवं रमेश चंचल सचिव के रूप में चुने गये। इसके अलावे मौके पर ही कसमार प्रखंड कमिटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें हेमंत कुमार महतो को उपाध्यक्ष, विकास कुमार गोस्वामी को कोषाध्यक्ष तथा अशोक कुमार महतो को सह सचिव चुना गया। इसके अलावे सदस्य के रूप में कमलेश जायसवाल, राजेश्वर महतो, लालेंदू शेखर मुखर्जी, सुभाष महतो, अनिल महतो एवं जय प्रकाश प्रसाद महतो चुने गये। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने कहा कि जेयूजे विश्व स्तर के



जर्नलिस्ट संगठन से संबद्ध पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन है। जिसमें झारखंड सहित बोकारो जिले के प्रखंडों में कमिटी गठित कर मजबूत किया जा रहा है। कसमार प्रखंड के बाद बोकारो जिले के अन्य सभी प्रखंडों में सदस्य बनाकर कमेटी गठित की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हक अधिकार से लेकर उनके सुख दुख में यह संगठन हमेशा भागीदार बनकर एक छत्रछाया की तरह सुरक्षा कवच का काम करेगा। इसके लिए सभी पत्रकारों को एकजुट होकर संगठन की मजबूती की दिशा में कार्य करना है। इस दौरान आगामी 14 मार्च को जेयूजे के बोकारो जिला सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गयी। मौके पर पत्रकार राहुल कुमार बसु, अविनाश कुमार के अलावा अन्य कई पत्रकार मौजूद थे।

# रिकवरी एजेंट की हत्या, पुलिस ने किया शव बरामद, एक गिरफ्तार



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में लोन रिकवरी एजेंट अमित कुमार अग्रवाल की हत्या का मामला सामने आने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। रविवार को सदर थाना क्षेत्र स्थित सूर्य हाइलैंड सोसाइटी में विकास खंडेलवाल के फ्लैट से अमित अग्रवाल का शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, घटनास्थल की जांच की और शव को अपने कब्जे में लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इससे पहले अमित के परिजनों ने शनिवार को सदर थाना में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार ने पुलिस को यह भी बताया था कि अमित के मोबाइल पर 15 लाख रुपये की फिरौती की मांग की जा रही थी और धमकी भरे कॉल आ रहे थे। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने जानकारी दी कि लोकेशन ट्रेस करने के बाद पुलिस ने विकास खंडेलवाल को हिरासत में लिया और सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसकी निशानदेही पर अमित का शव बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विकास खंडेलवाल पर करीब एक करोड़ रुपये का लोन था और इसको लेकर अमित अग्रवाल के साथ उसका विवाद चल रहा था। प्रारंभिक जांच में यही विवाद हत्या की मुख्य वजह बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में कोई और शामिल था या नहीं। शनिवार देर शाम अमित का अपहरण किया गया था और अगले ही दिन उनका शव मिलने से स्थानीय लोग सकते में हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने पुलिस से त्वरित न्याय की मांग की है।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय अंडर 15 कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कुश्ती संघ के द्वारा सेक्टर-4 स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल के मैदान में एक दिवसीय अंडर-15 जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 50 महिला एवं पुरुष पहलवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 11 फरवरी को रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, रॉयल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश सर, बोकारो जिला सांसद खेल प्रतिनिधि एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एंजेला सिंह, महंत रामकृष्ण तिवारी, राष्ट्रीय प्रशिक्षक मृत्युंजय नाथ चौधरी, विकास कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी चिंटू कुमार, सुजीत कुमार, सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



# 10439 अभ्यर्थियों ने दी सीटेट की परीक्षा, दूसरे दिन 736 रहे अनुपस्थित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से विद्यालयों में शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन को लेकर आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट)- फरवरी 2026 बोकारो में रविवार को पूर्णतया शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 7 एवं 8 फरवरी को आयोजित दो दिनों की इस परीक्षा में कुल पंजीकृत 11522 में से 10439 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1083 अनुपस्थित रहे। रविवार को दूसरे दिन दोनों ही पालियों को मिलाकर कुल पंजीकृत 7803 में 7067 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 736 अनुपस्थित रहे। इसके पूर्व, शनिवार को परीक्षा के पहले दिन शिफ्ट- 1 के एग्जाम में कुल निबंधित 3719 में 3372 परीक्षार्थी शामिल थे और 347 अनुपस्थित रहे। सीटेट के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के अनुसार, रविवार को प्रथम पाली में कुल आवंटित 5040 में 4594 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 446 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली के लिए कुल पंजीकृत 2763 अभ्यर्थियों में से 2473 उपस्थित तथा 290 अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर केन्द्रवार जानकारी साझा करते हुए डॉ. गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 स्थित परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली में 432, द्वितीय में 425, चिन्मय विद्यालय सेक्टर 5 में प्रथम पाली में 492, द्वितीय में 486, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 4 में प्रथम पाली में 483 एवं द्वितीय में 480, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 स्थित सेंटर पर पहली पाली में 494 और दूसरी में 476, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 में पहली पाली में 489 व द्वितीय पाली में 491, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में पहली पाली में 446 तथा दूसरी पाली में 115 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसके अलावा, रविवार को पहली पाली में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में 440, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल चास में 438, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी में 433 तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 में 447 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल रहे। इन परीक्षा केंद्रों पर सेकेंड शिफ्ट की परीक्षा नहीं हुई। दोनों दिन की परीक्षाओं के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने इसके लिए जिला प्रशासन के भरपूर सहयोग के साथ- साथ सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा वीक्षकों सहित समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सभी के परस्पर समन्वयन एवं सहयोग से ही परीक्षा पुनः पूरी सफलता के साथ संपन्न हुई। विदित हो कि सीटीईटी सीबीएसई की ओर से ली जानेवाली एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिसमें सभी अभ्यर्थी विद्यालयों में शिक्षक के पद पर बहाली हेतु सुयोग्य माने जाते हैं। सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) में दो पेपर की परीक्षा आयोजित की जाती है। पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से 5वीं तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं। वहीं, दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से 8वीं तक पढ़ाने के लिए अपना आवेदन करते हैं।



# बसंत 2026 के समापन समारोह में 25 विभूतियों को सम्मान



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी (आईएसएम) में बसंत 2026 का समापन पेनमैन ऑडिटोरियम में समारोह के रूप में हुआ, जहां 25 विशिष्ट पूर्व छात्र और पूर्व शिक्षकों को बसंत सम्मान झ 2026, डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड झ 2025 तथा विशेष शताब्दी सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो. प्रेम व्रत ने ऑनलाइन संबोधित किया। मंच पर निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, उपनिदेशक प्रो. धीरज कुमार, श्री पी. एम. प्रसाद, पद्मश्री प्रो. हर्ष कुमार गुप्ता, पूर्व निदेशक प्रो. एस. पी. बनर्जी, प्रो. आर. एम. भट्टाचार्जी तथा प्रो. राजीव उपाध्याय उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि शताब्दी वर्ष में ऐसे सम्मान संस्थान की गौरवशाली विरासत और वैश्विक पहचान को और मजबूत करते हैं। डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवॉर्ड के तहत यंग एलुमनस अचीवर अवॉर्ड शुभांकर प्रत्युष पाठक को दिया गया, जबकि एंटरप्रेन्योरशिप अवॉर्ड बॉबी मोहंती को मिला। नागेंद्र कुमार मेमोरियल अवॉर्ड डॉ. अजय कुमार मोइत्रा, ओम प्रकाश सिन्हा और श्रीनिवासन पद्मनाभन को प्रदान किया गया। रिसर्च एंड एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड डॉ. इंद्रनील बर्धन, डॉ. ओ. पी. मिश्रा और डॉ. जितेंद्र किकानी को मिला। भास्कर भट्टाचार्य मेमोरियल अवॉर्ड संजीव कुमार सिंह को दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com